हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news
रांची, सोमवार, 23 सितंबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 131 www.koylanchalsamvad.com
रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित



## गैस सिलेंडर लीकेज से लगी आग, 5 लोग झुलसे

मधुबनी. मधुबनी के मधेपुर थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात गैस सिलेंडर लीकेज हुआ। इससे घर के अंदर अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से पांच लोग झुलस गए। घायलों को डीएमसीएच रेफर किया गया है। आग में झुलसे लोगों की पहचान शिवांश कुमार, अविनाश कुमार, कंचन देवी, नेहा कुमारी, साक्षी कुमारी, मधेपुर पासी टोला वार्ड नंबर-11 निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घर का गैस सिलेंडर खत्म हो गया था, दूसरे सिलेंडर को लगाने के बाद गैस लीकेज होने लगी। अचानक घर के पर्दे में आग लग गई। तब मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घर के सभी लोग इधर-उधर भागने लगे। लेकिन, गैस चूल्हे पर खाना बना रही महिला जब-तक कुछ समझ पाती, तब-तक आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में आने से पांच लोग झुलस गए। आसपास के लोग मौक पर पहुंचे। झुलसे सभी को उठाकर इलाज के लिए पीएचसी सह रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बात सभी की नाजुक हालत को देखते हुए डीएमसीएच के लिए रेफर कर दिया है। घटना को लेकर ससुर जमाहर महतो ने बताया कि घर में छोटी बहू गैस के पास बैठी हुई थी। गैस खत्म हो गया। बड़ी बहू ने अभिनाश को बुलाया और फिर गैस सिलेंडर बदलने के दौरान ही घर के पर्दे में आग लग गई। आग से छोटी बहू का छोटा बच्चा मां का कंधा पकड़ कर खड़ा था। वो घायल हुआ। अभिनाश, उसकी पत्नी, एक बच्ची आग की चपेट में आने से झुलस गई।

## बिहार के सिख समुदाय ने उठाई अधिकारों की आवाज

नालंदा. बिहार के सिख समुदाय ने बिहाराशरीफ के ऐतिहासिक मोगल कुआं गुरुद्वारा में रविवार को अपने अधिकारों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की मांग को लेकर एक रणनीतिक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में नालंदा और पटना जिले के प्रमुख सिख नेताओं ने हिस्सा लिया। बिहार सिख फेडरेशन के संस्थापक त्रिलोकी सिंह ने इस अवसर पर कहा कि हमारा समुदाय बिहार में सदियों से रह रहा है, लेकिन हमें न तो विधानसभा में, न लोकसभा में और न ही स्थानीय स्तर के चुनावों में उचित प्रतिनिधित्व मिला है। यह हमारी आवाज को सरकार तक पहुंचाने में एक बड़ी बाधा है। उन्होंने आगे बताया कि फेडरेशन अब प्रत्येक जिले में स्थानीय स्तर पर संगठन बनाकर लोगों को एकजुट करने की योजना बना रही है। हमारा मानना है कि इससे हमारी ताकत बढ़ेगी और हम अपने अधिकारों को प्राप्त करने में सफल होंगे। यह पहल गुरु नानक देव जी की पावन धरती नालंदा से शुरू की गई है, जो बिहार के सिख समुदाय के लिए विशेष महत्व रखती है। फेडरेशन की योजना है कि नालंदा में संगठन का विस्तार करने के बाद अन्य जिलों में भी इसी तरह की बैठकें आयोजित की जाएंगी। बैठक में उपस्थित अन्य प्रमुख नेताओं में राकेश बिहारी शर्मा, रंजीत सिंह, शेर सिंह और दिलीप सिंह शामिल थे। इन नेताओं ने एकमत से इस बात पर जोर दिया कि सिख समुदाय की आवाज को मजबूती से उठाने का समय आ गया है।

## ट्रेन से मोबाइल छीन कर भाग रहे युवक की पिटाई

सुपौल. सुपौल के बाइपास रोड में चलती ट्रेन से एक युवक मोबाइल छीन कर भाग रहा था। इसे लोगों ने खदेड़ कर पकड़ लिया और इसकी पिटाई कर दी। आरोपी को लोगों ने सदर थाने की पुलिस को सौंप दिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने आरोपी को सदर अस्पताल में इलाज करवाने के बाद एफआईआर दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम सहरसा-सुपौल रेलखंड पर सहरसा जा रही एक युवक मोबाइल छीन कर चलती ट्रेन से उतर गया। पीड़ित ने हल्ला करना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद स्थानियों ने हल्ला की आवाज सुनकर भाग रहे युवक को खदेड़ कर पकड़ लिया। उसकी पिटाई शुरू कर दी। युवक खून से लथपथ नजर आया। कुछ युवकों ने उसकी जान बचाई। फिर स्थानीय लोगों ने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस उस युवक को सबसे पहले सदर अस्पताल सुपौल लेकर पहुंची।प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर थाना ले गई। पुलिस गिरफ्त में आए युवक की पहचान किसनपुर थाना क्षेत्र के कदमपुरा स्टेशन के समीप इस्लामपुर खखई निवासी के रूप में हुई है। सदर थाना अध्यक्ष अरुण कुमार ने कहा कि एक मोबाइल छीन कर जाने वाले युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा दिया। प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## सड़क हादसे में दो दोस्त जख्मी

आरा(भोजपुर). भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के आरा-बक्सर फोर लेन बिहिया चौरस्ता के समीप शनिवार की देर शाम बेलगाम पिकअप ने बाइक सवार दो दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सैलून संचालक समेत 2 जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों ज़ख्मियों को इलाज के लिए बिहिया पीएससी ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को आनन–फानन में आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जख्मियों में बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव निवासी स्व. नाग देवन सिंह के 55 वर्षीय वीर बहादुर सिंह और कल्याणपुर पकड़ी गांव निवासी स्व. बुटाई यादव के 45 वर्षीय पुत्र ब्रजेश यादव हैं। ब्रजेश बिहिया चौरस्ता के पास सैलून चलाते हैं। जख्मी वीर बहादुर ने बताया कि बिहिया से काम करने के बाद अपने दोस्त ब्रजेश यादव के साथ सैलून बंद कर वापस अपने अपने गांव बाइक से जा रहे थे। जैसे ही फोरलेन पर चढ़े वैसे ही सामने से आ रहे बेलगाम पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी । इस हादसे दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद कुछ ग्रामीणों की मदद से बिहिया अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे। चिकित्सक ने बताया कि एक जख्मी के सिर पर काफी गंभीर चोटे आई है और दूसरे के पैर में चोट है। दोनों जख्मियों का प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पटना रेफर कर दिया गया ।

## मुखिया की बहन का ससुराल में मिला शवःमायके वालों ने सास-ननद पर लगाया हत्या का आरोप

पूर्णिया. पूर्णिया में मुखिया की बहन का शव ससुराल में संदिग्ध स्थिति में मिला। शव कमरे में बिस्तर पर पड़ा था। गला कपड़े से लिपटा था, काले गहरे निशान थे। घटना को लेकर परिजनों ने सास और ननद पर पीट-पीटकर हत्या का आरोप लगाया है। घरवालों का कहना है हत्या को आत्महत्या के रूप में बदलने की कोशिश की गई है। वारदात के बाद से सास और ननद घर छोड़कर फरार है। घटना पूर्णिया के बीकोठी थाना क्षेत्र के मलडीहा गांव के वार्ड-8 की है। मृतका की पहचान बनमनखी थाना क्षेत्र के जीवछपुर वार्ड-4 निवासी शोभानंद पासवान की बेटी बेबी कुमारी (21) के रूप में हुई है। जिसकी शादी 6 माह पहले हुई थी। बेबी रामपुर पसराही मिलिक के मुखिया संजय पासवान की बहन है। मृतका के चाचा बिजेंद्र पासवान ने बताया कि बेबी की शादी बी कोठी थाना क्षेत्र के मलडीहा गांव निवासी राजेंद्र पासवान के बेटे कन्हैया पासवान से हुई थी। बेबी की शादी में दहेज में दो लाख कैश, बाइक और सोना चांदी के जेवरात भी दिए थे। शादी के बाद डेढ़ माह तक सब कुछ ठीक चला, लेकिन शादी के 2 महीने बाद पति काम की तलाश में केरल चला गया। पति के परदेस जाने के बाद सास और ननद की प्रताड़ना बढ़ गई। ननद और सास छोटी बड़ी बात पर ताना देती थी। जवाब देने पर उसे पीटा जाता था। वारदात वाले दिन भी ऐसा ही हुआ।

## दुकान पर काम कर रहे मिस्त्री को पुलिस ने पीटाः पीड़ित ने सहरसा SP से लगाई न्याय की गुहार

सहरसा. सहरसा के सौरबाजार थाना पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक दुकान में काम कर रहे मिस्त्री को लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। इस घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसमें दिख रहा है की मिस्त्री चन्द्रभूषण कुमार अपने दुकान पर बैठकर काम कर रहा था। तभी तीन पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचते है और उसकी बेरहमी से पिटाई कर देते है। वहीं जब वो भागने का प्रयास करता है तो उसे एक कर्मी उसे पीछे से पकड़ लेता है और फिर से पिटाई कर देता है। इस दौरान वह पुलिस कर्मियों से पीटने का कारण पूछता है तो वो आक्रोशित हो जाते है। फिर वह उनसे छोड़ने की लगातार गुहार लगाता है पर कर्मी उसकी पिटाई करते रहते है। पूरा मामला शुक्रवार का है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश है।आसपास और मौके पर मौजूद लोगों की माने तो सिपाही और पुलिस वाहन के ड्राइवर की अमानवीय चेहरा देखकर हैरत में पड़ गए।

# वॉर्निंग लेवल से ऊपर गंगा, रेलवे ट्रैक-हाईवे पर भरा पानीःमुंगेर-जमालपुर रूट पर 8 ट्रेनें कैंसिल, 20 डायवर्ट; भवनाथपुर-सबौर में एनएच-80 पर आना-जाना बंद

भागलपुर. बिहार में मानसून दो दिन से एक्टिव नहीं है, लेकिन उसके पहले हुई बारिश और नेपाल में हुई बारिश के कारण गंगा समेत कई नदियां उफान पर है। रेलवे ट्रैक से लेकर हाई-वे तक में पानी भर गया है। इसका असर ट्रेन के परिचालन और गाड़ियों की आवाजाही पर पड़ रहा है। भागलपुर, मुंगेर और खगड़िया में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। सुल्तानगंज स्टेशन से रतनपुर स्टेशन के बीच कई जगहों पर रेल पटरी पर पानी चढ़ गया है। जिस कारण भागलपुर-जमालपुर के बीच 8 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं और 20 को डायवर्ट किया गया है। जबकि 14 को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। वहीं, दूसरी तरफ भागलपुर-कहलगांव एनएच-80 सहित 30 ग्रामीण सड़कों पर पानी चढ़ गया है। मुख्य सड़क से संपर्क टूट गया है। एनएच-80 पर 2 जगहों पर करीब 200 मीटर तक पानी फैला है। जिस कारण इस रोड से गाड़ियों का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। एनएच-80 से जरिए गाड़ियां भागलपुर से झारखंड तक जाती हैं। पर अभी गाड़ियों को दूसरे रूट से जाना पड़



रहा है। NH 80 पर पानी आने के बाद लोग कहलगांव, पीरपैंती से लेकर झारखंड तक जाने वाले लोगों को अब रूट बदलकर जाना पड़ रहा है। गोराडीह के रास्ते सनहौला, घोघा होते हुए लोग कहलगांव और पीरपैंती पहुंच रहे हैं। जिस कारण तकरीबन 15 किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ रही है।

### भागलपुर-जमालपुर रेलखंड में रेलवे ट्रैक में भरा पानी

जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर बाढ़ का पानी रेलवे ट्रैक तक पहुंच चुका है। पिलर नंबर 195 के ग्राडर तक पानी पहुंच जाने के कारण इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया है। पूर्व रेलवे मालदा डिवीजन के डीआरम मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि गंगा में बाढ़ की स्थिति है। ये मुख्य पुल हैं, खास कर बरियारपुर और रतनपुर के बीच में है। कल रात 23.50 बजे पानी का जलस्तर गार्डर को छू गया था। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर भागलपुर से किऊल तक ट्रेनों की आवाजाही रोक दी है। जो बड़ी दूरी की गाड़ी है, उसे डायवर्ट कर रहे हैं। कुछ को कैंसिल किया जो कम दूरी की है। जो ट्रेनें कैंसिलेशन के टाइम में बीच रास्ते में थी, कुछ लोग भागलपुर जाने वाले थे उनलोगों के लिए हमने स्पेशल चलाई है। वहीं सुल्तानगंज कोई भी ट्रेन नहीं जा रही है, जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। रतनपुर स्टेशन पर मौजूद एक रेल यात्री को रतनपुर से देवघर जाना था। उन्होंने बताया कि मैं रात से ही रतनपुर स्टेशन पर हूं, लेकिन रात 10:00 बजे के बाद से कोई भी ट्रेन इस रूट पर नहीं आई है। मुझे देवघर जाना था जिस कारण रात से ही ट्रेन का इंतजार कर रहा हूं। सुबह 6:00 बजे जानकारी दी गई कि भागलपुर से जमालपुर के बीच सभी तरह की ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

### भागलपुर शहरी इलाके में भी पानी घुसा

भागलपुर में गंगा का पानी शहरी इलाके में भी प्रवेश कर चुका है। तिलकामांझी विश्वविद्यालय कैंपस जलमग्न हो गया है। महिला पीजी हॉस्टल में पानी घुसा तो छात्राएं हॉस्टल खाली कर चली गईं। इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस भी जलमग्न हो गया है। दूसरी तरफ नाथनगर में भी बाढ़ का संकट गहराया हुआ है। कई इलाके यहां जलमग्न हो गए हैं। गोसाई दासपुर जाने वाली सड़क पर बाढ़ का पानी है। यहां सड़क पर अब नाव चल रही है। साहेबगंज-नाथनगर रोड भी जलमग्न है।

### डेंजर लेवल से 60 सेंटीमीटर से ऊपर गंगा

भागलपुर में शुक्रवार को डेंजर लेवल से 58 सेंटीमीटर ऊपर से पानी बह रहा था। केंद्रीय जल आयोग ने जलस्तर में बढ़ोतरी की संभावना जताई है। वहीं, मुंगेर में अभी गंगा खतरे के निशान से लगभग 60 सेंटीमीटर से ऊपर बह रही है। जिस कारण भागलपुर-जमालपुर रंलखंड पर रेल सेवा बाधित हुई।

### टीएनबीयू और इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस में पानी

भागलपुर शहर में आदमपुर, मानिक सरकार, नया बाजार के छह से अधिक मोहल्ले में पानी घुसने से लोग घरों में कैद हो गए हैं। टीएनबीयू और इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस में भी पानी घुस गया है। एनएच पर पानी का बहाव होने से आवागमन प्रभावित हो गया है। जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है। एंट्री प्वाइंट से पहले ही अकबरनगर, सबौर और गोराडीह के जमसी से आने वाले वाहनों का संपर्क टूट गया है। 105 से अधिक स्कूलों में पानी घुसने से पठन-पाठन ठप हो चुका है। भागलपुर के मुरारपुर से लेकर महेशी तक 18 से अधिक गांवों का मुख्य मार्ग से संपर्क भंग हो गया है। किशनपुर पंचायत के रत्नूचक, मकंदपुर, खुटहा, गौरीपुर, भवनाथपुर, छीट मकंदपुर का मुख्य मार्ग से संपर्क भंग हो गया है।

सरकारी नाव के इस्तेमाल की अपील भागलपुर जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने प्रभावित क्षेत्र और जिले के लोगों से अपील की है कि गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से भागलपुर के विभिन्न इलाकों में पानी प्रवेश कर गया है। पानी संभवतः कल से स्थिर रहेगा। लोग धैर्य बनाए रखें, आवागमन के लिए निजी नाव के बदले केवल सरकारी नाव का ही प्रयोग करें। विभिन्न प्रभावित स्थलों के समीप कम्युनिटी किचन चलाया जा रहा है। प्रभावित लोग वहां आकर भोजन ग्रहण कर सकते हैं। वहां मानव दवा, पशु दवा, पशु चारा उपलब्ध है। किसी प्रकार की असुविधा होने पर जिला आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष के नंबर 06412402871 या 9471920050 पर संपर्क कर सकते हैं।

# पूर्णिया के जियारुल ने शंकर बनकर की सातवीं शादीः पत्नी बोली-ससुराल गई तो देखा सब बंगाली मुसलमान थे

पूर्णिया. पूर्णिया में लव जिहाद का मामला सामने आया है। जहां मुस्लिम युवक मो. जियारुल (32) ने शंकर यादव बनकर एक हिंदू लड़की को अपने प्रेम के जाल में फंसाया, फिर उससे शादी की। ये जियारुल की सातवीं शादी थी। उसके सच से अनजान लड़की अपने पति के साथ ससुराल चली गई। लड़की का कहना है कि वहां जाने पर पता चला कि सभी बंगाली मुसलमान थे। धीरे-धीरे उसके पति की हरकतें बदलने लगी। अजान की आवाज सुनाई देते ही वो इबादत में हाथ उठाता था। धीरे-धीरे उर्दू शब्दों का इस्तेमाल करने लगा। जब लड़के की सच्चाई सामने आई तो वो लड़की का ब्रेन वॉश कर धर्मांतरण की कोशिश करने लगा। आरोप है कि जियारुल उसे बुर्का पहनने को कहता, कुरान पढ़ने का दबाव भी



बनाता। धर्म नहीं बदलने पर जान से मारने की धमकी तक दी गई। पीड़ित लड़की ने बुधवार को स्थानीय थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। बाद में विश्व हिंदू परिषद ने मामले को सामने लाया। पुलिस ने युवक की हकीकत सामने आने के बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मो. जियारुल डगुरूआ थाना के बरसौनी का रहने वाला है। मामला सदर थाना का है।

### 6 महीने पहले लड़की से हुई थी मुलाकात

सदर थाना की प्रभारी थानाध्यक्ष पूर्णिमा कुमारी ने बताया कि आरोपी मो.जियारूल ने आधार कार्ड में अपना नाम बदलकर शंकर यादव रखा है। 2023 के दिसंबर महीने में लड़के की मुलाकात सदर थाना क्षेत्र इलाके के गुलाबबाग में रहने वाली हिंदू लड़की से हुई। लड़का मजदूरी करता था। इसी दौरान वो काम करने के लिए लड़की के घर पहुंचा। जहां दोनों के बीच बात शुरू हुई। इसी बीच लड़के ने लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। 7 फरवरी को दोनों ने लव मैरिज की। 7 महीने तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस दौरान अगस्त महीने के शुरुआत में लड़की को कुछ ठीक नहीं लगने लगा। लड़की को लड़के के एक्टिविटी पर शक हुआ।

### पहले से कर चुका था 6 शादी

लड़की ने अपने परिजनों को पति की बदलती आदतों की जानकारी दी। फिर लड़की के परिजनों ने लड़के से छिप कर उसके बारे में सारी जानकारी निकलवाई। इस दौरान लड़की और उसके परिजनों को पता चला कि लड़का हिंदू नहीं मुस्लिम है। उसकी 6 शादियां हो चुकी है। वहीं, 2 पत्नियों से तलाक भी हो चुका है। सच्चाई के सामने आने के बाद परिवार के लोगों ने जियारुल की जमकर पिटाई की।

## बुज़ुर्ग की नहर में डूबने से मौतःसुपौल में 5 घंटे बाद मिला शव, पैर फिसलने से हुआ हादसा

सुपौल. सुपौल के राघोपुर थाना इलाके के धरहारा वार्ड नंबर-11 में सोमवार को एक बुजुर्ग की नहर में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे। करीब पांच घंटे तक रेस्क्यू हुआ। शव किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत परसा गांव में मिला है। किसनपुर थाने की पुलिस शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई में जुटी है। मृतक की पहचान राघोपुर थाना क्षेत्र के धरहरा वार्ड नंबर-11 निवासी 60 वर्षीय सदानंद झा के रूप में हुई है। मृतक के परिजन सौरव झा,पूजा कुमारी, पुनीत झा ने बताया कि सदानंद झा सुबह के समीप अपने घर से निकलकर गम्हरिया उपशाखा नहर किनारे मुंह-हाथ धोने गए थे।

तेज बहाव के कारण हुए लापता

नहर के किनारे पांव फिसलने की वजह से वे नहर में गिर गए। बुजुर्ग के गिरते ही आसपास के लोगों ने शोर मचाया और तुरंत उन्हें बचाने की कोशिश की। लेकिन, नहर के पानी के तेज बहाव के कारण वे डूब कर लापता हो गए। वहीं, किसनपुर थाना क्षेत्र के परसा गांव में जब कुछ ग्रामीणों ने नहर में एक शव को देखा, तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस और बुजुर्ग के परिजन वहां पहुंचे, जहां शव की पहचान सदानंद झा के रूप में की गई। घटना के 5 घंटे तक राघोपुर प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम नहर में शव की तलाश में जुटी रही। किसनपुर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों का कहना है कि नहर के किनारे कोई सुरक्षा उपाय नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि नहर किनारे सुरक्षा दीवार या बैरिकेडिंग लगाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## आलताबाड़ी में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित

किशनगंज (बिहार). किशनगंज डीएम विशाल राज ने रविवार को बहादुरगंज प्रखंड क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान डीएम विशाल राज ने जन जागरूकता अभियान चलाते हुए स्वच्छता को लेकर जनप्रतिनिधियों, पुलिस पदाधिकारी, सहित स्थानीय नागरिकों को शपथ दिलाई। इसका उद्देश्य समस्त ग्रामीणों और शहरी क्षेत्रों में सर्व सेवा भाव जुटाते हुए स्वच्छता कार्यक्रम को जन आंदोलन के रूप में संचालित कर स्वच्छ भारत मिशन की संकल्पना को साकार बनाना है। कार्यक्रम में सभी ने इस संकल्प के साथ शपथ लिया कि सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मोहल्ले से, मेरे गांव से और मेरे कार्य स्थल से इसकी शुरुआत करूंगा। मैं यह मानता हूं कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते है उसका कारण वहां के नागरिक है। वे लोग गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा। साल में एक सौ घंटे, सप्ताह में दो घंटे श्रमदान देकर स्वच्छता मिशन के संकल्प को चरितार्थ करूंगा। कार्यक्रम में डीएम विशाल राज, डीडीसी स्पर्श गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्थानीय मुखिया, पंचायत समिति, सरपंच, सभी वार्ड सदस्य सहित सैकड़ों लोग मौजूद है। जिलाधिकारी विशाल राज और उप विकास आयुक्त स्पर्श गुप्ता ने बहादुरगंज प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सरकारी योजनाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही योजनाओं को अधिक प्रभावी और जनोपयोगी बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिया।

## जमीनी विवाद में नाबालिग को पीट-पीटकर मार डालाःपूर्णिया में साढ़े तीन डिसमिल जमीन को लेकर पड़ोसी ने किया हमला

पूर्णिया. पूर्णिया में रविवार को जमीनी विवाद में पड़ोसी ने नाबालिग की लाठी-डंडे और खंती से पीट-पीटकर हत्या कर दी। वहीं, नाबालिग की मां, पिता की हालत गंभीर बनी हुई है। पड़ोसी से हुई मारपीट और जानलेवा हमले में मृतक के चाचा-चाची को भी हल्की चोट आई है। चारों घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज चल रहा है। विवाद का कारण साढ़े तीन डिसमिल जमीन बताया जा रहा है। घटना धमदाहा थाना क्षेत्र के बारदेला गांव की है। वहीं, इस घटना के बाद पड़ोसी गांव छोड़कर फरार हो गए हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने बताया कि पड़ोसियों के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। मृतक नाबालिग की पहचान धमदाहा थाना क्षेत्र के बारदेला गांव के वार्ड 13 निवासी रवि कुमार उर्फ रवि किशन(14) के रूप में हुई है। रवि कक्षा 8वीं का छात्र था। वहीं, पड़ोसियों के जानलेवा हमले में बच्चे को बचाने गए पिता जनार्दन महतो(42) और मां मुलो देवी(38) को भी पड़ोसियों ने बेरहमी से पीटा। इस मारपीट में बच्चे की चाची मीरा देवी(30) और चाचा बब्लू कुमार(31) भी घायल है। मृतक का चाचा बब्लू कुमार महतो ने बताया कि कुछ सालों से जमीन विवाद चल रहा है। इसके कारण पहले भी मारपीट हुई थी। लेकिन, इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दी गई थी। आज सुबह पड़ोसी जय प्रकाश महतो और कुलदीप कुमार, ध्रुवलाल महतो, गंधर्व महतो, अनंत महतो, अमर महतो, कुंदन कुमार समेत 12 लोग के साथ मेरे घर पहुंचे।

## नालंदा में पंचाने नदी में डूबने से बुज़ुर्ग की मौतःपार करने के दौरान हादसा

नालंदा. नालंदा में नदी में डूबने से रविवार को एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मामला नालंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत मलहबीघा गांव स्थित पंचाने नदी का है। मृतक की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के धरहरा गांव निवासी स्वर्गीय रामचंद्र पासवान के बेटे लखपति पासवान(61) के रूप में की गई है।

घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि लखपति पासवान काम खत्म कर शनिवार को घर लौट रहे थे। वह हैंडपंप मरम्मती का काम करते थे। तभी नदी पार करने के दौरान पानी की बहाव में लापता हो गए। रविवार को एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। दरअसल, जब बुजुर्ग नदी पार कर रहे थे, तब नदी किनारे खड़े एक ग्रामीण की नजर पड़ी। इसके बाद उसने गांव के अन्य लोगों को घटना के बारे में जानकारी दी। स्थानीय प्रशासन को भी घटना से अवगत कराया गया। तब तक शाम हो चुकी थी। रविवार को पहुंची एसडीआरएफ और गोताखोरों द्वारा शव को नदी से बाहर निकाला गया। स्थानीय निवासी शशि कुमार ने बताया कि आए दिन उक्त स्थल के पास घटना होते रहती है। लेकिन प्रशासनिक स्तर और जनप्रतिनिधि के स्तर पर कोई पहल नहीं किया जाता है। नदीयौना और मल विगहा गांवों को जोड़कर एक पुल का निर्माण हो जाए तो 10 हजार की आबादी इससे लाभान्वित होगी। वहीं, इस मामले में नालंदा थाना अध्यक्ष निशि कुमार ने बताया कि बुजुर्ग शनिवार की शाम नदी की धार में लापता हो गए थे।

## जमुई में जीविका दीदियों ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहनःजीविका कैडर की हड़ताल 20वें दिन भी जारी, मांग पूरा नहीं होने पर आंदोलन जारी

जमुई. जमुई जिले भर की सैकड़ों संख्या में जीविका दीदी ने अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कचहरी चौक पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला भी दहन किया गया और सीएम नीतीश कुमार मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। यह प्रदर्शन जीविका दीदी का बिहार प्रदेश जीविका कैडर संघ के आह्वान पर अपनी मांगों के समर्थन में जीविका कैडरों का अनिश्चितकालीन हड़ताल रविवार को 20वें भी दिन भी जारी रहा। जिले भर के सभी प्रखंडों से आए सैकड़ों की संख्या में जीविका दीदी ने अपनी मांगों को लेकर कहा कि जब तक मेरी मांग पूरी नहीं होती है यह हड़ताल जारी रहेगा।

**10 सूत्री मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल**



अपनी 10 सूत्री मांगो को लेकर सभी कैडर को जीविका की ओर से नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र देने, मानदेय कंट्रीब्यूशन सिस्टम पर अविलंब रोक लगाने, मानदेय कम से कम 25 हजार और नियमित करने, हटाने की धमकी पर रोक लगाने और धमकी देने वाले पर कानूनी कार्रवाई करने, क्षेत्र भ्रमण में भत्ता कम से कम 3 हजार देने, महिला विकास निगम के अस्तित्व को बरकरार रखते हुए मानदेय वृद्धि करने, सभी अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष को संकुल स्तर पर 500, ग्राम संगठन स्तर पर 300 एवं स्वयं सहायता समूह स्तर पर 200 बैठक भत्ता देने, पांच साल पुराने सभी जीविका कैडर को ऋण माफ करने, परियोजना में तीन साल पूरा करने वाले कैडर के लिए स्टाफ के रूप में पदोन्नति की व्यवस्था करने, सभी कैडर को सामाजिक सुरक्षा का लाभ, अवकाश, महिला कैडरों को विशेष अवकाश, मातृत्व अवकाश, 2 लाख का मेडिक्लेम एवं 5 लाख का डेथ क्लेम देने की की मांग की गयी। बीते 2 सितंबर को सरकार द्वारा जारी संशोधित कैडर मानदेय को काला कानून बताते वापस लेने की मांग भी की गयी। जीविका दीदियों ने कहा कि अगर सरकार हमारी बात नहीं मानेगी तो सरकार बदल देंगे। जब तक हमारी बातों को सरकार नही मानेगी आंदोलन जारी रहेगा।

## प्रेमिका के दुपट्टे से खुला मर्डर का राजःमुंगेर में गर्लफ्रेंड बोली- अकेली थी तो मिलने आया था, घर वालों ने देख लिया तो मार डाला

मुंगेर. मुंगेर में प्रेमिका के दुपट्टे ने मर्डर की मिस्ट्री खोल दी है। 18 सितंबर को गंगटा थाना इलाके के दरियापुर पंचायत टू के जमघट गांव के बाबूलाल यादव बगीचे से एक युवक का शव मिला था। उसकी पहचान किशन शर्मा (22) के रूप में हुई थी। किशन की गला दबाकर हत्या की गई थी। इस मामले में पुलिस ने प्रेमिका की मां और पड़ोस के दो लोगों को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस ने घटनास्थल पर मिले दुपट्टे से मर्डर की गुत्थी सुलझाई है। किशन शर्मा अपने गांव की ही एक



नाबालिग लड़की से प्यार करता था। दोनों के बीच एक साल से अफेयर था। 17 सितंबर की रात प्रेमिका के घर वाले बाहर गए थे। यह बात पता लगने के बाद किशन अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गया। इसी बीच प्रेमिका के घर वाले आ गए। दोनों को आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद लड़की के परिजनों ने किशन की लड़की के दुपट्टे से गला दबाकर हत्या कर दी।

### मर्डर के बाद बगीचे में शव को फेंका

हत्या के बाद लड़की के परिजनों ने किशन शर्मा की लाश को पड़ोस के दो लोगों के सहयोग से बगीचे में फेंकवा दिया। उसके बाद सभी वहां से फरार हो गए। लाश के गले में आरोपियों ने दुपट्टा छोड़ दिया। इसी एक क्लू ने पुलिस को आरोपियों तक पहुंचा दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने हत्या के मामले में गंगटा थाना में 8 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के गले में दुपट्टा देखा। पुलिस ने जांच का दायरा आगे बढ़ाया। मुखबिरों से जानकारी ली तो पता चला कि किशन शर्मा का गांव की एक लड़की के साथ अफेयर चल रहा था। वो उसके घर आता-जाता भी था। दुपट्टे के साथ पुलिस प्रेमिका के घर पहुंची। पूछताछ की, लेकिन पहले तो घर वाले अनजान बने रहे। पुलिस ने नाबालिग से थोड़ी सख्ती बरती तो उसने हत्या की रात की पूरी कहानी बताई। उसने बताया कि किशन मुझसे मिलने आया था। इसी बीच घर वाले आ गए। मेरे घर वालों ने मेरे दुपट्टे से उसका गला घोंट दिया। पुलिस ने इस मामले में प्रेमिका की मां और पड़ोस के दो लोगों को अरेस्ट कर लिया है, जिन्होंने लाश ठिकाने लगाने में मदद की थी। प्रेमिका के पिता और भाई की तलाश में छापेमारी चल रही है।

हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe Koylanchal samvad news

रांची, सोमवार, 23 सितंबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 131

www.koylanchalsamvad.com

देशभर के रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलान:हरियाणा में महापंचायत... | खाता ना बही- सरकार जो कहे सो सही | अकेलापन और अवसाद जल्द मौत के मुंह में ले... 

मूल्य : 2 रुपए

## संक्षिप्त खबरें

### अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप ने बदलाव की यात्रा शुरू की, कर्ज में कमी और नई पूंजी जुटाने की कर रही कवायद

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** अनिल अंबानी के रिलायंस समूह ने हाल के वर्षों में अपनी प्रमुख फर्मों को दिवाला कार्यवाही में नीलाम होते और कर्ज में डूबते हुए देखा है, लेकिन समूह



ने पिछले सप्ताह ऐसी घोषणाएं की हैं, जिन्हें निवेशक बदलाव के संकेत मान रहे हैं। समूह ने 18 सितंबर से 20 सितंबर तक तीन दिनों में घोषणा की कि वह लंबी अवधि के फंड जुटाने की योजनाओं को लागू कर रहा है। इससे समूह की वित्तीय स्थिति मजबूत हो सकती है। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के बोर्ड ने तरजीही निर्गम और क्यूआईपी के जरिए 6,000 करोड़ रुपये तक के फंड जुटाने को मंजूरी दी। दूसरी ओर रिलायंस पावर का बोर्ड कई तरीकों से फंड जुटाने पर विचार करने और उसे मंजूरी देने के लिए 23 सितंबर को बैठक कर रहा है। जिस गति से अनिल अंबानी ने अपनी कंपनियों के कर्ज को चुकाने के लिए कदम उठाया, और साथ ही अपनी कंपनियों के भविष्य के विस्तार के लिए फंड जुटाने की योजनाओं की घोषणा की और उन्हें लागू किया, उसने निवेशकों को आश्चर्यचकित कर दिया है। शेयर बाजारों में दोनों फर्मों के शेयरों में उछाल आया। निवेशकों ने कहा कि अनिल अंबानी की प्रमुख कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर में प्रवर्तक समूह द्वारा 1,100 करोड़ रुपये निवेश करने की घोषणा ने समूह की पुनरुद्धार योजनाओं में उनका भरोसा और बढ़ा दिया है।

### भारत में इन्वेस्टमेंट का इरादा रखने वाले विदेशी निवेशकों के लिए विदेश में खुलेगा ऑफिस: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत में निवेश करने का इरादा रखने वाले विदेशी निवेशकों की मदद के लिए आने वाले महीनों में विभिन्न देशों में कार्यालय खोलने की योजना है। उन्होंने देश में निवेश को बढ़ावा देने वाली राष्ट्रीय एजेंसी – 'इन्वेस्ट इंडिया' के ऐसे पहले कार्यालय का उद्घाटन सिंगापुर में किया। यह कार्यालय निवेश करने की इच्छुक यहां की कंपनियों के लिए एक विशेष संपर्क बिंदु के रूप में काम करेगा। यह कदम निवेश साझेदारी को मजबूत करने और वैश्विक निवेशकों के लिए भारत के साथ जुड़ाव को आसान बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सिंगापुर कार्यालय भारत में निवेश करने की इच्छुक क्षेत्र की कंपनियों के लिए एक विशेष संपर्क बिंदु के रूप में काम करेगा, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर गोयल ने कहा कि सिंगापुर भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और यह कार्यालय सिंगापुर तथा व्यापक आसियान क्षेत्र के साथ आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के भारत के प्रयासों में एक नया अध्याय है। उन्होंने कहा, हम आने वाले महीनों में विदेश में और अधिक 'इन्वेस्ट इंडिया' कार्यालय खोलने की योजना बना रहे हैं, जिसका मकसद वैश्विक निवेशकों को भारत की गतिशील और बढ़ती अर्थव्यवस्था तक बिना किसी बाधा के पहुंच देना है।

### सरकारी जांच के दायरे में नेटफ्लिक्स इंडिया -ओटीटी प्लेटफॉर्म पर वीजा वायलेशन और टैक्स चोरी का आरोप

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स इंडिया वीजा वायलेशन, रेसियल डिस्क्रिमिनेशन, टैक्स चोरी और कई बिजनेस प्रैक्टिस इरेगुलेरिटीज के लिए सरकारी जांच के दायरे में है। इस जांच के बार में 20 जुलाई को भारत की होम मिनिस्ट्री के फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस के एक अधिकारी दीपक यादव द्वारा नेटफ्लिक्स की भारत में बिजनेस एंड लीगल अफेयर्स की पूर्व डायरेक्टर नंदिनी मेहता को भेजे गए ईमेल से पता चला है। नेटफ्लिक्स के खिलाफ भारत में पहले से ही कई जांच चल रही हैं। भारत में नेटफ्लिक्स के लगभग 10 मिलियन यानी 1 करोड़ सब्सक्राइबर्स हैं। कंपनी ने बॉलीवुड सेलिब्रिटीज को शामिल करते हुए लोकल कंटेंट प्रोडक्शन में भारी निवेश किया है। हालांकि, कुछ दर्शकों और सरकारी अधिकारियों द्वारा असंवेदनशील माने जाने वाले कंटेंट को लेकर नेटफ्लिक्स को विवादों का भी सामना करना पड़ा है। मौजूदा जांच के अलावा, नेटफ्लिक्स 2023 से भारत सरकार की टैक्स डिमांड को चुनौती दे रहा है।

### गढ़वा जिले कबाबा बंशीधर मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद यात्रा का होगा शुभारंभ

# विधायक कल्पना सोरेन आज गढ़वा, मेदिनीनगर और लातेहार से मंईयां सम्मान यात्रा का करेंगी शुभारंभ

### पहले चरण में मंत्री बेबी देवी व विधायक कल्पना सोरेन के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरुआत होगी

**रांची** : 23 सितंबर से हेमंत सरकार मंईयां सम्मान यात्रा शुरू करेगी. गढ़वा जिले के बंशीधर नगर से सम्मान यात्रा आरंभ होगी. गांडेय की विधायक सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी, सांसद जोबा मांझी और राज्यसभा सांसद महुआ माजी मंईयां सम्मान यात्रा का शुभारंभ करेंगी. ये जानकारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता इसराइल खान और प्रखंड अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दी. पूरे राज्य में 25 हजार आमसभाएं, 7500 सभाएं व 1500 जगहों पर स्वागत समारोह होगा. पहले चरण में मंत्री बेबी देवी व विधायक कल्पना सोरेन के नेतृत्व में पलामू प्रमंडल के गढ़वा, मेदिनीनगर व लातेहार जिले से कार्यक्रम की शुरुआत होगी.

#### बंशीधर मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद यात्रा का होगा शुभारंभ

गढ़वा जिले के बंशीधरनगर से मंईयां सम्मान यात्रा के शुभारंभ को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से रूपरेखा तैयार कर ली गयी है. नेताओं की मानें, तो सभी महिला अतिथि बंशीधरनगर पहुंचेंगी और सबसे पहले बाबा बंशीधर मंदिर में पहुंचकर दर्शन करेंगी. पूजा-अर्चना करने के बाद वे बंशीधर मंदिर परिसर से रोड शो करते हुए गोसाईंबाग मैदान पहुंचेंगी और मंईयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम में पूरे भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से पहुंचीं महिलाओं को संबोधित करेंगी.

#### हेमंत सोरेन सरकार ने दिया महिलाओं को मान-सम्मान

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने कहा कि राज्य में पिछले पंद्रह वर्षों से महिलाओं के उत्थान की बातें करनेवाली जितनी भी सरकारें बनीं, सभी ने महिलाओं को सिर्फ झूठा आश्वासन दिया था, लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ने महिलाओं को मान-सम्मान देकर उनका उत्थान किया है. मंईयां सामान यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगी. बैठक में इसराइल खान, शंभू सिंह, बसंत सिंह गौड़, जाबिर अंसारी, अनामुल अंसारी, रामकिशन कोरवा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

#### 25 सितंबर को पलामू के मेदनीनगर में आमसभा

25 सितंबर को मेदिनीनगर में दिन के 10.30 बजे आम सभा व प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है. फिर सतबरवा, बकोरिया,मनिका, लातेहार, चंदवा, बालूमाथ, हेरहंज व पांकी में आम सभा व सभा का आयोजन किया गया है. इसके बाद अन्य प्रमंडलों में भी इसी प्रकार कार्यक्रम होंगे. इसकी तिथि की घोषणा बाद में की जायेगी.

## कांग्रेस का मंईयां सम्मेलन: कहा- महिला सशक्तिकरण लिए गठबंधन सरकार कृतसंकल्पित

इंडिया गठबंधन की सरकार में महत्वपूर्ण सहयोगी पार्टी कांग्रेस ने रविवार को रांची के बजरा जतरा मैदान में मंईयां सम्मेलन का आयोजन किया. इस सम्मेलन में मांडर विधानसभा सहित आसपास की 15 विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं ने हिस्सा लिया. झारखंड कांग्रेस ने इस सम्मेलन के बहाने महिलाओं में यह संदेश देने की कोशिश की है. राज्य की आधी आबादी के सशक्तिकरण लिए कांग्रेस और महागठबंधन की सरकार कृतसंकल्पित है. अपने संबोधन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने सम्मेलन में आईं महिलाओं को भरोसा दिलाया कि वह आधी आबादी के आर्थिक उन्नयन और विकास को ध्यान में रखकर भविष्य में भी इस योजना को जारी रखेगी.



#### बीजेपी के हाथों सत्ता नहीं जाने देंगे- बंधु तिर्की

पूर्व शिक्षा मंत्री और कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लागू होने पर बीजेपी की बेचैनी बढ़ती जा रही है. कांग्रेस नेताओं ने अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र से आईं महिलाओं से कहा कि अगर इस योजना को भविष्य में भी जारी रखना चाहती हैं तो वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार को आगे भी सत्ता में लाना होगा. बंधु तिर्की ने कहा कि उनके पूर्वज शिकार करते रहे हैं, जरूरत पड़ी तो वे भी शिकार करेंगे. लेकिन इस राज्य को दोबारा बीजेपी के हाथ में कतई जाने नहीं देंगे. 23 सितंबर से राज्य सरकार पलामू प्रमंडल से मंईयां सम्मान यात्रा की शुरुआत करने जा रही है. इस यात्रा का महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी देवी के साथ साथ विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी शामिल होंगी. इस यात्रा का उद्देश्य भाजपा के परिवर्तन यात्रा के धार को कम करने के साथ साथ राज्य की महिलाओं को हेमंत सोरेन सरकार के पक्ष में एकजुट करना है.

### आज रांची आ रही टीम, मुख्य सचिव और डीजीपी संग बैठक

## झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेगा चुनाव आयोग

**रांची** : झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने चुनाव आयोग की टीम सोमवार को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची आ रही है. 23 और 24 सितंबर को आयोग की टीम अफसरों के साथ समीक्षा बैठक करेगी. मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार पूरी टीम के साथ रांची आ रहे हैं. झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने ये जानकारी दी.




#### दो दिवसीय झारखंड दौरे पर चुनाव आयोग की टीम

झारखंड के सीईओ के रवि कुमार ने रविवार को जानकारी दी कि चुनाव आयोग की टीम दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रही है. दो दिनों में कुल पांच बैठक करेगी. 23 सितंबर को चार बैठक होगी और 24 सितंबर को चुनाव आयोग की टीम एक बैठक करेगी. पहले दिन की बैठक में सोमवार को चुनाव आयोग के पदाधिकारी राज्यस्तरीय बैठक करेंगे. राजनीतिक दलों, सुरक्षा को लेकर सीनियर पुलिस अधिकारियों समेत अन्य वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे. अगले दिन जिलों के निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ टीम बैठक कर स्थिति का आकलन करेगी.

#### मुख्य निर्वाचन आयुक्त समेत अन्य पदाधिकारी आ रहे रांची

भारत निर्वाचन आयोग की टीम दो दिवसीय झारखंड दौरे पर विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पांच समीक्षा बैठक करेगी. बैठक को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दोनों निर्वाचन आयुक्त अन्य पदाधिकारियों के साथ रांची पहुंचेंगे. कुल 12 अधिकारियों की टीम रांची आएगी.

### नीट पेपर लीक में सीबीआई का खुलासा : ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल ने वाइस प्रिंसिपल संग रची थी प्रश्न पत्र चोरी की साजिश

**रांची:** चर्चित नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई कर रही है. सीबीआई की जांच में खुलासा हुआ है कि हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. अहसानुल हक को नीट यूजी 2024 परीक्षा के लिए हजारीबाग के सिटी कोऑर्डिनेटर के तौर पर प्रतिनियुक्त किया गया था. अहसानुल हक ने उसी स्कूल के वाइस प्रिंसिपल और नीट यूजी परीक्षा के लिए सेंटर सुपरिटेंडेंट मोहम्मद इम्तियाज आलम और अन्य आरोपियों के साथ मिलकर नीट प्रश्नपत्र चोरी करने की साजिश रची थी. सीबीआई ने बताया कि अब तक इस नीट पेपर लीक मामले में कुल 48 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है. सीबीआई ने इस पेपर लीक के लाभार्थी उम्मीदवारों की भी पहचान कर ली है और आवश्यक कार्रवाई के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के साथ उनका विवरण साझा किया है.

## रांची को कांटाटोली फ्लाईओवर की सौगात जल्द, मेकॉन फ्लाईओवर के काम में भी तेजी

**रांची:** राजधानी रांची को जल्द दो बहुप्रतिक्षित फ्लाईओवर का सौगात मिलने जा रहा है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा उद्घाटन की तैयारी चल रही है. सबसे पहले कांटा टोली फ्लाईओवर की सौगात राजस्थानी वासी को मिलने वाली है. उम्मीद की जा रही है के इस माह के अंत तक उसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा. जुडको के अधिकारियों ने बताया कि फ्लाईओवर का काम लगभग पूरा हो गया है. बता दें कि राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास तथा पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार नें रांची में निर्माणाधिन कांटाटोली-बहुबाजार प्लाईओवर तथा मेकॉन-सिरमटोली फ्लाईओवर का निरीक्षण किया था और कई आवश्यक निर्देश दिए थे.



काम पूरा करने को कहा था. निर्माणाधिन कांटाटोली-बहुबाजार फ्लाईओवर का निर्माण कार्य 30 सितंबर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया है. इस फ्लाईओवर का निर्माण गुजरात की कंपनी अग्रवाल कंस्ट्रक्शन कर रही. सचिव ने कंपनी और जुडको के संबंधित पदाधिकारियों को फटकार लगायी थी और कहा था कि निर्धारित समय तक काम पूरा नहीं हुआ, तो वो एक दिन का भी समय विस्तार नहीं देंगे और निर्माण कंपनी पर कार्रवाई होगी.

**मेकॉन सिरमटोली फ्लाईओवर के काम में भी तेजी** : प्रधान सचिव नें पथ निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधिन मेकॉन-सिरमटोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है. पथ निर्माण विभाग तथा एलएंडटी के अभियंताओं को आवश्यक निर्देश दिया. उन्होंनें कहा कि यह फ्लाईओवर रांची के लिए काफी महत्वपूर्ण है और इसके निर्माण के बाद रेलवे पर बनें मेनरोड और कडरु ब्रिज पर दबाव कम होगा तथा शहर का एक बड़ा इलाका ट्रैफिक जाम से मुक्त होगा. फ्लाईओवर के सिविल वर्क के साथ साथ केबलिंग का कार्य तुरंत प्रारंभ किया जायेगा.

## हजारीबाग में जेएसएससी सीजीएल पेपर से छेड़छाड़ मामला: महज 7 घंटे के अंदर डीसी को सौंपी गई रिपोर्ट


**हजारीबाग** : जेएसएससी सीजीएल प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्नपत्र का सील खुलने की जांच रिपोर्ट केंद्राधीक्षक ने महज 7 घंटे के अंदर उपायुक्त को सौंप दी है. हजारीबाग उपायुक्त नैन्सी सहाय ने प्रश्नपत्र का सील पहले से खुला होने की मीडिया रिपोर्ट के आधार पर केंद्राधीक्षक से रिपोर्ट की मांग की थी. हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय ने बताया कि जेएसएससी सीजीएल प्रतियोगिता परीक्षा के अंतिम दिन 22 सितंबर को परीक्षा समाप्ति के बाद जैक एंड जिल स्कूल के परीक्षा केंद्र में प्रश्नपत्र का सील खुला होने की प्रेस मीडिया द्वारा दी गई सूचना पर जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया. संबंधित केंद्राधीक्षक से विस्तृत जांच रिपोर्ट की मांग की गई. जिस पर जैक एंड जिल स्कूल में प्रतिनियुक्त केंद्राधीक्षक द्वारा जांच रिपोर्ट सौंप दी गई है.

उन्होंने बताया है कि परीक्षा शुरू होने से लेकर समाप्ति तक की सारी गतिविधियां सीसीटीवी की निगरानी में हुई. सभी प्रश्नपत्र पूरी तरह से आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए सीलबंद लिफाफे में थे. जिसे अभ्यर्थियों की मौजूदगी में खोला गया. जिसकी पुष्टि उपस्थित अभ्यर्थियों ने भी की है. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जेएसएससी एवं जिला स्तर से दिए गए सभी निर्देशों एवं एसओपी का केंद्राधीक्षकों एवं विद्यालय में प्रतिनियुक्त सभी वीक्षकों द्वारा सख्ती से पालन किया गया है. बता दें कि जैक एंड जिल स्कूल के परीक्षा केंद्र में खोरठा विषय की परीक्षा के बाद कुछ अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि उन्हें जो प्रश्नपत्र मुहैया कराए गए, उनके सील के साथ छेड़छाड़ की गई थी. साथ ही कुछ अभ्यर्थियों के बुकलेट का नंबर भी आगे-पीछे था. जिसके बाद डीसी ने परीक्षा केंद्र के अधीक्षक से मामले की पूरी रिपोर्ट मांगी थी.

# शाह बोले- फारूक पाकिस्तान से बातचीत चाहते हैं:आतंकवाद खत्म होने तक ऐसा नहीं होगा; अब्दुल्ला का जवाब- चीन से तो बात कर रहे हैं

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज लगातार दूसरे दिन जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। नौशेरा में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा- फारूक अब्दुल्ला चाहते हैं कि हम आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान से बातचीत करें। आतंकवाद खत्म होने तक हम पाकिस्तान से बातचीत के पक्ष में नहीं है। फारूक अब्दुल्ला कहते हैं कि वे धारा 370 को वापस लाएंगे। फारूक साहब, अब धारा 370 कोई वापस नहीं ला सकते। अब बंकरों की जरूरत नहीं है, क्योंकि गोली चलाने की कोई हिम्मत नहीं कर सकता। अगर वहां गोली आई तो गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा।

शाह के हमले पर फारूक अब्दुल्ला ने पलटवार किया। उन्होंने कहा- केंद्र सरकार चीन से बात कर सकती है, जिन्होंने हमारी 2 हजार किलोमीटर की जमीन पर कब्जा किया। पाकिस्तान से क्यों नहीं बात कर सकती। आतंकवाद का



हल निकालना होगा। कब तक हमारे लोग मरते रहेंगे।

#### शाह की स्पीच की 5 बड़ी बातें...

- आतंकवाद को हम पाताल में दफन कर देंगे। आज जम्मू-कश्मीर में शान से तिरंगा लहराया जा रहा है। वो लोग शेख अब्दुल्ला का झंडा वापस लाना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर में केवल हमारा तिरंगा लहराएगा। वे चाहते हैं कि हम पाकिस्तान से बातचीत करें। हम आतंकवाद खत्म होने तक पाकिस्तान से बातचीत के पक्ष में नहीं हैं।
- वे आतंकवादियों को जेलों से रिहा करना चाहते हैं, लेकिन नरेंद्र मोदी सरकार ने आतंकवाद को बहुत गहराई में दफ्ना दिया है। कोई भी आतंकवादी या पत्थरबाज जेल से रिहा नहीं होगा।
- कांग्रेस, एनसी ने कहा है कि पहाड़ियों, गुर्जर बकरवाल, दलित, वाल्मीकि, ओबीसी समुदाय को जो आरक्षण दिया गया, उस पर फिर से विचार किया जाएगा। राहुल गांधी अमेरिका में जाकर कहते हैं कि अब इनका विकास हो चुका है, अब इन्हें आरक्षण की जरूरत नहीं है। राहुल बाबा, हम आपको आरक्षण हटाने नहीं देंगे।
- पहाड़ी भाई बहनों के आरक्षण का अधिकार कांग्रेस, एनसी और पीडीपी ने 70 वर्षों तक छीन रखा था। पहाड़ियों को आरक्षण न देने का इनका फैसला था। पीएम मोदी ने कहा था- कांग्रेस, एनसी और पीडीपी को जो करना है, वो करे। हम पहाड़ियों को आरक्षण देंगे।
- जब पहाड़ियों को आरक्षण दिया गया, तो फारूक साहब ने यहां के गुर्जर भाइयों को उकसाना शुरू किया कि आपका आरक्षण चला जाएगा। मैंने राजौरी में वादा किया था कि गुर्जर बकरवाल का आरक्षण एक प्रतिशत भी कम नहीं होगा और पहाड़ी भाई-बहनों को आरक्षण मिलेगा और हमने अपना वो वादा निभाया।

#### जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव

जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। 2019 में आर्टिकल-370 हटाने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव है। जम्मू-कश्मीर में 90 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें 7 अनुसूचित जातियों के लिए और 9 अनुसूचित जनजातियों के लिए रिजर्व हैं। 18 सितंबर को पहले फेज की वोटिंग हो चुकी है। 25 सितंबर को दूसरे फेज और 1 अक्टूबर को तीसरे फेज की वोटिंग होगी। 8 अक्टूबर को नतीजे आएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक यहां 88.06 लाख वोटर हैं। 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (PDP) ने 28 सीटें, जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने 15 और कांग्रेस ने 12 सीटें जीती थीं।

भाजपा ने जम्मू-कश्मीर की 90 में से 62 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। जम्मू संभाग की सभी 43 सीटों पर भाजपा ने प्रत्याशी उतारे हैं। पार्टी कश्मीर में 47 में से 19 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। बची हुई 28 सीटों पर भाजपा निर्दलीय उम्मीदवारों को समर्थन करेगी।

## 38 के अश्विन ने 72 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

### माकंड़, कुंबले जैसे दिग्गजों को छोड़ा पीछे

**भारत** के स्टार ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ जीत में बल्ले और गेंद से बड़ी भूमिका निभाई. अश्विन ने पहली पारी में 133 गेंदों का सामना किया, जिसमें 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 113 रनों की शतकीय पारी खेली. फिर दूसरी पारी में 21 ओवर की गेंदबाजी में 88 रन देकर बांग्लादेश के 6 खिलाड़ियों को आउट किया. अश्विन ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच में ऐसा अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम किया, जिससे कई दिग्गज पीछे छूट गए हैं. उन्होंने वीनू माकंड़ का 72 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया. बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में आर अश्विन ने शतक और 6 विकेट लेकर इतिहास रच डाला. उन्होंने भारतीय दिग्गज खिलाड़ी वीनू माकंड़ के 72 साल पुराने रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया और




ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय खिलाड़ी बन गए. माकंड़ ने 19 जून 1952 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में 184 रनों की पारी खेली थी और 196 रन देकर 5 विकेट भी चटकाए थे. जिस समय माकंड़ ने ऐसा कारनामा किया था, उस समय उनकी उम्र 35 साल दो महीने और 7 दिन की थी. जबकि अश्विन ने जब यह कारनामा किया है, तब उनकी उम्र 38 साल और दो दिन की है. टेस्ट क्रिकेट में आर अश्विन ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया है. चौथी पारी में अश्विन ने चौथी पारी में सबसे अधिक 99 विकेट ले चुके हैं. उन्होंने अनिल कुंबले का रिकॉर्ड तोड़ा.

## विधायक ने बंदे भारत एक्सप्रेस को गढ़वा रोड जंक्शन से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना,स्वागत में उमड़े लोग



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : जमशेदपुर से पलामू होकर पटना तक जाने वाली बंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन शुरू हो गया। गढ़वा रोड स्टेशन पर रविवार को बंदे भारत एक्सप्रेस के स्वागत हेतु काफी संख्या में लोग एकत्रित हुए। झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने आज गढ़वा रोड स्टेशन पर बंदे भारत एक्सप्रेस को हरि झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा झारखंड को वन्दे भारत ट्रेन का सौगात दी गई है। जिसका लाभ पलामू को भी हुआ है। वरीय रेल अधिकारियों ने बताया कि यह बंदे भारत एक्सप्रेस जमशेदपुर से खुलकर बरकाकाना जंक्शन,डाल्टनगंज,गढ़वा रोड,सोन नगर,गया भया पटना तक जायेगी। अभी यह एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन चलेगी। प्रत्येक रविवार सुबह 11.50 बजे गढ़वा रोड़ पहुंचेगी जो पटना के लिए जायेगी। वहीं सोमवार को शाम 5 बजे के लगभग पटना से गढ़वा रोड़ आयेगी। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, डॉ बी पी शुक्ला,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी,प्रमोद दिक्षीत,छोटन सिंह,अनिल पासवान,केयास चौधरी,सुरेंद्र माला कार,ज्वाला गुप्ता,शिववंश मिश्रा,विकास चौबे,उपेंद्र तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## अनगड़ा प्रखंड कांग्रेस कमेटी कि हुई बैठक

अनगड़ा( मोहसीनआलम ):अनगड़ा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष नारायण मुंडा के अध्यक्षता में हुई, बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की निर्देशानुसार प्रखंड स्तर पर विधानसभा का प्रत्याशी की चयन को लेकर सभी लोगों से राय विचार लिया गया और पांच नाम की सूची पर चर्चा में सभी ने पार्टी के संगठन की पार्टी के हित के लिए सभी नाम की चर्चा की गई सभी ने एक स्वर में कहा कि खिजरी विधानसभा अनगड़ा प्रखंड कांग्रेस कमेटी मजबूत है आगामी विधानसभा के लिए तैयार है बैठक भी निर्णय लिया गया पांच नाम की सूची बंद लिफाफा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जिला अध्यक्ष  और विधानसभा पर्यवेक्षक को सौपा जाएगा,इस बैठक में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष पश्चिमी बरतू मुंडा मंडल अध्यक्ष पूर्वी विजय खलखो के अलावा प्रखंड स्तरीय कांग्रेस के प्रमुख कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

## समाजसेवी अभिमन्यु सिंह ने किया कई गांवों का दौरा,युवाओं को दिया खेल सामग्री



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने विश्रामपुर नगर परिषद के झगरूआ,उरसुला,लकड़ही सहित कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्या सुनी और समाधान हेतु सार्थक प्रयास करने का भरोसा दिया। श्री सिंह ने युआवों के आग्रह पर अपनी ओर से खेल सामग्री भी उपलब्ध कराई। इसके अलावा उन्होंने दो जगह पर अंजू अभिमन्यु के नगर टीम द्वारा आयोजित नुक्कड़ सभा को भी संबोधित किया। कहा कि हम जात धर्म की नही सिर्फ विकास की बात करने आए हैं। औरों की तरह राजनीत मेरे लिए कोई व्यापार नही बल्कि सेवा का माध्यम है। हमारी इच्छा है कि विश्रामपुर की तस्वीर और तकदीर बदले,जिसमे सभी का सहयोग जरूरी है। सभा मे कई लोगों अंजू अभिमन्यु टीम में शामिल हुए। मौके पर अंजू अभिमन्यु टीम के नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा,प्रवीन सिंह,ओम प्रकाश यादव,कन्हाई मेहता,विनोद विश्वकर्मा,छठु भुइयां,विश्वनाथ भुइयां,अवधेश रावत,विनोद भुइयां,मुन्ना कुमार,योगेंद्र कुमार,कामता प्रसाद,चंदन कुमार,पंकज कुमार,दिलीप कुमार,आदित्य कुमार,अनिता देवी,रवींद्र पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## लालगढ़ मुखिया मिले ज़िला औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य से,पांच वर्ष पूर्व बने आईटीआई में सत्र शुरू कराने की मांग



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ पंचायत में पांच वर्ष पूर्व बनकर तैयार आईटीआई कॉलेज में सत्र शुरू करने की मांग को लेकर आज पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र चौधरी जिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य चंद्रमल बैठा से मुलाकात किया। यहां उल्लेखनीय है कि विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ पंचायत में पांच वर्ष पूर्व आईटीआई कालेज का भवन बनकर तैयार हुआ। और विभाग को भी सौंप दिया गया है। लेकिन पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक पढ़ाई शुरू नही हुआ। सत्र संचालित नहीं होने के कारण क्षेत्र के हजारों प्रशिक्षणार्थियों मायूसी है। बताते चले कि आईटीआई कॉलेज प्रखंड मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर लालगढ़ गांव के कोयल नदी तट पर स्थित है। स्थानीय लोगों को आज तक जानकारी नहीं हो पाया कि लालगढ़ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित है या नहीं। हालांकि इस संस्थान में प्रशिक्षण का कार्य जिला मुख्यालय स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन से संचालित किया जा रहा है। जब लालगढ़ आईटीआई भवन पूर्ण रूप से बन चुका है तो अब तक लालगढ़ में सत्र संचालित क्यों नहीं हो रहा है। इसी बात को ले लालगढ़ पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र कुमार चौधरी ने ज़िला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य चंद्रमल बैठा से मुलाकात कर प्रशिक्षण सत्र संचालित करने के संबंध में बातचीत किया। प्राचार्य चंद्रमल बैठा ने मुखिया धर्मेंद्र चौधरी को आश्वस्त करते हुए कहा कि कुछ कारणों से अभितक लालगढ़ आईटीआई चालू नहीं हो पाया था पर आगामी पांच–छः महीने के अन्दर सत्र नियमित रूप से प्रारंभ हो जायेगा। तथा क्षेत्रीय बच्चों को लाभ मिलेगा। श्री चौधरी के साथ उप मुखिया बीटू ओझा,वार्ड सदस्य मंदीप कुमार पासवान भी मौजूद थे।

## डालसा की ओर से ओल्ड एज होम में हेल्थ कैंप का आयोजन , जिला जज पहुंचे,बुजूर्गों की निःशुल्क जांच कर दी गई दवाएं

जमशेदपुर । झारखंड राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर रविवार को ओल्ड एज होम (आशीर्वाद भवन) में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मेडिको लिगल अवेयरनेश एवं सर्विस कैंप का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रधान जिला जज सह प्राधिकार के अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा मौजूद रहे. इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रधान जिला जज ने कहा कि बुजूर्गों की सेवा करना सभी का परम धर्म होना चाहिए.


# उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

(जिला भू–अर्जन शाखा)

प्रपत्र VII

## समाहर्त्ता या समुचित सरकार अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा सं0:– 1643/भू0अ0, हजारीबाग। दिनांक:– 11.09.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा अडानी इन्टरप्राईजेज लि0, गोन्दुलपारा कोयला खान परियोजना हेतु ग्राम बलोदर, थाना बडकागॉव, थाना संख्या 145, अंचल बडकागॉव, जिला हजारीबाग में कुल 79.35 एकड़ यानि 32.11 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोशणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 79.35 एकड़ यानि 32.11 हेक्टेयर है और जो ग्राम बलोदर, थाना बड़कागॉव, थाना संख्या 145, अंचल बड़कागॉव, जिला हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 216 | 6 | 460/1 | नीज | धान–III | 0.3175 | देवाली महतो, बुद्धदयाल महतो सुरेश महतो पिता स्व0 वंशु महतो | प्लॉट–455 | प्लॉट–468 | प्लॉट–458 | प्लॉट–461 |
| 217 | 6 | 460/II | नीज | धान–III | 0.21 | शोभनी देवी पति केदार महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–455 | प्लॉट–468 | प्लॉट–458 | प्लॉट–461 |
| 218 | 4 | 462 | नीज | धान–III | 0.3675 | भीखु राणा पिता स्व0 बंधन राणा वो नेपाल राणा पिता स्व0 बंशी राणा वो पुरन राणा, सीताराम राणा, जनार्दन राणा पिता स्व0 उतीम राणा वो गुलाबी राणा पिता स्व0 बुधन राणा वो फागुन राणा पिता स्व0 खुशी बढ़ही, वो देयाल राणा फुटानी राणा, गोविन्द राणा, पिता स्व0 सोना राणा, घमन राणा, लालो राणा, जुगल राणा पिता स्व0 खेदन राणा वो गोबिन्द राणा, अशोक राणा, मनोज राणा पिता स्व0 कमल राणा वो दशरथ राणा, बिन्दु राणा पिता स्व0 कोल्हा राणा, ईश्वरी राणा, हारो राणा पिता स्व0 जीतन राणा वो महेश राणा, नरेश राणा पिता स्व0 बिगन राणा वो देवा राणा, लक्ष्मण राणा, धनी राणा, मीठु राणा, महेन्द्र राणा पिता स्व0 दिलचन्द राणा वो लालसहाय राणा, कोमल राणा, तिलक राणा पिता स्व0 भेखल राणा, हिंद राणा, भूनेश्वर राणा पिता स्व0 टेकन राणा वो मोगल राणा पिता स्व0 रिझन राणा वो तुलसी राणा, खेमलाल राणा, प्रभु राणा, महाबीर राणा पिता स्व0 जग्रनाथ राणा वो दुखन राणा पिता स्व0 लेदो राणा साकिन देह। | प्लॉट–425 | प्लॉट–463 | प्लॉट–461 | प्लॉट–424 |
| 219 | 4 | 462/1 | नीज | धान–III | 0.0525 | शीतली देवी पति उतीम राणा | प्लॉट–425 | प्लॉट–463 | प्लॉट–461 | प्लॉट–424 |
| 220 | 13 | 463 | नीज | धान–III | 0.15 | रामेश्वर गंझु, उगन गंझु पिता स्व0 धनु गंझु वो लटन गंझु, झोतर गंझु पिता स्व0 मोहन गंझु वो मंगरी गंझुईन, मनतोरीया, पूजी पिता स्व0 जीतन गंझु वो महावीर गंझु, भूखा गंझु, टिमन गंझु उर्फ प्रेमलाल गंझु पिता स्व0 मीना गंझु वो माघा गंझु पिता स्व0 त्रिभूवन गंझु सा0 बलोदर | प्लॉट–462 | प्लॉट–464 | प्लॉट–461 | प्लॉट–424 |
| 221 | 10 | 464 | नीज | धान–III | 0.17 | हरजीवन गोप, जीतन गोप, कामेश्वर गोप पिता स्व0 खेदन गोप वो चौधरी गोप, बिन्दु गोप, निन्दु गोप पिता सुकर गोप वो कैला गोप पिता स्व0 कोल्हा गोप वो सोबरन गोप पिता स्व0 झरी गोप सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–463 | प्लॉट–465 | प्लॉट–461 | प्लॉट–652 |
| 222 | 13 | 465 | नीज | धान–III | 0.06 | रामेश्वर गंझु, उगन गंझु पिता स्व0 धनु गंझु वो लटन गंझु, झोतर गंझु पिता स्व0 मोहन गंझु वो मंगरी गंझुईन, मनतोरीया, पूजी पिता स्व0 जीतन गंझु वो महावीर गंझु, भूखा गंझु, टिमन गंझु उर्फ प्रेमलाल गंझु पिता स्व0 मीना गंझु वो माघा गंझु पिता स्व0 त्रिभूवन गंझु सा0 बलोदर | प्लॉट–464 | प्लॉट–466 | प्लॉट–468 | प्लॉट–652 |
| 223 | 5 | 466 | नीज | धान–III | 0.33 | ठाकुरी गंझु , कजरू गंझु कुलेश्वर गंझु पिता स्व0 चमन गंझु वो कमल गंझु, जीवन गझु जानकी गंझु पिता स्व0 किशुन गंझु वो देवा गंझु, पैरू गंझु, बौधी गंझु, मो0 चरकी पिता स्व0 घनश्याम गंझु वो दशमी भुईन पिता स्व0 रूशन गंझु वो तिलक गंझु, पारसनाथ गंझु, परमेश्वर गंझु, जगदेव गंझु, खेमलाल गंझु पिता स्व0 रामसहाय गंझ वो भुनेश्वर गंझु पिता स्व0 सौना गंझु वो बुधन गंझु पिता स्व0 अलखु गंझु वो कोमल गंझु पिता कोइली गंझु वो छेदी गंझु पिता स्व0 दीना गंझु। | प्लॉट–465 | प्लॉट–467 | प्लॉट–468 | प्लॉट–453 |
| 224 | 5 | 467 | नीज | धान–III | 0.12 | मसोमात रूकमणी देवी पति गिरधारी महतो वो नन्दकिशोर महतो वो डालेश्वर महतो पिता बोधन महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–466 | प्लॉट–373 | प्लॉट–469 | प्लॉट–373 |
| 225 | 5 | 468 | नीज | धान–III | 0.06 | ठाकुरी गंझु , कजरू गंझु कुलेश्वर गंझु पिता स्व0 चमन गंझु वो कमल गंझु, जीवन गझु जानकी गंझु पिता स्व0 किशुन गंझु वो देवा गंझु, पैरू गंझु, बौधी गंझु, मो0 चरकी पिता स्व0 घनश्याम गंझु वो दशमी भुईन पिता स्व0 रूशन गंझु वो तिलक गंझु, पारसनाथ गंझु, परमेश्वर गंझु, जगदेव गंझु, खेमलाल गंझु पिता स्व0 रामसहाय गंझ वो भुनेश्वर गंझु पिता स्व0 सौना गंझु वो बुधन गंझु पिता स्व0 अलखु गंझु वो कोमल गंझु पिता कोइली गंझु वो छेदी गंझु पिता स्व0 दीना गंझु। | प्लॉट–464 | प्लॉट–469 | प्लॉट–470 | प्लॉट–466 |
| 226 | 11 | 470 | नीज | टांड–III | 0.205 | तेजो उर्फ कैला गंझु, नारायण गंझु पिता स्व0 पारसनाथ गंझु वो ठुरच गंझु, विकास गंझु पिता स्व0 छेदी गंझु वो प्रयाग गंझु पिता स्व0 मोहन गंझु | प्लॉट–479 | प्लॉट–469 | प्लॉट–472 | प्लॉट–468 |
| 227 | 11 | 470/1 | नीज | टांड–III | 0.205 | श्रीमति गुलबी देवी पति भीखु राणा | प्लॉट–479 | प्लॉट–469 | प्लॉट–472 | प्लॉट–468 |
| 228 | 10 | 472 | नीज | धान–III | 0.26 | हरजीवन गोप, जीतन गोप, कामेश्वर गोप पिता स्व0 खेदन गोप वो चौधरी गोप, बिन्दु गोप, निन्दु गोप पिता सुकर गोप वो कैला गोप पिता स्व0 कोल्हा गोप वो सोबरन गोप पिता स्व0 झरी गोप सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–479 | प्लॉट–473 | प्लॉट–478 | प्लॉट–470 |
| 229 | 5 | 473 | नीज | टांड–III | 0.19 | ठाकुरी गंझु , कजरू गंझु कुलेश्वर गंझु पिता स्व0 चमन गंझु वो कमल गंझु, जीवन गझु जानकी गंझु पिता स्व0 किशुन गंझु वो देवा गंझु, पैरू गंझु, बौधी गंझु, मो0 चरकी पिता स्व0 घनश्याम गंझु वो दशमी भुईन पिता स्व0 रूशन गंझु वो तिलक गंझु, पारसनाथ गंझु, परमेश्वर गंझु, जगदेव गंझु, खेमलाल गंझु पिता स्व0 रामसहाय गंझ वो भुनेश्वर गंझु पिता स्व0 सौना गंझु वो बुधन गंझु पिता स्व0 अलखु गंझु वो कोमल गंझु पिता कोइली गंझु वो छेदी गंझु पिता स्व0 दीना गंझु। | प्लॉट–472 | प्लॉट–474 | प्लॉट–477 | प्लॉट–469 |
| 230 | 5 | 473/1 | नीज | टांड–III | 0.06 | मोसामात चरकी देवी उर्फ चीतवा पति शीबन गंझु | प्लॉट–472 | प्लॉट–474 | प्लॉट–477 | प्लॉट–469 |
| 231 | 5 | 474 | नीज | टांड–III | 0.1967 | देवन्ती देवी पति ग्यादत्त सिंह जाति भूमिहार एवं विभा देवी पति अशोक कुमार सिंह जाति भूमिहार सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–473 | प्लॉट–367 | प्लॉट–475 | प्लॉट–368 |
| 232 | 5 | 474/I | नीज | टांड–III | 0.1966 | कुन्ती देवी पति रामलखन सिंह जाति भूमिहार सा0 अम्बाजीत | प्लॉट–473 | प्लॉट–367 | प्लॉट–475 | प्लॉट–368 |
| 233 | 5 | 474/II | नीज | टांड–III | 0.1967 | हरिनारायण सिंह पिता स्व0 पाठक धनेश्वर सिंह एवं श्री पाठक भानूप्रताप सिंह वो श्री माधो प्रताप सिंह वो श्री शिवनारायण सिंह पिता स्व0 पाठक धनेश्वर सिंह जाति भूमिहार सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–473 | प्लॉट–367 | प्लॉट–475 | प्लॉट–368 |
| 234 | 5 | 477 | नीज | टांड–III | 0.21 | देवन्ती देवी पति ग्यादत्त सिंह जाति भूमिहार एवं विभा देवी पति अशोक कुमार सिंह जाति भूमिहार सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–478 | प्लॉट–476 | प्लॉट–484 | प्लॉट–475 |
| 235 | 5 | 477/I | नीज | टांड–III | 0.21 | कुन्ती देवी पति रामलखन सिंह जाति भूमिहार सा0 अम्बाजीत | प्लॉट–478 | प्लॉट–476 | प्लॉट–484 | प्लॉट–475 |
| 236 | 5 | 477/II | नीज | टांड–III | 0.21 | हरिनारायण सिंह पिता स्व0 पाठक धनेश्वर सिंह एवं श्री पाठक भानूप्रताप सिंह वो श्री माधो प्रताप सिंह वो श्री शिवनारायण सिंह पिता स्व0 पाठक धनेश्वर सिंह जाति भूमिहार सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–478 | प्लॉट–476 | प्लॉट–484 | प्लॉट–475 |
| 237 | 21 | 478 | नीज | टांड–II | 0.22 | बंन्धु गंझु पिता स्व0 करम गंझु वो ठकुरी गंझु, आतो गंझ, छक्कन गंझु, कैलाश गंझु पिता स्व0 धरम गंझु सा0 बलोदर | प्लॉट–479 | प्लॉट–477 | प्लॉट–480 | प्लॉट–472 |
| 238 | 5 | 479 | नीज | टांड–III | 0.5 | घनश्याम गंझु वो दशमी भुईन पिता स्व0 रूशन गंझु वो तिलक गंझु, पारसनाथ गंझु, परमेश्वर गंझु, जगदेव गंझु, खेमलाल गंझु पिता स्व0 रामसहाय गंझ वो भुनेश्वर गंझु पिता स्व0 सौना गंझु वो बुधन गंझु पिता स्व0 अलखु गंझु वो कोमल गंझु पिता कोइली गंझु वो छेदी गंझु पिता स्व0 दीना गंझु। | प्लॉट–459 | प्लॉट–472 | प्लॉट–500 | प्लॉट–460 |
| 239 | 11 | 480 | नीज | टांड–III | 0.14 | ठुरच गंझु, विकास गंझु पिता स्व0 छेदी गंझु वो प्रयाग गंझु पिता स्व0 मोहन गंझु | प्लॉट–479 | प्लॉट–481 | प्लॉट–489 | प्लॉट–478 |
| 240 | 5 | 482 | नीज | टांड–II | 0.02 | देवन्ती देवी पति ग्यादत्त सिंह जाति भूमिहार एवं विभा देवी पति अशोक कुमार सिंह जाति भूमिहार सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–651 | प्लॉट–483 | प्लॉट–489 | प्लॉट–477 |
| 241 | 5 | 482/I | नीज | टांड–II | 0.02 | कुन्ती देवी पति रामलखन सिंह जाति भूमिहार सा0 अम्बाजीत | प्लॉट–651 | प्लॉट–483 | प्लॉट–489 | प्लॉट–477 |
| 242 | 5 | 482/II | नीज | टांड–II | 0.02 | हरिनारायण सिंह पिता स्व0 पाठक धनेश्वर सिंह एवं श्री पाठक भानूप्रताप सिंह वो श्री माधो प्रताप सिंह वो श्री शिवनारायण सिंह पिता स्व0 पाठक धनेश्वर सिंह जाति भूमिहार सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–651 | प्लॉट–483 | प्लॉट–489 | प्लॉट–477 |
| 243 | 5 | 483 | नीज | टांड–II | 0.06 | ठाकुरी गंझु , कजरू गंझु कुलेश्वर गंझु पिता स्व0 चमन गंझु वो कमल गंझु, जीवन गझु जानकी गंझु पिता स्व0 किशुन गंझु वो देवा गंझु, पैरू गंझु, बौधी गंझु, मो0 चरकी पिता स्व0 घनश्याम गंझु वो दशमी भुईन पिता स्व0 रूशन गंझु वो तिलक गंझु, पारसनाथ गंझु, परमेश्वर गंझु, जगदेव गंझु, खेमलाल गंझु पिता स्व0 रामसहाय गंझ वो भुनेश्वर गंझु पिता स्व0 सौना गंझु वो बुधन गंझु पिता स्व0 अलखु गंझु वो कोमल गंझु पिता कोइली गंझु वो छेदी गंझु पिता स्व0 दीना गंझु। | प्लॉट–482 | प्लॉट–484 | प्लॉट–489 | प्लॉट–477 |
| 244 | 5 | 484 | नीज | टांड–II | 0.13 | तिलक गंझु पारसनाथ गंझु प्रमेश्वर गंझु जगदेव गंझु खेमलाल गंझु पिता रामसहाय गंझु वो भुनेश्वर गंझु पिता स्व0 बढ़न गंझु | प्लॉट–483 | प्लॉट–485 | प्लॉट–489 | प्लॉट–477 |
| 245 | 5 | 485 | नीज | टांड–II | 0.02 | देवन्ती देवी पति ग्यादत्त सिंह जाति भूमिहार एवं विभा देवी पति अशोक कुमार सिंह जाति भूमिहार सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–484 | प्लॉट–486 | प्लॉट–487 | प्लॉट–477 |
| 246 | 5 | 485/I | नीज | टांड–II | 0.02 | कुन्ती देवी पति रामलखन सिंह जाति भूमिहार सा0 अम्बाजीत | प्लॉट–484 | प्लॉट–486 | प्लॉट–487 | प्लॉट–477 |
| 247 | 5 | 485/II | नीज | टांड–II | 0.02 | हरिनारायण सिंह पिता स्व0 पाठक धनेश्वर सिंह एवं श्री पाठक भानूप्रताप सिंह वो श्री माधो प्रताप सिंह वो श्री शिवनारायण सिंह पिता स्व0 पाठक धनेश्वर सिंह जाति भूमिहार सा0 अम्बाजीत। | प्लॉट–484 | प्लॉट–486 | प्लॉट–487 | प्लॉट–477 |
| 248 | 5 | 486 | नीज | टांड–II | 0.03 | ठाकुरी गंझु , कजरू गंझु कुलेश्वर गंझु पिता स्व0 चमन गंझु वो कमल गंझु, जीवन गझु जानकी गंझु पिता स्व0 किशुन गंझु वो देवा गंझु, पैरू गंझु, बौधी गंझु, मो0 चरकी पिता स्व0 घनश्याम गंझु वो दशमी भुईन पिता स्व0 रूशन गंझु वो तिलक गंझु, पारसनाथ गंझु, परमेश्वर गंझु, जगदेव गंझु, खेमलाल गंझु पिता स्व0 रामसहाय गंझ वो भुनेश्वर गंझु पिता स्व0 सौना गंझु वो बुधन गंझु पिता स्व0 अलखु गंझु वो कोमल गंझु पिता कोइली गंझु वो छेदी गंझु पिता स्व0 दीना गंझु। | प्लॉट–485 | प्लॉट–278 | प्लॉट–487 | प्लॉट–477 |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों को सुनने और अधिनियम सं0 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

ग्राम चन्दौल, थाना बड़कागॉव, थाना सं0 129, अंचल बड़कागॉव, जिला हजारीबाग क्षेत्रफल 161.99 एकड़ यानि 65.55 हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है:–

1- *RFCTLARR Act-2013* के अनुसूची–I के अनुसार भूमि एवं परिसम्पति का मुआवजा:–

(क) भूमि का मुआवजा– प्रति एकड 24,56,986.00 रूपये (गुणाक घटक–2, सोलेशियम 100 प्रतिशत एवं तीन वर्ष की ब्याज की राशि सहित) देय होगा।

(ख) भूमि पर अवस्थित परिसम्पतियों का मुआवजा–संबंधित विभाग के द्वारा मुल्यांकन के पश्चात् मुल्यांकित राशि सोलिशियम सहित अर्थात मुल्यांकित राशि का दोगुना मुआवजा के रूप में प्रदान की जायेगी।

2- *RFCTLARR Act-2013* के अनुसूची–II के अनुसार पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबंधी उपबंध/हकदारियॉ–

| कंडिका | पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबंधी उपबंध/हकदारियॉ। | |
|---|---|---|
| 1. | **विस्थापन की दषा में आवासन इकाईयों की व्यवस्था:–** | |
| | **विकल्प** | **विस्थापित परिवारों को दिये जाने वाले लाभ** |
| | विकल्प–1 | 10 लाख रू0 प्रति परिवार स्वः स्थानांतरण (Self Re- location) की स्थिति में। |
| | विकल्प–2 | पुनर्वास कॉलोनी में निर्मित मकान। |
| | विकल्प–3 | पुनर्वास कॉलोनी में उपलब्धता के अनुसार एक प्लॉट। |
| | | 7,00,000/- रू0 पुनर्वास कॉलोनी में मकान के बदले। |
| 2. | **भूमि के लिए भूमि :–** लागू नहीं | |
| 3. | **विकसित भूमि के लिए प्रस्थापना :–**लागू नहीं। | |
| 4. | **रोजगार/वार्षिक वृति:–** | |
| | प्रभावित परिवार के एक सदस्य को समुचित प्रशिक्षण एवं कौशल विकास करने के पश्चात् योग्यता, अहर्ता एवं कम्पनी की आवश्यकता अनुसार नियोजित किया जायेगा। अथवा प्रभावित परिवार को एक मुश्त 5,00,000/- (पांच लाख रूपये) देय होगा। अथवा प्रभावित परिवार को नियमानुसार 2,000/- (दो हजार रूपये) प्रतिमाह 20 वर्ष तक वार्षिक वृति देय होगा। | |
| 5. | **विस्थापित कुटुंबों के लिए एक वर्ष की अवधि तक जीवन–निर्वाह अनुदान:–** | |
| | प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को एक वर्ष तक 3,000/- रू0 प्रति माह जीवन निर्वाह अनुदान प्रदान किया जायेगा। | |
| 6. | **विस्थापित कुटुंबों के लिए परिवहन खर्च:–** | |
| | प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को 50,000/- रू0 प्रति परिवार परिवहन खर्च देय होगा। | |
| 7. | **पशुबाड़ा खर्च:–** | |
| | पशुबाडा हेतु प्रत्येक विस्थापित कुटुंम्ब को वित्तीय सहायता के रूप में 35,000/- रू0 देय होगा। | |
| 8. | **कारीगरों, छोटे व्यापारियों, छोटी दुकान और कतिपय अन्य को एक बारगी अनुदान:–** | |
| | कारीगर, छोटे व्यापारी, छोटे दुकान रखने वाले या स्वनियोजित व्यक्ति के प्रत्येक प्रभावित परिवार या ऐसे परिवार जिसके स्वामित्वधीन प्रभावित क्षेत्र में गैर–कृषिक भूमि या वाणिज्यक, औद्योगिक या संस्थागत ढ़ांचा है तो ऐसे प्रभावित व्यक्ति को एक बारगी वित्तीय सहायता के रूप में प्रोत्साहन राशि 25,000/- (पच्चीस हजार रूपये) दिया जायेगा। | |
| 9. | **मछली पकड़ने का अधिकार:– लागू नहीं।** | |
| 10. | **एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ता:–** | |
| | प्रत्येक प्रभावित परिवार को एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ता के रूप में 50,000/- (पचास हजार रूपये) एक मुश्त भुगतान किया जायेगा। | |
| 11. | **स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रीकरण शुल्क:–** | |
| | प्रभावित परिवारों को आबंटित भूमि या मकान के रजिस्ट्रीकरण के लिए संदेय स्टांप शुल्क और अन्य फीस का वहन अडानी इन्टरप्राईजेज लि0 के द्वारा किया जायेगा। प्रभावित परिवारों को आबंटित मकान के लिए भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होगी। आबंटित भूमि या मकान प्रभावित परिवार की पत्नी और पति दोनों के संयुक्त नाम में हो सकेगा। | |

3. पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन कॉलोनी में अवसंरचनात्मक सुविधाऍ/सहुलियतें एवं संसाधान:– *RFCTLARR Act-2013* के अनुसूची–III के अनुसार उपलब्ध कराये जायेगें।

अन्य लाभ:– उपर्युक्त मुआवजा/सुविधाओं के अलावा अन्य लाभ भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अनुसार प्रभावित परिवारों को प्रदान किया जायेगा।

ह0/–
उपायुक्त सह समुचित सरकार,
हजारीबाग।

PR 336579 Land Reforms(24-25)D

## मुख्यमंत्री आवास पर आंगनवाड़ी सेविका/ सहायिका का प्रदर्शन 23 सितंबर कोः जे पी पांडेय

रांचीः झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी सेविका/ सहायिका संघ के उपाध्यक्ष जय प्रकाश पाण्डेय ने झारखंड प्रदेश के आंगनवाड़ी सेविका /सहायिकाओं को 23 सितंबर को भारी संख्या में मुख्यमंत्री आवास रांची में प्रदर्शन के लिए पहुंचने का आह्वान करते हुए कहा है की अभी नही जो तो कभी नहीं बहुत ही सुनहरा अवसर है एसे अवसर पर संपूर्ण राज्य की सेविकाएं/ सहायिकाएं आपने मांगो के पूर्ति कराने के लिए राची में प्रदर्शन करने के लिए 23 सितंबर को प्रस्थान कर रही है,झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के गलत नीतियों के कारण राज्य के आंगनवाड़ी महिला सेविका/ सहायिका वर्षों से शोषित और प्रताड़ित हो रही है,राज्य सरकार के निर्णय के बाद भी कई समस्याओं का समाधान अभी तक नहीं हो सका है,जो राज्य सरकार 05 लाख नौकरी लागू करने के वादा के साथ सत्ता में आई उसे राज्य की लगभग 80 हजार सेविका/सहायिका पर कोई ध्यान नहीं है उन्हें अभी तक राज्यकर्मी का दर्जा नहीं मिल सका है जब की अधिकांश सेविकाएं का बिना कुछ लाभ लिए कार्यवधि समाप्त हो रहा है तथा कइयों का निधन हो रहा है,परंतु राज्य सरकार का कोई लाभ उन्हे नही मिल पा रहा है,जिससे आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका में भारी आक्रोश व्याप्त है,जिसके कारण बाध्य होकर राज्य भर के आंगनवाड़ी सेविका/ सहायिका आंदोलन पर उत्तर रही है,ताकि आवाज मुख्यमंत्री के कानों तक पहुंचे और सेविका/ सहायिका को राज्यकर्मी का दर्जा मिल सके।

## भाजपा नेता हजारी प्र. साहू अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल हुए




रांचीः लोकहित अधिकार पार्टी राँची जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में हटिया विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह सम्पन्न हुई ! उक्त मौके पर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू , विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू ने भाजपा नेता हजारी प्रसाद साहू जी समेत सैकड़ों समर्थकों को फूल-माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया. प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि हमारी पार्टी आम लोगों को उच्च शिक्षा और असाध्य बिमारी का इलाज पूरी तरह निःशुल्क देना चाहती है. प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू ने कहा कि वोटरों के वोट से जीतने वाले विधायक और सांसद को आजीवन पेंशन दिया जाता है फिर वोटरों को वोटर पेंशन क्यों नहीं ? जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता ने कहा कि नॉन बैंकिंग कम्पनियों के द्वारा ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवारों को उनका पैसा लौटाने के लिए 30 सितम्बर को महामहिम राज्यपाल महोदय के समक्ष राँची में हमारी पार्टी एक दिवसीय महाधरना देगी. पार्टी में शामिल होने के बाद हजारी प्रसाद साहू ने कहा कि यदि पार्टी ने मुझे हटिया विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का अवसर दिया तो निश्चित रूप से चुनाव लड़ुंगा और जीत भी दर्ज करुंगा. मिलन समारोह को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक , विजय राय , धनंजय साहू , प्रेम कुमार साहू , ब्रजमोहन गुप्ता , श्याम सुन्दर ठाकुर , विश्वनाथ वर्मा , सुखदेव साहू , शंकर मिर्धा , शोभा उरांव , ब्रजराज प्रसाद साहू समेत कई ने अपने विचार रखें.

## अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह के अस्मिक निधन पर सीपीआई ने शोक प्रकट किया



रांचीः भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी रांची जिला परिषद ने पार्टी सदस्य सह झारखंड हाई कोर्ट में अधिवक्ता कॉमरेड अशोक कुमार सिंह के अस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है।अशोक सिंह न केवल पार्टी वे हाई कोर्ट में अधिवक्ता मोर्चा के भी सदस्य थे एवम हाई कोर्ट में केंद्रीय सरकार के सहायक अधिवक्ता के तौर पर दस वर्षो तक सेवा दिया एवम वर्तमान में राज्य सरकार के हाई कोर्ट के स्टैंडिंग काउंसिल के रूप कार्यरत थे। कॉम अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह शुरुआत के अपने स्कूली दिनों से ही सीपीआई के पूर्ण सदस्य के रूप में कार्य कर रहे थे इनका जीवन संघर्षों का जीवन रहा है ।मात्र 63 वर्ष की उम्र में हृदयगति रुक जाने से इनकी मौत हो गई ।इनकेआस्मिक निधन पर जिला सचिव अजय सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा की कॉम अशोक सिंह के जाने से एक सच्चा कम्यूनिस्ट और संघर्ष करने बाला साथी खो दिया है । कॉमरेड अशोक सिंह का असमय जाना पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है ।1984 से सीपीआई के सक्रिय सदस्य रहे है।

## आज से होगा 16वीं झारखंड राज्य पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज, तैयारी पूरी

**रांची**ः डोरंडा स्थित जैप 1 में सोमवार को 16वीं झारखंड राज्य पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज होगा. इसे लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है. दो दिन चलने वाले इस खेलकूद प्रतियोगिता में करीब 1500 पुलिस खिलाड़ी भाग लेंगे. इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सोमवार को मंत्री मिथिलेश ठाकुर और डीजीपी अनुराग गुप्ता करेंगे. बेहतर खेलने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली टीम के लिए किया जाएगा. इस प्रतियोगिता में फुटबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, पेंचाक सिलाट, योग, वॉलीबॉल, हॉकी, कुश्ती, कबड्डी, क्रास कंट्री, मैराथन, हैंडबॉल, तीरंदाजी, खो-खो, एथलेटिक्स, जिमनास्टिक, बॉक्सिंग, जूडो, वुशु, ताइक्वांडो, वेटलिफ्टिंग, कराटे, बॉडीबिल्डिंग, पावरलिफ्टिंग के इवेंट शामिल हैं.

## एनयूएसआरएल में बहुउद्देशीय और कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटनःदेश भर की मूट कोर्ट प्रतियोगिता में छात्रों ने किया है बेहतर प्रदर्शन, यह हॉल देगा नए अवसर

**रांची**ः राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय में बहुउद्देशीय हॉल और कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने किया। नया हॉल छात्रों को विभिन्न गतिविधियों के लिए अतिरिक्त अवसर प्रदान करेगा। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रो. वी. विजयकुमार (पूर्व कुलपति, एनएलआईयू, भोपाल), राजेश शरण सिंह (सचिव, विधि विभाग, झारखंड सरकार), राजेंद्र कृष्ण (अध्यक्ष, झारखंड बार काउंसिल) के साथ राधा कृष्ण गुप्ता (वरिष्ठ अधिवक्ता) शामिल थे। कुलपति प्रो. डॉ. अशोक आर. पाटिल ने कहा कि बहुउद्देशीय हॉल का उपयोग मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं के लिए भी किया जाएगा। हमारे विश्वविद्यालय के छात्रों ने देश भर में मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं में भाग लिया है और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह नया हॉल हमारे छात्रों के लिए और भी अधिक अवसर प्रदान करेगा।



## आदिवासी महासमागम का कार्यक्रम संपन्न

रांचीः भारत आदिवासी पार्टी झारखंड प्रदेश के तत्वाधान में सिल्ली विधानसभा के अंतर्गत पतराहातू मैदान में आदिवासी महासमागम का कार्यक्रम संपन्न हुई. इस कार्यक्रम मैं मुख्य अतिथि के तौर पर प्रेम शाही मुंडा और मुख्य वक्ता के तौर पर बबीता कश्यप शामिल हुई. इस महासमागम में हजारों की संख्या में युवा कार्यकर्ता भारत आदिवासी पार्टी में शामिल हुए. इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने संबोधित करते हुए कहा की सिल्ली विधानसभा की अपार संभावनाएं होनी चाहिए थी विकास का । लेकिन अभी तक विकास नहीं हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसलिए भारत आदिवासी पार्टी की आवश्यकता है।

# रांची में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, परीक्षा केंद्रों पर लगाया गया था जैमर

**रांची**ः झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित जेएसएससी सीजीएल परीक्षा-2023 रांची में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ. रविवार को रांची के 136 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित हुई. जिसमें 61236 परीक्षार्थियों में 41186 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए. वहीं 20050 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. बता दें कि पहले दिन रांची में 60920 परीक्षार्थियों में 19427 परीक्षार्थी शामिल हुए थे. परीक्षा का आयोजन तीन पाली में सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक हुआ. झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग( जेएसएससी) द्वारा आयोजित झारखण्ड सामान्य स्नातक स्तर योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता( सीजीएल) परीक्षा 21 और 22 सितंबर को राज्य के कुल 823 केन्द्रों पर आयोजित की गई. गौरतलब है कि सीएम हेमंत सोरेन के द्वारा निष्पक्ष, कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के लिए समीक्षा बैठक कर सभी जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये थे. सीएम के निर्देश पर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने निष्पक्ष और कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया. परीक्षा के दौरान राज्य में विधि-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे इसलिए प्रत्येक जिला में अस्थायी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गये थे. इस अवधि में सभी जिलों के कन्ट्रोल रूम पुलिस मुख्यालय के कंट्रोल रूम से जुड़े रहे तथा पल-पल की सूचना साझा की जा रही थी.



### सुरक्षा के थे पुख्ता इंतेजाम

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे. इस बार परीक्षा का डबल लेयर सिक्योरिटी में संपन्न कराया गया. प्रश्न पत्र सील बंद बक्से में कोड रहित ताले में बंद था. परीक्षा संबंधी गोपनीय सामग्री स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी की निगरानी में सील बंद कर गई थी. 72 गश्ती दण्डाधिकारी तथा स्टैटिक दण्डाधिकारी, परीक्षा पर्यवेक्षक एवं पुलिस पदाधिकारी और महिला एवं पुरूष पुलिस बल की निगरानी में परीक्षा कराया गया. परीक्षा को लेकर सुबह चार बजे से ही इंटरनेट बंद कर दी गई. वहीं परीक्षा केंद्रों पर भी जैमर लगाए गए थे.

## 217 होमगाड्र्स के जवान की पासिंग आउट परेड संपन्न

रांची : धुर्वा स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में रविवार को 217 होमगाड्र्स की पासिंग आउट परेड आयोजित की गयी. कार्यक्रम का नेतृत्व कमांडेंट सीटीआई कौशिक कुमार ने किया. 63 दिवसीय इस प्रशिक्षण में शारीरिक और शस्त्र प्रशिक्षण शामिल था. मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी होमगाड्र्स अजय लिंडा शामिल हुए.प्रशिक्षण की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि पहली बार महिला होमगाड्र्स को इंसास राइफल का प्रशिक्षण और फायरिंग कराई गयी. कई प्रशिक्षुओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, कुछ ने इंसास और .303 राइफल में 10/10 का सटीक निशाना लगाया. पासिंग आउट परेड का नेतृत्व परेड कमांडर अपर्णा कुमारी ने किया.


**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(जिला भू–अर्जन शाखा)**
**प्रपत्र VII**
**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**

(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोशणा सं0:– 1641 / भू0अ0, हजारीबाग। दिनांकः– 11.09.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा अडानी इन्टरप्राईजेज लि0, गोन्दुलपारा कोयला खान परियोजना हेतु ग्राम गाली, थाना बडकागॉव, थाना संख्या 144, अंचल बडकागॉव, जिला हजारीबाग में कुल 175.45 एकड़ यानि 71.00 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 175.45 एकड़ यानि 71.00 हेक्टेयर है और जो ग्राम गाली, थाना बड़कागॉव, थाना संख्या 144, अंचल बड़कागॉव, जिला हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 371 | 14 | 317 | नीज | टांड–III | 0.19 | कोल्हा गंझु, भोला गंझु पिता स्व0 गुलू गंझु वो नान्दो गंझु पिता स्व0 नगवा गंझु जाति भोगता साकिन देह। | प्लॉट–316 | प्लॉट–313 | प्लॉट–318 | प्लॉट–316 |
| 372 | 6 | 318 | नीज | टांड–II | 0.15 | जयनन्दन गंझु पिता स्व0 धनी गंझु वो मनी गंझु पिता गोपी गंझु वो दिपक गंझु, महेन्द्र गंझु, गिरधारी गंझु, सुधीर गंझु पिता स्व0 कुलेश्वर गंझु वो धनेश्वर गंझु पिता महावीर गंझु वो मधवा गंझु पिता स्व0 चरण गंझु वो मो0 अकली पति स्व0 ननकू गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–324 | प्लॉट–319 | प्लॉट–321 | प्लॉट–317 |
| 373 | 29 | 319 | नीज | टांड–II | 0.1 | सुमित्रा देवी पति मानकी राम सा0 गाली। | प्लॉट–318 | प्लॉट–310 | प्लॉट–320 | प्लॉट–317 |
| 374 | 6 | 320 | नीज | टांड–II | 0.11 | जयनन्दन गंझु पिता स्व0 धनी गंझु वो मनी गंझु पिता गोपी गंझु वो दिपक गंझु, महेन्द्र गंझु, गिरधारी गंझु, सुधीर गंझु पिता स्व0 कुलेश्वर गंझु वो धनेश्वर गंझु पिता महावीर गंझु वो मधवा गंझु पिता स्व0 चरण गंझु वो मो0 अकली पति स्व0 ननकू गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–321 | प्लॉट–310 | प्लॉट–309 | प्लॉट–319 |
| 375 | 29 | 321 | नीज | टांड–II | 0.14 | पारसनाथ गंझु, बालदेव गंझु, बोधन गंझु पिता स्व0 नेमा गंझु साकिन गाली। | प्लॉट–324 | प्लॉट–320 | प्लॉट–322 | प्लॉट–318 |
| 376 | 5 | 322 | नीज | टांड–II | 0.14 | मोहन भुईयां पिता स्व0 हरनाथ भुईयां वो रोहन भुईयां, ललीत भुईयां, चैता भुईयां पिता स्व0 रामसहाय भुईयां वो बासुदेव भुईयां, सुरेश भुईयां पिता स्व0 नान्दो भुईयां वो बिन्दु भुईयां, नेतल भुईयां, कार्तिक भुईयां पिता स्व0 किशुन भुईयां वो जगदेव भईयां, संतोष भुईयां, जनाधर भुईयां पिता स्व0 सहजु भुईयां वो विशेश्वर भुईयां, दीपक भुईयां पिता स्व0 बुटन भुईयां सा0 देह। | प्लॉट–323 | प्लॉट–309 | प्लॉट–306 | प्लॉट–321 |
| 377 | 5 | 322/1 | नीज | टांड–II | 0.06 | मो0 झलवा पति मोगल गंझु सा0 गाली। | प्लॉट–323 | प्लॉट–309 | प्लॉट–306 | प्लॉट–321 |
| 378 | 23 | 323 | नीज | मकान | 0.07 | सेख रजाक वल्द सेख जमउद्धीन जाति सेख सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–325 | प्लॉट–322 | प्लॉट–306 | प्लॉट–324 |
| 379 | 23 | 324 | नीज | टांड–I | 0.1025 | सेख रजाक वल्द सेख जमउद्धीन जाति सेख सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–325 | प्लॉट–318 | प्लॉट–323 | प्लॉट–316 |
| 380 | 23 | 324/I | नीज | टांड–I | 0.09 | मालती देवी पति बासुदेव भुईयां सा0 गाली | प्लॉट–325 | प्लॉट–318 | प्लॉट–323 | प्लॉट–316 |
| 381 | 23 | 324/II | नीज | टांड–I | 0.0375 | अनीता देवी पति बैजनाथ महतो उर्फ दिनेश्वर महतो जाति कोयरी सा0 गोन्दलपुरा | प्लॉट–325 | प्लॉट–318 | प्लॉट–323 | प्लॉट–316 |
| 382 | 29 | 325 | नीज | टांड–I | 0.295 | झुबर गंझु, कैलाश गंझु पिता स्व0 माघा गंझु वो बाना गंझु माता स्व0 झारी देवी वो सिदर गंझु पिता स्व0 शुकर गंझु सा0 देह। | प्लॉट–333 | प्लॉट–324 | प्लॉट–297 | प्लॉट–329 |
| 383 | 29 | 325/1 | नीज | टांड–I | 0.26 | जलधर महतो, चुरामन महतो पिता स्व0 नन्कू महतो वो महावीर महतो, बिरजु महतो पिता स्व0 चेतल महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–333 | प्लॉट–324 | प्लॉट–297 | प्लॉट–329 |
| 384 | 29 | 325/2 | नीज | टांड–I | 0.185 | पारसनाथ गंझु, बालदेव गंझु, बोधन गंझु पिता स्व0 नेमा गंझु साकिन गाली। | प्लॉट–333 | प्लॉट–324 | प्लॉट–297 | प्लॉट–329 |
| 385 | 29 | 326 | नीज | मकान | 0.01 | पारसनाथ गंझु, बालदेव गंझु, बोधन गंझु पिता स्व0 नेमा गंझु साकिन गाली। | प्लॉट–333 | प्लॉट–325 | प्लॉट–325 | प्लॉट–325 |
| 386 | 29 | 327 | नीज | मकान | 0.05 | पारसनाथ गंझु, बालदेव गंझु, बोधन गंझु पिता स्व0 नेमा गंझु साकिन गाली। | प्लॉट–333 | प्लॉट–325 | प्लॉट–325 | प्लॉट–328 |
| 387 | 9 | 328 | नीज | मकान | 0.07 | पारसनाथ गंझु, बालदेव गंझु, बोधन गंझु पिता स्व0 नेमा गंझु वो बंधु गंझु पिता स्व0 मेघन गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–333 | प्लॉट–329 | प्लॉट–327 | प्लॉट–330 |
| 388 | 9 | 329 | नीज | टांड–I | 0.19 | पारसनाथ गंझु, बालदेव गंझु, बोधन गंझु पिता स्व0 नेमा गंझु वो बंधु गंझु पिता स्व0 मेघन गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–328 | प्लॉट–333 | प्लॉट–325 | प्लॉट–330 |
| 389 | 6 | 330 | नीज | टांड–II | 0.2 | जयनन्दन गंझु पिता स्व0 धनी गंझु वो मनी गंझु पिता गोपी गंझु वो दिपक गंझु, महेन्द्र गंझु, गिरधारी गंझु, सुधीर गंझु पिता स्व0 कुलेश्वर गंझु वो धनेश्वर गंझु पिता महावीर गंझु वो मधवा गंझु पिता स्व0 चरण गंझु वो मो0 अकली पति स्व0 ननकू गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–333 | प्लॉट–333 | प्लॉट–329 | प्लॉट–333 |
| 390 | 6 | 331 | नीज | मकान | 0.02 | जयनन्दन गंझु पिता स्व0 धनी गंझु वो मनी गंझु पिता गोपी गंझु वो दिपक गंझु, महेन्द्र गंझु, गिरधारी गंझु, सुधीर गंझु पिता स्व0 कुलेश्वर गंझु वो धनेश्वर गंझु पिता महावीर गंझु वो मधवा गंझु पिता स्व0 चरण गंझु वो मो0 अकली पति स्व0 ननकू गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–330 | प्लॉट–332 | प्लॉट–330 | प्लॉट–333 |
| 391 | 6 | 332 | नीज | मकान | 0.01 | जयनन्दन गंझु पिता स्व0 धनी गंझु वो मनी गंझु पिता गोपी गंझु वो दिपक गंझु, महेन्द्र गंझु, गिरधारी गंझु, सुधीर गंझु पिता स्व0 कुलेश्वर गंझु वो धनेश्वर गंझु पिता महावीर गंझु वो मधवा गंझु पिता स्व0 चरण गंझु वो मो0 अकली पति स्व0 ननकू गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–331 | प्लॉट–332 | प्लॉट–330 | प्लॉट–330 |
| 392 | 21 | 334 | नीज | मकान | 0.01 | देवन्ती देवी पति दशरथ भुइयां सा0 गाली। | प्लॉट–335 | प्लॉट–335 | प्लॉट–335 | प्लॉट–335 |
| 393 | 21 | 335 | नीज | टांड–II | 0.115 | अन्तु राणा, पन्तु राणा, सरला राणा पिता स्व0 बुधन बडही वो कैला राणा वो मुटर राणा पिता नन्हक राणा सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–333 | प्लॉट–315 | प्लॉट–316 | प्लॉट–336 |
| 394 | 21 | 335/1 | नीज | टांड–II | 0.145 | देवन्ती देवी पति दशरथ भुइयां सा0 गाली। | प्लॉट–333 | प्लॉट–315 | प्लॉट–316 | प्लॉट–336 |
| 395 | 5 | 336 | नीज | टांड–II | 0.2 | मोहन भुईयां पिता स्व0 हरनाथ भुईयां वो रोहन भुईयां, ललीत भुईयां, चैता भुईयां पिता स्व0 रामसहाय भुईयां वो बासुदेव भुईयां, सुरेश भुईयां पिता स्व0 नान्दो भुईयां वो बिन्दु भुईयां, नेतल भुईयां, कार्तिक भुईयां पिता स्व0 किशुन भुईयां वो जगदेव भईयां, संतोष भुईयां, जनाधर भुईयां पिता स्व0 सहजु भुईयां वो विशेश्वर भुईयां, दीपक भुईयां पिता स्व0 बुटन भुईयां सा0 देह। | प्लॉट–333 | प्लॉट–313 | प्लॉट–335 | प्लॉट–337 |
| 396 | 5 | 336/1 | नीज | टांड–II | 0.14 | नागेश्वर महतो वो जागेश्वर महतो(ज्योति जलधर) पिता गोर्वधन महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–333 | प्लॉट–313 | प्लॉट–335 | प्लॉट–337 |
| 397 | 5 | 336/2 | नीज | टांड–II | 0.12 | नागेश्वर महतो वो जागेश्वर महतो(ज्योति जलधर) पिता गोर्वधन महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–333 | प्लॉट–313 | प्लॉट–335 | प्लॉट–337 |
| 398 | 5 | 336/3 | नीज | टांड–II | 0.04 | कैला भुईया, दशरथ भुईयां, जितन भुईयां, मिर्जा भुईयां पिता स्व0 तिलक भुईयां सा0 गाली। | प्लॉट–333 | प्लॉट–313 | प्लॉट–335 | प्लॉट–337 |
| 399 | 8 | 337 | नीज | टांड–II | 0.055 | मनोज कुमार, भौसले, दीलीप कुमार भौसले पिता स्व0 देवकी नन्दन राउत वो उदय शंकर राउत, प्रेम राउत, दया राउत, टिंकु राउत, रविशंकर राउत पिता स्व0 मथुरा राउत वो हिना कुमारी, जेडी कुमारी, सुमित राउत पिता स्व0 तारा राउत वो अरूण राउत, अजय राउत,, आनंद कुमार, अभय कुमार, पप्पु कुमार माता स्व0 सुमित्रा देवी(पति पुरन चन्द्र) वो शुशीला देवी पति स्व0 मानकी राम (पति रघुनन्दन प्रसाद जाति कुरमी सा0 देह ब हिस्सा बराबर। | प्लॉट–333 | प्लॉट–340 | प्लॉट–336 | प्लॉट–339 |
| 400 | 8 | 337/1 | नीज | टांड–II | 0.055 | तिरथनाथ महतो पिता त्रिवेणी महतो सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–333 | प्लॉट–340 | प्लॉट–336 | प्लॉट–339 |
| 401 | 19 | 338 | नीज | मकान | 0.03 | पच्चु भुईयां पिता स्व0 बिरू भुईयां वो कैला भुईयां, दशरथ भुईयां, जीतन भुईयां, गीरजा भुईयां पिता स्व0 तिलक भुईयां वो मदन भुईयां पिता स्व0 बंधु भुईयां जाति भुईयां सा0 देह ब हिस्सा बराबर | प्लॉट–333 | प्लॉट–339 | प्लॉट–337 | प्लॉट–339 |
| 402 | 19 | 339 | नीज | टांड–II | 0.32 | पच्चु भुईयां पिता स्व0 बिरू भुईयां वो कैला भुईयां, दशरथ भुईयां, जीतन भुईयां, गीरजा भुईयां पिता स्व0 तिलक भुईयां वो मदन भुईयां पिता स्व0 बंधु भुईयां जाति भुईयां सा0 देह ब हिस्सा बराबर | प्लॉट–333 | प्लॉट–340 | प्लॉट–337 | प्लॉट–349 |
| 403 | 13 | 340 | नीज | टांड–II | 0.16 | भूलनी देवी पिता स्व0 लोकन महतो वो प्रभु महतो पिता रमल महतो वो राजकुमार महतो गणेश महतो पिता स्व0 भुखल महतो वो हिरू महतो घूजू महतो पिता स्व0 चान्दो महतो वो भीम प्रकाश महतो पिता स्व0 मोती महतो वो बलकु महतो शिवनन्दन महतो मोहन महतो पिता स्व0 धनु महतो वो भिखन महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो वो मिथलेश महतो पिता स्व0 फागुन महतो जाति कोयरी साकिन गोन्दलपुरा। | प्लॉट–339 | प्लॉट–341 | प्लॉट–313 | प्लॉट–342 |
| 404 | 4 | 341 | नीज | टांड–II | 0.18 | भीखु राणा पिता स्व0 बंधन राणा वो नेपल राणा पिता स्व0 बंशी राणा वो पुरन राणा, सीताराम राणा, जनार्दन राणा पिता स्व0 उत्तीम राणा वो गुलाबी राणा पिता स्व0 बुधन राणा वो फागुन राणा पिता स्व0 खुशी बडही वो दयाल राणा, फुटानी राणा, गोविन्द राणा, रामेश्वर राणा पिता स्व0 सोना राणा वो घमन राणा, लाखो राणा, युगल राणा पिता स्व0 खेदन राणा वो गोविन्द राणा, अशोक राणा, मनोज राणा पिता स्व0 रमल राणा वो बढन राणा पिता स्व0 गजू राणा वो दशरथ राणा, बिन्दु राणा पिता स्व0 कोल्हा राणा वो ईश्वरी राणा, धारो राणा पिता स्व0 जीतन राणा वो महेश राणा, नरेश राणा पिता स्व0 विगन राणा वो देवा राणा, लक्ष्मण राणा, धनी राणा, मिठु राणा, महेन्द्र राणा पिता स्व0 दिलचन्द राणा वो लालसहाय राणा, कोमल राणा, तिलक राणा पिता स्व0 भेखल राणा वो हिरू राणा, भुनेश्वर राणा पिता स्व0 टेकल राणा वो मोगल राणा पिता स्व0 रिझन राणा वो तुलसी राणा, खेमलाल राणा, प्रभु राणा, महावीर राणा पिता स्व0 जग्रनाथ राणा वो दुखन राणा पिता स्व0 लेदो राणा सा0 गोन्दलपुरा | प्लॉट–340 | प्लॉट–378 | प्लॉट–312 | प्लॉट–342 |
| 405 | 9 | 342 | नीज | टांड–II | 0.59 | पारसनाथ गंझु, बालदेव गंझु, बोधन गंझु पिता स्व0 नेमा गंझु वो बंधु गंझु पिता स्व0 मेघन गंझु जाति भोगता सा0 देह। | प्लॉट–348 | प्लॉट–378 | प्लॉट–341 | प्लॉट–343 |
| 406 | 26 | 343 | नीज | टांड–II | 0.52 | छेदी गंझु, धनेश्वर गंझु, कपील गंझु पिता स्व0 विफा गंझु सा0 देह। | प्लॉट–347 | प्लॉट–342 | प्लॉट–342 | प्लॉट–344 |
| 407 | 5 | 347 | नीज | टांड–II | 0.1367 | मोहन भुईयां पिता स्व0 हरनाथ भुईयां वो रोहन भुईयां, ललीत भुईयां, चैता भुईयां पिता स्व0 रामसहाय भुईयां वो बासुदेव भुईयां, सुरेश भुईयां पिता स्व0 नान्दो भुईयां वो बिन्दु भुईयां, नेतल भुईयां, कार्तिक भुईयां पिता स्व0 किशुन भुईयां वो जगदेव भईयां, संतोष भुईयां, जनाधर भुईयां पिता स्व0 सहजु भुईयां वो विशेश्वर भुईयां, दीपक भुईयां पिता स्व0 बुटन भुईयां सा0 देह। | प्लॉट–350 | प्लॉट–343 | प्लॉट–348 | प्लॉट–346 |
| 408 | 5 | 347/1 | नीज | टांड–II | 0.0733 | मो0 रधवा पति भेखल राणा सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–350 | प्लॉट–343 | प्लॉट–348 | प्लॉट–346 |
| 409 | 5 | 347/2 | नीज | टांड–II | 0.21 | दशरथ भूईयां पिता तिलक भूईयां साकिन गाली। | प्लॉट–350 | प्लॉट–343 | प्लॉट–348 | प्लॉट–346 |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों को सुनने और अधिनियम सं0 30 / 2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः

ग्राम चन्दौल, थाना बड़कागॉव, थाना सं0 129, अंचल बड़कागॉव, जिला हजारीबाग क्षेत्रफल 161.99 एकड़ यानि 65.55 हेक्टेयर, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैः–

1- *RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची–I के अनुसार भूमि एवं परिसम्पति का मुआवजाः–

**(क) भूमि का मुआवजा–** प्रति एकड 24,56,986.00 रूपये (गुणाक घटक–2, सोलेशियम 100 प्रतिशत एवं तीन वर्ष की ब्याज की राशि सहित) देय होगा।

**(ख) भूमि पर अवस्थित परिसम्पतियों का मुआवजा–**संबंधित विभाग के द्वारा मुल्यांकन के पश्चात् मुल्यांकित राशि सोलिशियम सहित अर्थात मुल्यांकित राशि का दोगुना मुआवजा के रूप में प्रदान की जायेगी।

2- *RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची–II के अनुसार पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबधी उपबंध / हकदारियॉ–

| कंडिका | पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबधी उपबंध / हकदारियॉ। |
|---|---|
| 1. | **विस्थापन की दशा में आवासन इकाईयों की व्यवस्थाः–** |
| | **विकल्प** — **विस्थापित परिवारों को दिये जाने वाले लाभ** |
| | विकल्प–1 — • 10 लाख रू0 प्रति परिवार स्वः स्थानांतरण (Self Re- location) की स्थिति में। |
| | विकल्प–2 — • पुनर्वास कॉलोनी में निर्मित मकान। |
| | विकल्प–3 — • पुनर्वास कॉलोनी में उपलब्धता के अनुसार एक प्लॉट। • 7,00,000/- रू0 पुनर्वास कॉलोनी में मकान के बदले। |
| 2. | **भूमि के लिए भूमि** :– लागू नहीं |
| 3. | **विकसित भूमि के लिए प्रस्थापना** :–लागू नहीं। |
| 4. | **रोजगार / वार्षिक वृतिः–** |
| | ➢ प्रभावित परिवार के एक सदस्य को समुचित प्रशिक्षण एवं कौशल विकास करने के पश्चात् योग्यता, अहर्ता एवं कम्पनी की आवश्यकता अनुसार नियोजित किया जायेगा। अथवा ➢ प्रभावित परिवार को एक मुश्त 5,00,000/- (पांच लाख रूपये) देय होगा। अथवा ➢ प्रभावित परिवार को नियमानुसार 2,000/- (दो हजार रूपये) प्रतिमाह 20 वर्ष तक वार्षिक वृति देय होगा। |
| 5. | **विस्थापित कुटुंबों के लिए एक वर्ष की अवधि तक जीवन–निर्वाह अनुदानः–** |
| | ➢ प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को एक वर्ष तक 3,000/- रू0 प्रति माह जीवन निर्वाह अनुदान प्रदान किया जायेगा। |
| 6. | **विस्थापित कुटुंबों के लिए परिवहन खर्चः–** |
| | ➢ प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को 50,000/- रू0 प्रति परिवार परिवहन खर्च देय होगा। |
| 7. | **पशुबाड़ा खर्चः–** |
| | ➢ पशुबाडा हेतु प्रत्येक विस्थापित कुटुंम्ब को वित्तीय सहायता के रूप में 35,000/- रू0 देय होगा। |
| 8. | **कारीगरों, छोटे व्यापारियों, छोटी दुकान और कतिपय अन्य को एक बारगी अनुदानः–** |
| | ➢ कारीगर, छोटे व्यापारी, छोटे दुकान रखने वाले या स्वनियोजित व्यक्ति के प्रत्येक प्रभावित परिवार या ऐसे परिवार जिसके स्वामित्वधीन प्रभावित क्षेत्र में गैर–कृषिक भूमि या वाणिज्यक, औद्योगिक या संस्थागत ढ़ांचा है तो ऐसे प्रभावित व्यक्ति को एक बारगी वित्तीय सहायता के रूप में प्रोत्साहन राशि 25,000/- (पच्चीस हजार रूपये) दिया जायेगा। |
| 9. | **मछली पकड़ने का अधिकारः– लागू नहीं।** |
| 10. | **एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ताः–** |
| | ➢ प्रत्येक प्रभावित परिवार को एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ता के रूप में 50,000/- (पचास हजार रूपये) एक मुश्त भुगतान किया जायेगा। |
| 11. | **स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रीकरण शुल्कः–** |
| | ➢ प्रभावित परिवारों को आबंटित भूमि या मकान के रजिस्ट्रीकरण के लिए संदेय स्टांप श ुल्क और अन्य फीस का वहन अडानी इन्टरप्राईजेज लि0 के द्वारा किया जायेगा। ➢ प्रभावित परिवारों को आबंटित मकान के लिए भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होगी। ➢ आबंटित भूमि या मकान प्रभावित परिवार की पत्नी और पति दोनों के संयुक्त नाम में हो सकेगा। |

3. पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन कॉलोनी में अवसंरचनात्मक सुविधाऍ / सहुलियतें एवं संसाधानः– *RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची–III के अनुसार उपलब्ध कराये जायेगें।

**अन्य लाभः–** उपर्युक्त मुआवजा / सुविधाओं के अलावा अन्य लाभ भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अनुसार प्रभावित परिवारों को प्रदान किया जायेगा।

**ह0 / –**
**उपायुक्त सह समुचित सरकार**
**हजारीबाग।**

PR 336484 (Land Reforms) 24-25 (D)

# खाता ना बही- सरकार जो कहे सो सही

सात साल में 07 राज्यों की सरकारों द्वारा 1935 आरोपियों की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाकर तुरंत न्याय करते हुए उन्हें सजा दे दी गई। यह सजा सरकार ने आरोप के आधार पर तुरंत दान महा कल्याण की तर्ज पर दी है। तुरंत न्याय करके सरकार ने अपनी ताकत का एहसास करा दिया है। सरकार के इस न्याय से अपराधियों में खौफ है। यह कहा जा रहा है। इस खौफ के बाद भी अपराध कम होने के स्थान पर बढ़ते क्यों जा रहे हैं, यह चिंता का विषय है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपराधियों में खौफ पैदा करने और तुरंत सजा देने के लिए अघोषित और असंवैधानिक बुलडोजर कानून लागू किया था। आरोप के आधार पर आरोपी को बुलडोजर चला कर अपराधी के घर, मकान और संपत्ति को नष्ट करने का सिलसिला उत्तर प्रदेश सरकार ने शुरू किया था। सरकार ने बुलडोजर से आरोपी और उसके परिवार की संपत्ति नष्ट कर दी। उस संपत्ति को अवैध निर्माण या सरकारी जमीन पर कब्जा बताकर आनन-फानन में बुलडोजर और पुलिस बल की सहायता से तोड़ दिया गया। उत्तर प्रदेश में पिछले 7 सालों में 1535 अवैध निर्माणों को बुलडोजर से तोड़ा गया है। इसके बाद मध्य प्रदेश में 259 निर्माण तोड़े गए हैं। तीसरे नंबर पर हरियाणा है, यहां पर 64 निर्माण बुलडोजर से तोडे गये। गुजरात में 55, राजस्थान में 10, दिल्ली में 10 और झारखंड में 2 इस प्रकार लगभग 1935 संपत्तियों को आरोप के आधार पर बुलडोजर से नष्ट किया गया है। इसमें सबसे बड़ी खास बात यह है की एक धर्म विशेष के लोगों की लगभग 90 फ़ीसदी संपत्तियों को आरोप के आधार पर तोड़ा गया। मध्य प्रदेश में 1 अपराधी की ऐसी संपत्ति को तोड़ा गया जिसे बनने में 7 साल लगे, करोड़ों रुपए से उसका निर्माण हुआ, जमीन का स्वामित्व भी था और नक्शा भी पास था। उसके बाद बुलडोजर कानून को लेकर न्यायालय की नींद खुली। अब इस मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अगले आदेश तक बुलडोजर से इस तरह का न्याय रोक दिया है। अपराध किसी एक व्यक्ति ने किया, उसके ऊपर आरोप लगा। आरोप की सत्यता जांचे बिना आरोपी के परिवार की पूरी संपत्ति को तोड़ कर सारे परिवार को बेदखल करने का यह बुलडोजर कानून भारत में पिछले 7 साल से चल रहा था। इस कानून के कारण उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को देश भर में एक नई पहचान मिली। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट इस न्याय को होते हुए देख रही थी। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने अपनी आंखों पर काली पट्टी बांध रखी है। जो भारतीय संवैधानिक न्यायपालिका की संवेदनशीलता और निष्पक्षता का सबसे बड़ा प्रमाण है। सरकारों ने असंवैधानिक और गैर कानूनी तरीके से जिस तरह से बुलडोजर के माध्यम से आरोपियों की संपत्तियों को नेस्त-नाबूत किया है, वह भारतीय संविधान में प्रत्येक नागरिक के मूलभूत अधिकारों का स्पष्ट रूप से सरकार द्वारा हनन किया गया है। न्याय प्रक्रिया का पालन किए बिना सरकार के अधिकारियों ने न्यायपालिका के अधिकारों का उपयोग, प्रशासकीय अधिकारियों ने अवैधानिक तरीके से किया है। किसी भी मामले में न्यायिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। एक व्यक्ति के किए हुए अपराध की सजा उसके पूरे परिवार को दे दी गई। मीडिया में उसका प्रचार-प्रसार किया गया। ताकि अपराधी और अपराधों को लेकर लोगों में भय का वातावरण बने। सारी न्यायिक प्रक्रिया को धता बता दिया गया। जिसकी संपत्ति को बुलडोजर से तोड़ा गया। उसको इतना समय भी नहीं दिया गया, कि वह अपना पक्ष सरकार और न्यायपालिका के पास रख सके। सरकार और उसके अधिकारियों ने अपनी सारी ताकत आरोपी की संपत्ति को ध्वस्त करने में लगा दी। परिवार और समाज में भय एवं दहशत का वातावरण बना दिया। उत्तर प्रदेश से बुलडोजर कानून शुरू हुआ था। धीरे-धीरे यह अन्य भाजपा शासित राज्यों में तेजी के साथ फैला। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहचान बुलडोजर बाबा के रूप में देश में बन गई। बुलडोजर की ख्याति विदेशों तक पहुंच गई। बुलडोजर की कार्रवाई एक धर्म विशेष के लोगों के खिलाफ किए जाने के आरोप लगे। प्रशासकीय अधिकारी धर्म विशेष के आरोपियों पर बुलडोजर चलाकर तुरंत न्याय करने लगे। रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है- समरथ को नहीं दोष गुसाईं। सरकार और भगवान से ज्यादा समर्थवान कोई हो ही नहीं सकता है। भगवान और सरकार किसी की भी जान ले सकती है। जिन लोगों को बुलडोजर से न्याय मिला है, निश्चित रूप से वह इस तरह से दंडित होने का भाग्य लेकर जन्मे थे। यही कहा जा सकता है। कहने को भारत में संवैधानिक व्यवस्था लागू है। भारत के नागरिकों को समान रूप से मौलिक अधिकार प्राप्त हैं। भारत की न्याय व्यवस्था सभी के लिए एक समान है। पिछले वर्षों में जिस तरह से आरोप के आधार पर बिना किसी सुनवाई और सफाई के जिस तरह से आरोपी के परिवारों को दंडित किया गया है। उसके बाद निश्चित रूप से सरकार के प्रति खौफ पैदा होना स्वाभाविक है। भय बिन प्रीत ना होय गुसाईं की तर्ज पर, सरकार ने आम जनता के मन में सरकार के प्रति, प्रीत बुलडोजर कानून से जगा दी है। निश्चित रूप से लोगों में डर और भय पैदा हुआ है। इसके बाद भी अपराध कम होने के स्थान पर लगातार बढ़ते जा रहे हैं। यह चिंता का विषय है। हाल ही में उड़ीसा में सेना के एक कैप्टन उसकी मंगेतर जो एक वकील भी है, जो एक रिटायर्ड ब्रिगेडियर की लड़की है। सेना के कैप्टन के साथ होते हुए थाने के अंदर पुलिस ने उनके साथ जो न्याय किया है। यह न्याय भी बुलडोजर कानून की तरह है। थाने के अंदर पुलिस ने सेना के कप्तान और उसकी मंगेतर को लॉकअप में बंद करके उनके साथ मारपीट की। इस तरह सेना के जवान को लॉकअप में बंद करने का कोई अधिकार पुलिस के पास नहीं है। उसकी मंगेतर जो स्वयं वकील है, उसकी गलती थी कि उसने पुलिस को नियम, कानून और अधिकार को समझाने की कोशिश की। पुलिस ने उसे पुलिसिया कानून समझा दिया। थाने के अंदर उसके साथ क्या-क्या हुआ है। इसको जानकर सभी लोग हैरत में हैं। जब एक ब्रिगेडियर की बेटी और वकील तथा सेना का कैप्टन थाने के अंदर सुरक्षित नहीं है। ऐसी स्थिति में भारत की संवैधानिक और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को लेकर क्या कहा जा सकता है। जिनके ऊपर संविधान की रक्षा का दायित्व है। उन्होंने भी अपनी आंखों पर काली पट्टी बांध रखी है। आंख, कान, नाक, मुंह सब बंद हैं। ऐसी स्थिति में यही कहा जा सकता है कि भाग्य को कोई नहीं बदल सकता है। जो उनके भाग्य में था, उन्हें मिला। संतोष करने के अलावा जनता के पास और अन्य कोई विकल्प भी नहीं है।

## पाप कर्म का फल हानिकारक है

कहहिं कबीर यह कलि है खोटी। जो रहे करवा सो निकरै टोटी।। एक छोटा सा पहाड़ी गांव था। ग्राम के सभी लोग शराब व मांस का सेवन करते थे। जो शराब नहीं पीता था, जो मांस नहीं खाता था उसे ग्राम सजा के रूप में ग्राम बाहर कर देते थे। उसी ग्राम का एक आदमी अपने संबंधी के गांव गया। ग्राम में संतजन आए हुए थे। अतः अपने समधी के साथ सत्संग में चला गया। उपदेश का जादू ऐसा कर गया कि वह तत्काल प्रभाव से शराब व मांस सेवन छोड़ दिया। गांव वापस आने पर पूरा परिवार इस दुर्व्यसन को छोड़ दिए। यह तथ्य ग्राम में फैल गई। बैठक हुई और उसे गांव बहिरा की सजा दे दी गई गांव वाले उस परिवार से कटने लगे। नाई, धोबी, नौकर आदि सब ने उसके यहां काम करना बंद कर दिया। कुछ दिन उसे जीवनयापन में अड़चन हुई परंतु धीरे-धीरे सब सामान्य हो गया। गांव के और लोग उनसे प्रभावित होकर शराब मांस छोड़ दिए। साहेब कहते हैं कि, हे अभागा मनुष्य! तुम्हें बुरे कार्य करने के लिए किसने सम्मानित किया है जो रात दिन चोरी, झूठ, नशापान, मांस खाने में आनंद मानते हो और विषयों में सुख का भ्रम पाल रहे हो आज कल में तेरा अंत हो जाएगा। जीवन भर अशुभ कार्य करते हुए इस उत्तम मानव शरीर का दुरुपयोग ही किए हो अतः मृत्यु पश्चात तुम्हारा कहां निवास होगा इसका तुम्हें होश नहीं है। राम न रमसि कौन डंड लागा। राम भजन है शुभ कार्य। शुभ कार्य छोड़कर अशुभ काम में लिप्त रहने तुम्हें किसने दंडित या गांव बहिरा किया है? साहेब कहते हैं, पाप कर्म बहुत बुरी बात है। पाप कर्म का फल हानिकारक है, पाप कर्म काटने के लिए तीर्थ जाते हो। पूजा पाठ करते हो। केश-मुंडन कराते हो। तंत्र-मंत्र तथा पाखंड युक्त कर्म करके मुक्त होना चाहते हो। ये सब तुम्हारा भ्रम है अपने अंदर की पशुत्व को मिटाना छोड़ पशुबलि पर मुक्ति पाने का भ्रम पालते हो। साहेब कहते हैं, जीवन में जिसकी कमाई होगी उसी का फल मिलेगा। मनुष्य जो कुछ जीवन भर करता है उन्हीं सबका संस्कार मन में इकट्ठे होकर भीतर जमा होते हैं। और उन्हीं का फल आज तथा आगे मिलते हैं यदि तुमने जीवन में अच्छे संस्कार की कमाई की है तो तुम्हारे जीवन में शांति बनी रहेगी। ड्रम को मांज धोकर स्वच्छ जल भरोगे तो ड्रम के नल से स्वच्छ जल ही निकलेगा। गंदा पानी भरने से गंदा पानी निकलेगा। तेल भरने से तेल व जहर भरने से जहर ही निकलेगा। हे अभागे मनुष्य तू अपना माना हुआ सब कुछ छोड़कर एक दिन यहां से चला जाएगा। धन-जन साथी सब छूटेंगे। परंतु राम नहीं छूटेगा और राम है तेरी चेतना तेरा अभिन्न स्वरूप अतः सारी वासनाएं छोड़कर राम में लीन हो जा। वे कहते हैं।

राम न रमसि कौन डंड लागा।
मरि जबै का करिये अभागा।।

# हम किसी के खिलाफ नहीं , सब हमारे खिलाफ

> हम उम्मीद करते हैं कि मोदी जी कि अमेरिका यात्रा कामयाब हो ताकि हमारे सुरक्षा सलाहकार डोभाल साहब की रक्षा हो सके। हमारे देश के खिलाफ अमेरिका में काम कर रहे समूहों को वहां कि सरकार का समर्थन मिलना बंद हो सके। हम मोदी जी कि कामयाबी चाहते है। वे देश में कामयाब नहीं हो पा रहे तो कम से कम विदेश में तो कामयाब हो जाएँ ,अन्यथा उनके शांतिदूत बनने के सपने का क्या होगा? वे अभी तक रूस और यूक्रेन का युद्ध तो रुकवाने में कामयाब हो नहीं पाए। बहरहाल मोदी जी ही हैं जो हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनावों के दौरान भाजपा को अकेला छोड़कर अमेरिका चले गए, कोई दूसरा होता तो शायद बीमारी का बहाना बना लेता।

राकेश अचल

अमेरिका ने भारत के सुरक्षा सलाहकार को समन देकर बुलाया है और प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी को एक अतिथि के रूप में । वे अमेरिका में हो रहे क्वाड सम्मेलन में शामिल हुए हैं। अमेरिका के बराबर व्यवहार की अनदेखी कर मोदी जी ने दरियादिली दिखते हुए कहा है कि क्वाड शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब दुनिया तनाव और संघर्ष से घिरी हुई है। ऐसे में साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर क्वाड का एक साथ काम करना पूरी मानवता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। उन्होंने ये नहीं कहा की हमारे खिलाफ कौन-कौन है ? क्योंकि सब जानते हैं की शेष दुनिया का बड़ा हिस्सा हमारे खिलाफ है। आपको बता दूँ कि अमेरिका के डेलावेयर में आयोजित क्वाड शिखर सम्मेलन में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब दुनिया तनाव और संघर्ष से घिरी है। माननीय मोदी जी ने कहा कि साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर क्वाड देशों को एक साथ काम करना पूरी मानवता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अभी ये पता नहीं चला कि मोदी जी अपने पुराने मित्र डोनाल्ड ट्रम्प से मिले या नही। उन्होंने बराक ओबामा से भेंट कि या नहीं। ओबामा से मोदी जी के तो-तड़ाक वाले रिश्ते हैं।

अमेरिका से खबरें आ रहीं हैं कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी तीन दिवसीय अमेरिकी यात्रा के पहले चरण में अमेरिका के फिलाडेल्फिया हवाई अड्डे पर पहुंचे। क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने से पहले उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए नए रास्ते खोजे।वेदन और मोदी जी कि मुलाकात में डोभाल को समन और व्हाइट हॉउस में पृथकतावादी आंदोलन के समर्थकों से मुलाकात का मुद्दा उठा या नहीं ,इसकी जानकारी फिलहाल उपलब्ध नहीं है। क्वाड सम्मेलन के लिए जिसने भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दस मोदी का भाषण लिखा ,बढ़िया लिखा । मोदी जीने कहा कि -हम सभी नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान और सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं। स्वतंत्र, खुला, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत हमारी साझा प्राथमिकता और साझा प्रतिबद्धता है।उन्होंने कहा, क्वाड देशों ने स्वास्थ्य, सुरक्षा, महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में कई सकारात्मक और समावेशी पहल की हैं। कहा, हमारा स्पष्ट संदेश है- क्वाड यहां रहने, सहायता करने, साझेदारी करने और पूरक बनने के लिए है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राष्ट्रपति बाइडन और अपने सभी सहयोगियों को इस सम्मेलन के लिए बधाई दी। साथ ही 2025 में भारत में क्वाड लीडर्स समिट की मेजबानी करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इससे एक संदेश भारत के विपक्षी दलों को भी मिला कि मोदी जी न तो अभी देश में मध्यावधि चुनाव करने वाले हैं और न 75 के होने पर राजनीति से सन्यास लेने वाले हैं। वे जो बाइडन को शाद अपना आदर्श मान बैठे हैं और कम से कम जो बाइडन की उम्र तक तो सत्ता छोड़ने वाले नहीं हैं। आपको पता ही होगा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन साहब इस समय कुल 82 साल के हैं। क्वाड शिखर सम्मेलन के बाद सदस्य देशों के नेता कैंसर मूनशॉट इवेंट में शामिल हुए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कैंसर की रोकथाम के लिए 7.5 मिलियन डॉलर के पैकेज और 4 करोड़ वैक्सीन डोज की घोषणा की. उन्होंने कहा कि भारत का विजन है- वन अर्थ, वन हेल्थ। निश्चित ही भारत कि ये पहल भारत के सनातन सूत्र वसुधैव कुटुंबम की अवधारणा के अनुरूप है। मोदी कि अमेरिका यात्रा के क्या निहितार्थ निकले जायेंगे ,ये बताना अभी जरूरी नहीं है लेकिन उनकी इस यात्रा का डंका भारत में हो रहे अनेक विधानसभाओं के चुनावों में अवश्य सुनाई देगी, क्योंकि देश में मोदी जी समस्याओं से घिरे हैं, उनकी उपलब्धियों का झुनझुना बजने से पहले ही कोलाहल में डूब जाता है ,किन्तु मोदी जी हार मैंने वालों में से नहीं है। भले ही देश के लोग वन नेशन- वन इलेक्शन के उनके ख्वाब कि अनदेखी करें किन्तु वे दुनिया को तो वन अर्थ -वन वैल्थ का मन्त्र देकर ही माने ।

हम उम्मीद करते हैं कि मोदी जी कि अमेरिका यात्रा कामयाब हो ताकि हमारे सुरक्षा सलाहकार डोभाल साहब की रक्षा हो सके। हमारे देश के खिलाफ अमेरिका में काम कर रहे समूहों को वहां कि सरकार का समर्थन मिलना बंद हो सके। हम मोदी जी कि कामयाबी चाहते है। वे देश में कामयाब नहीं हो पा रहे तो कम से कम विदेश में तो कामयाब हो जाएँ ,अन्यथा उनके शांतिदूत बनने के सपने का क्या होगा ? वे अभी तक रूस और यूक्रेन का युद्ध तो रुकवाने में कामयाब हो नहीं पाए। बहरहाल मोदी जी ही हैं जो हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनावों के दौरान भाजपा को अकेला छोड़कर अमेरिका चले गए ,कोई दूसरा होता तो शायद बीमारी का बहाना बना लेता ।मोदी जी के सम्बोधन का चीन और पाकिस्तान ही नहीं बल्कि रूस और बाकी की दुनिया पर क्या असर पडेगा, देखना जरूरी है।

# तिरुपति में प्रसादम से खिलवाड़ आस्था पर आघात

> यह मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है, जिसे तिरुपति बालाजी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। मान्यता है कि भगवान वेंकटेश्वर ने लोगों को कलियुग के कष्टों और परेशानियों से बचाने के लिए अवतार लिया था। यहां बालों का दान किया जाता है। मान्यता है कि जो व्यक्ति अपने मन से सभी पाप और बुराइयों को यहां छोड़ जाता है, उसके सभी दुःख देवी लक्ष्मी खत्म कर देती हैं। लेकिन मन्दिर प्रबंधकों एवं प्रसाद निर्माताओं के पापों का क्या हो? बहरहाल, तिरुपति में लड्डुओं का वितरण तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है।

ललित गर्ग

लाखों-करोड़ों हिन्दू श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र तिरुमाला भगवान वेंकटेश्वरस्वामी मंदिर में मिलने वाले लड्डू वाले प्रसाद में घी की जगह जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल की शर्मनाक एवं लज्जाजनक घटना ने न केवल चौंकाया है बल्कि मन्दिर व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। यह मामला जितना सनसनीखेज है, उतना ही आस्था पर आघात करने वाला भी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पहले यह कहा कि तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डुओं को बनाने में ऐसी सामग्री का इस्तेमाल किया जाता था, जिसमें पशुओं की चर्बी मिली रहती थी, फिर उन्होंने गुजरात की एक सरकारी प्रयोगशाला से मिली रपट के आधार यह कहा कि लड्डुओं को बनाने में जिस घी का उपयोग होता था, उसमें सचमुच पशुओं की चर्बी, मछली के तेल आदि का प्रयोग होता था। यह घटना हिन्दू आस्था, पवित्रता एवं मन्दिर संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्ठा एवं एक विडम्बनापूर्ण त्रासदी है। अगर प्रसाद के मिलावटी एवं अपवित्र होने की बात सही है तो इससे अधिक आघातकारी, अनैतिक एवं अधार्मिक और कुछ हो ही नहीं सकता। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रसाद के तौर इन लड्डुओं का वितरण न केवल श्रद्धालुओं के बीच किया गया, बल्कि भगवान को भी भोग के तौर पर यही लड्डू चढ़ाया जाता था। अब इस मामले में केंद्र सरकार एवं प्रांत सरकार के दखल देने मात्र से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता क्योंकि हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ करने वाला यह प्रकरण अक्षम्य अपराध है, जिसकी गहन जांच होनी ही चाहिए, ताकि ऐसे जघन्य कृत्य अन्य मन्दिरों की अस्मिता के धुंधलाने के कारण न बने।

प्रथम दृष्टया मंदिर प्रबंधन प्रसादम से खिलवाड़ का दोषी है। जो मंदिर प्रतिदिन तीन लाख लड्डू बेचकर सालाना 500 करोड़ रुपये तक लाभ कमाता है, वह क्या इतना सक्षम नहीं कि गुणवत्ता जांच के लिए एक किफायत्ती प्रयोगशाला ही बना ले? मंदिर प्रबंधन के पास न तो अपनी जांच सुविधाएं हैं और न वह जांच कराने का इच्छुक था? देश के संपन्नतम मंदिरों में शुमार यह तीर्थ अगर गुणवत्ता, आस्था एवं पवित्रता से समझौता कर रहा है, तो देश के बाकी मंदिरों में क्या हो रहा होगा, सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। मन्दिरों एवं आस्थास्थलों पर दिनोंदिन बढ़ रही श्रद्धालुओं की आस्था एवं भीड़ से आर्थिक लाभ कमाने की मानसिकता न केवल घिनौनी है बल्कि शर्मनाक भी है। मंदिर तो भगवान भरोसे चल रहे हैं, पर मन्दिर-प्रबंधन स्वयं को अर्थपति बनाने में जुटा है, यही कारण है कि मन्दिर को धंधा बना दिया गया है, ऐसे मन्दिर प्रबंधकों, पूजारियों एवं पदाधिकारियों की श्रद्धा न तो भगवान के प्रति है और न भक्तों के प्रति। वे तमाम मंदिर, जो अपने यहां से प्रसाद वितरित करते हैं या बेचते हैं, उन सभी को गुणवत्ता, शुद्धता एवं पवित्रता जांच की व्यवस्था जरूर करनी चाहिए।

एक बड़ा सवाल यह है कि ये कौन लोग हैं, जिन्हें पवित्रता एवं जन-आस्था की परवाह नहीं है। मंदिर ट्रस्ट ने प्रसादम से खिलवाड़ और मिलावट की पुष्टि की है। देश के एक पवित्रम श्रद्धा केंद्र तिरुपति मंदिर का प्रबंधन करने वाली संस्था तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने कहा है कि घी के आपूर्तिकर्ताओं ने मंदिर में गुणवत्ता जांच की सुविधा न होने का फायदा उठाया है। अब सवाल उठता है कि मंदिर प्रबंधन की सफाई या स्वीकारोक्ति को कितनी गंभीरता से लिया जाए? क्या मंदिर प्रबंधन को अपराध की गंभीरता का अंदाजा है? क्या मंदिर प्रबंधन को मंदिर की पवित्रता का अनुमान है? देश एवं दुनिया के सबसे चर्चित आस्थास्थल से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। यह अफसोस की बात है कि मंदिरों में बाहर से चढ़ने वाला प्रसाद तो पहले से ही संदेह के दायरे में रहता है, पर अगर मंदिर की अपनी रसोई में तैयार होने वाले प्रसाद की भी विश्वसनीयता आहत हुई है, तो यकीन मानिए, इंसान फिर किन पर भरोसा करेगा? क्योंकि व्यापार में मिलावट तो चल ही रही है, अब मन्दिरों में यानी भगवान के दरबार में मिलावट से मनुष्यता गहरे रसातल में चली गयी है। मूल्यहीनता एवं अनैतिकता की यह चरम पराकाष्ठा है। गुणवत्ता एवं पवित्रता सुनिश्चित करने वाले अधिकारियों के लिए यह एक गंभीर चुनौती है और इस चुनौती को स्वीकार करते हुए युद्ध स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। इस खुलासे के बाद लोग अपना गुस्सा एवं आक्रोश भी जाहिर कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही 1984 में भी हुआ था जब डालडा में चर्बी मिले होने का मामला सामने आया था, लेकिन वह व्यापार का मामला था, लेकिन तिरुपति प्रसादम में मिलावट का मामला आस्था का है। भूल, अपराध एवं लापरवाही की नब्ज को ठीक-ठीक समझना जरूरी है। भूल सही जा सकती है, लेकिन लापरवाही एवं आपराधिक सोच को सहन नहीं किया जा सकता। दरवाजे पर बैठा पहरेदार भीतर-बाहर आने-जाने वाले लोगों को पहचानने में भूल कर सकता है मगर सपने नहीं देख सकता। लापरवाही एवं अपराधिक मानसिकता विश्वसनीयता एवं पवित्रता को तार-तार कर देती है। बुराइयां जब भी मन पर हावी होती हैं, गलत रास्ते खुलते चले जाते हैं। मन्दिरों पर बुराइयां हावी होना चिन्ताजनक ही नहीं, गंभीर खतरों के संकेत हैं। मन्दिर प्रबंधन को अधिक चुस्त-दुरस्त, पारदर्शी एवं नैतिक बनाने की भी जरूरत है। प्रश्न है कि हिन्दू मन्दिरों में ही ऐसे मामले क्यों सामने आते हैं, क्या मन्दिर प्रबंधन अन्य समुदायों के मन्दिरों या धार्मिक-स्थलों की तरह पवित्र, गुणवत्ता पूर्ण, उच्च चारित्रिक एवं नैतिक देखभाल नहीं कर सकते?

यह मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है, जिसे तिरुपति बालाजी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। मान्यता है कि भगवान वेंकटेश्वर ने लोगों को कलियुग के कष्टों और परेशानियों से बचाने के लिए अवतार लिया था। यहां बालों का दान किया जाता है। मान्यता है कि जो व्यक्ति अपने मन से सभी पाप और बुराइयों को यहां छोड़ जाता है, उसके सभी दुःख देवी लक्ष्मी खत्म कर देती हैं। लेकिन मन्दिर प्रबंधकों एवं प्रसाद निर्माताओं के पापों का क्या हो? बहरहाल, तिरुपति में लड्डुओं का वितरण तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। अशुद्ध मिलावटी आपूर्ति के लिए जिम्मेदार ठेकेदार को काली सूची में डालना और उस पर जुर्माना लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उसे कठोर दण्ड दिया जाना चाहिए। मिलावट विरोधी कानूनों के सबसे कड़े प्रावधान उस पर लागू होने चाहिए और सजा ऐसी मिलनी चाहिए कि मिसाल बन जाए। यह कार्य स्वयं मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को सुनिश्चित करना चाहिए।

# डिजिटल डिवाइस, मैसेजिंग ट्रिगर और युध्द की विभीषिका

ऋतुपर्ण दवे

संचार क्रांति के दौर में चौतरफा और रोजाना नित नई तकनीकों से दुनिया रू-ब-रू हो रही है। मोबाइल, जीपीएस, इण्टरनेट, बिना ड्राइवर की गाड़ियों से लेकर अब कृत्रिम मेधा यानी एआई (आर्टीफीसियल इण्टेलीजेन्स) के युग में 1950 के जमाने में न्यूयॉर्क सेनिकले पेजर, 74 वर्षों के बाद पहली बार और एक साथ सीरियल ब्लास्ट में तब्दील हो जाएंगे, भला किसने सोचा था?रेडियो फ्रिक्वेंसी पर चलने वाले पेजर का क्रेज अब न के बराबर है। लेकिन किसी पकड़ या सुराग के लिहाज से बेहद सुरक्षित पेजर का उपयोग आतंकी गतिविधियों में जरूर थोक में होने लगा। इसमें न जीपीएसहोता है और न ही कोईआईपीएड्रेस, इसलिएलोकेशन ट्रेसका सवाल ही नहीं।इसका नंबर भी बदला जा सकता है। इसीलिए इसका पता लगाना आसान नहीं होता।बसइसी चलते एक बड़ी साजिश को अंजाम देकर बड़े षड़यंत्र के तहत 9/11 जैसी बल्कि उससे भी बहुत बड़े दायरे में लेबनान में हर वो शख्स विस्फोट का शिकार हुआ जो साजिश के पेजर रखे था। लेकिन चिन्ता की बात यह कि मामला पेजर तक नहीं रुका बल्कि रेडियोवॉकी टॉकी जैसेदूसरी कम्युनिकेशन डिवाइस यहां तक कि घरों में लगे सोलर सिस्टम भी फटने की बातेंसामने आईं। धमाकों का शक इजराइल पर जताया जा रहा है।इन विस्फोटों को लेकर पूरी दुनिया हैरान है। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी तनाव और बढ़ गया है।पूरे मिडिल ईस्ट में युद्ध के खतरेकी स्थिति बन चुकी है।वायरलेस उपकरणों में सीरियलविस्फोटों के बाद कई घरों, दुकानों, बाइक और दूसरे वाहनों में भी आग लग गई। एक तरह से पूरा क्षेत्र विस्फोटों की जद में आ गया।वहां अबलोग इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को लेकर डरेहुए हैं।

हर कोई हैरान है कि पेजर जैसा साधारण उपकरण बम में कैसे बदल गया? इसको लेकर पुख्ता तौर पर तो अभी किसी तरह की सच्चाई सामने नहीं है। लेकिन विस्फोट को लेकर तरह-तरह के कयास जरूर हैं। संभावनाओं में पेजर में लगी लीथियम बैटरी शक में है जो अत्याधिक गर्म होने पर फट सकती है। लेकिन इस थ्योरी पर भी ज्यादा भरोसा नहीं है। वहीं दूसरी दमदार संभावना साजिश के पेजरों को बनाते के वक्त ही इनमें विस्फोटक छुपानेकी है जिससे सप्लायर अन्जान हो?यकीनन साजिश बहुत बड़ी रही जिसको लेकर किसी नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। बैटरियों में खराबी या गुणवत्ता की कमींके चलते मोबाइल में विस्फोट तो हो जाते हैं। लेकिन एक तयशुदा वक्त पर रेडियो फ्रिक्वेंसी आधारित छोटे से उपकरण में सीरियल ब्लास्ट का ट्रिगर दबना-दबाना, हैरान कर रहा है। क्या किसी कोडिंग से ऐसा हो पाया? या वजह कुछ और है? ऐसी तमाम बातों की पर्तों को खुलने में वक्त लगेगा। आखिर ऐसी कौन सी रासायनिक श्रृंखला प्रतिक्रिया को अंजाम दिया गया जो अलग-अलग और काफी दूर-दूर तक ट्रिगर में बदल गईं?

हैकर ने ट्रिगरिंग सिग्नल भेजने के लिए कौन सा तरीका अपनाया?फिलाहाल केवल कयास हैं।रेडियो नेटवर्क से संचालित पेजर पर ऐसा कौन सा सिग्नल भेजा गया जो बैटरियां गर्म हुईं और इतनी कि कथित तौर पर साथ रखे घातक विस्फोटक फटे जिन्हें लॉट विशेष में छिपानेकी संभावना कही जा रही है। एक सच जरूर है कि कुछ महीने पहले थोक में खरीदे पेजर ही फटे ऐसे में उनमें खतरनाक ज्वलनशील विस्फोटक को छुपाने की थ्योरीजरूर बनती है। सच के लिए इंतजार करना होगा। लेकिन एक सवाल हर किसी के दिमाग में कौंधनेलगा है कि मोबाइल या दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स कितने सुरक्षित? कभी लिंक क्लिक करने से खाते खाली होना तो कभी हैक हो जाना, कभी क्लोनिंग के जरिए पूरा डेटा चुरा लेने जैसी घटनाओं को लेकर दुनिया भर में सायबर सिक्योरिटी पर न केवल जोर है बल्कि पूरी गंभीरता है। इसी बीच इतना बड़ा डिजिटल अटैक बहुत बड़ीचुनौती है। इस घटना को चाहे जो नाम दें, दो देशों की दुश्मनी या दुनिया में अशांति का जिम्मेदार बताएं लेकिन इसने संचार क्रान्ति के दौर में बड़े दुरुपयोग का बहुत ही बड़ा मैसेज जरूर दे दिया। युध्द की नई तकनीक रूपी पेजर अटैक ने दुनिया भर के कम्युनिकेशन सिस्टम कोबहुत बड़ी चुनौती दे डाली।छोटा सा पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जिसे बीपर भी कहते हैं, इतना खतरनाक..! बेहद हैरानी वाली बात है। अब इसे इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर कहें, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सिग्नल काइस्तेमालया कुछ भी, रेडियो वेव से चलने वाले हजरों पेजर्स फिर वॉकी-टॉकी और सोलर सिस्टममें थोक मेंहुए विस्फोट संचार क्रान्ति के लिए बड़ी चुनौती जरूर हैं। ऐसी घटनाओं की सूचनाएं कब कहां से आने लगे इसका भी डर है।

## एमपी में आर्मी ट्रेन डिरेल करने की साजिशः ट्रैक पर डेटोनेटर बिछाए, कानपुर में फिर ट्रैक पर मिला सिलेंडर

**नई दिल्लीः** देश के 3 राज्यों में ट्रेन पलटने की साजिश की गईं। हालांकि तीनों जगहों पर ही लोको पायलट ने साजिश को नाकाम कर दिया। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में सेना के जवानों को ले जा रही ट्रेन में विस्फोट की कोशिश की गई थी। यह घटना 18 सितंबर की है। रेलवे सूत्रों ने बताया कि बुरहानपुर के नेपानगर में रेलवे ट्रैक पर डेटोनेटर बिछाए गए। हालांकि ट्रेन के पहुंचने से पहले ही कुछ डेटोनेटर फूट गए। इससे रेलवे अधिकारी अलर्ट हो गए और स्टेशन पर ट्रेन रुकवा दी गई। यूपी के कानपुर में प्रेमपुर स्टेशन के पास ट्रैक पर एक छोटा सिलेंडर रखा मिला। JTTN गुड्स ट्रेन के लोको पायलट ने सिलेंडर देखते ही इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को 10 फीट पहले ही रोक लिया। पंजाब के बठिंडा में रेलवे ट्रैक पर सरियों का बंडल रख दिया गया। इसे देखकर मालगाड़ी के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया, जिससे हादसा टल गया। बिहार के मुजफ्फरपुर में शनिवार रात मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेल लाइन के बीच इंजन के कुल 6 चक्के पटरी से उतर गए। घटना शनिवार की रात 8.31 बजे की है। शुरुआती जांच में लोको पायलट और पॉइंट मैन की लापरवाही सामने आई है।

## लेनदेन शुल्क लगा तो 75 प्रतिशत उपयोगकर्ता यूपीआई बंद कर देंगेः सर्वे

**नई दिल्ली (ईएमएस)**। यूपीआई सेवा पर यदि लेनदेन शुल्क लगाया जाता है, तो 75 प्रतिशत उपयोगकर्ता इसका उपयोग करना बंद कर देंगे। हाल ही में जारी किए गए एक सर्वेक्षण में यह निष्कर्ष निकाला गया है। सर्वेक्षण के अनुसार 38 प्रतिशत उपयोगकर्ता अपना 50 प्रतिशत भुगतान लेनदेन डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या किसी अन्य प्रकार के डिजिटल माध्यम के बजाय यूपीआई के जरिये करते हैं। सर्वे कहता है कि सिर्फ 22 प्रतिशत यूपीआई उपयोगकर्ता भुगतान पर लेनदेन शुल्क का बोझ उठाने को तैयार हैं। वहीं 75 प्रतिशत लोगों ने कहा कि अगर लेनदेन शुल्क लगाया जाता है, तो वे यूपीआई का उपयोग करना बंद कर देंगे। यह सर्वे तीन व्यापक क्षेत्रों पर किया गया है। इसमें 308 जिलों से 42,000 प्रतिक्रियाएं मिली हैं। हालांकि प्रत्येक प्रत्येक प्रश्न पर उत्तरों की संख्या अलग-अलग थी। यूपीआई पर लेनदेन शुल्क से संबंधित प्रश्न को लेकर 15,598 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 2023-24 में इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लेन-देन की मात्रा में रिकॉर्ड 57 प्रतिशत और मूल्य में 44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। पहली बार किसी वित्त वर्ष में यूपीआई लेन-देन 100 अरब को पार कर गया है। यह 2023-24 में 131 अरब रहा, जबकि 2022-23 में यह 84 अरब था। रिपोर्ट में कहा गया है कि मूल्य के लिहाज से यह 1,39,100 अरब रुपये से बढ़कर 1,99,890 अरब रुपये पर पहुंच गया है। सर्वे के अनुसार 37 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने मूल्य के लिहाज से अपने कुल भुगतान के 50 प्रतिशत से अधिक के लिए यूपीआई लेन-देन खातों को साझा किया। सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि यूपीआई तेजी से 10 में से चार उपभोक्ताओं के भुगतान का अभिन्न अंग बन रहा है। इसलिए किसी भी तरह का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लेनदेन शुल्क लगाए जाने का कड़ा विरोध हो रहा है। लोकल सर्किल्स इस सर्वेक्षण के निष्कर्षों को वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ आगे बढ़ाएगा, ताकि किसी भी एमडीआर शुल्क की अनुमति देने से पहले यूपीआई उपयोगकर्ता की नब्ज को ध्यान में रखा जा सके। यह सर्वे 15 जुलाई से 20 सितंबर के बीच ऑनलाइन आयोजित किया गया था।

## आप विधायक के खिलाफ एक और केस दर्ज, होटल मैनेजर से मारपीट का आरोप

अहमदाबाद (ईएमएस)| नर्मदा जिले के डेडियापाडा से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक चैतर वसावा के खिलाफ मारपीट का एक और मामला दर्ज किया गया है। इसकी शिकायत होटल मैनेजर शांतिलाल वसावा ने दर्ज कराई है| शिकायत में होटल मालिक की ओर से चैतर वसावा समेत 7 लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है| आरोप है कि चुनाव के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को होटल में ठहराने और बिल का भुगतान नहीं करने पर होटल के प्रबंधक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है| दरअसल भोजन बिल का 1 लाख 28 हजार रुपये बकाया था| जिसे होटल मालिक ने मैनेजर की सैलरी से बिल के पैसे काट लिए| मैनेजर ने चैतर वसावा को बिल का भुगतान करने के लिए फोन किया था| बकाया रकम देना तो दूर चैतर वसावा ने भीड़ के साथ पहुंच गए और मैनेजर की पिटाई कर दी| पुलिस ने मैनेजर की शिकायत के आधार पर चैतर वसावा समेत 7 लोगों के खिलाफ रायोटिंग का केस दर्ज कर जांच शुरू की है| गौरतलब है चैतर वसावा को वनकर्मी की पिटाई के पहले के अपराध में सशर्त जमानत दी गई है। आपराधिक कृत्य का पता चलने पर सशर्त जमानत रद्द की जा सकती है।

## एलओसी पर पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

पुंछ (ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर में पुंछ के मेंढर सेक्टर में लाइन ऑफ कंट्रोल पर निगरानी कर रहे सेना के जवानों ने पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया है। रविवार को पकड़े गए इस घुसपैठिए का नाम हसम शहजाद है। शहजाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के तारिनोत गांव का है। वह मेंढर के कृष्णा घाटी सेक्टर से भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश में था। पेट्रोलिंग टीम को भारतीय क्षेत्र में 100 मीटर अंदर ब्रावो चेक पोस्ट के पास शहजाद छिपा हुआ मिला। शहजाद के पास से 1800 रुपए पाकिस्तानी करंसी, एक पहचान पत्र और दो सिम कार्ड भी मिले। पूछताछ में शहजाद ने बताया कि वह अनजाने में एलओसी पार कर गया था।

## गद्दा फैक्ट्री में भीषण आग लगने से छह मजदूरों की मौत

कानपुर देहात (ईएमएस)। उप्र के कानपुर देहात जिले के औद्योगिक क्षेत्र रनिया में एक गद्दा फैक्ट्री में आग लग गई। आग लगने से छह मजदूरों की मौत हो गई और चार मजदूर घायल हो गए। आग लगने की वजह मशीन का ज्यादा गर्म होना बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक फैक्ट्री में काम करने वाले एक कर्मचारी का कहना है कि फैक्ट्री मालिक को ज्यादा मुनाफा दिवाली में कामना था। जिसके चलते फैक्ट्री में दिन-रात काम किया जा रहा था। मशीनें चौबीस घंटे चल रही थी और हीट होने के कारण मशीन में आग लगी और बड़ा धमका हुआ जिससे ये अग्निकांड हुआ। 11 मजदूरों के फैक्ट्री में होने की बात साफ हुई। लेकिन रेस्क्यू टीम को महज सात मजदूर ही आग में झुलसे मिले थे। वहीं अंदर और भी मजदूरों के फसे होने को लेकर रेस्क्यू किया जा रहा था। आग और धमाके के चलते फैक्ट्री का एक बड़ा हिस्सा छत से जिन पर गिर पड़ा था, जिसमे कुछ मजदूर दब गए थे। लेकिन रात करीब दो बजे तक चले रेस्क्यू में तीन शव और बरामद हुए।

# इस्तीफे पर केजरीवाल बोले- लांछन के साथ नहीं जी सकताःईमानदार लगूं तो वोट देना; भागवत से पूछा- मोदी के लिए 75 साल में रिटायरमेंट क्यों नहीं

**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार (22 सितंबर) को दिल्ली के जंतर-मंतर पर जनसभा की। उन्होंने 2011 में हुए अन्ना आंदोलन और पहली बार चुनाव जीतने की घटना का जिक्र किया। कहा- हम पहली बार में ही ईमानदारी के दम पर सत्ता में आ गए। इस्तीफे पर केजरीवाल ने कहा- सत्ता और कुर्सी का लालची नहीं हूं। भाजपा ने भ्रष्टाचारी और चोर कहा तो दुख हुआ। लांछन के साथ कुर्सी तो क्या सांस भी नहीं ले सकता हूं, जी भी नहीं सकता। अगला दिल्ली चुनाव मेरी अग्नि परीक्षा है, अगर ईमानदार लगूं तो ही वोट देना।

आप संयोजक ने संघ प्रमुख मोहन भागवत से 5 सवाल पूछे। कहा- जब 75 साल में लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और कलराज मिश्र जैसे नेताओं को रिटायर कर दिया तो ये नियम मोदी पर लागू क्यों नहीं। अमित शाह कह रहे हैं कि मोदी पर लागू नहीं होगा। भागवत जी जवाब दीजिए। दिल्ली शराब नीति केस में 13 सितंबर को जमानत पर बाहर आने के बाद केजरीवाल ने 17 सितंबर को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। 21 सितंबर को आतिशी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बन गईं।






### केजरीवाल की स्पीच की 4 बड़ी बातें

### केजरीवाल बोले- ईमानदारी से चुनाव लड़े जा सकते हैं और जीते भी जा सकते हैं

मुझे आज भी याद है। 4 अप्रैल 2011 का दिन था, जब आजाद भारत का भ्रष्टाचार विरोधी सबसे बड़ा आंदोलन यहां जंतर-मंतर से शुरू हुआ था। उस वक्त की सरकार अहंकारी थी। चैलेंज करते थे कि चुनाव जीतकर दिखाओ। हम छोटे थे, चुनाव के लिए पैसा चाहिए था, गुंडे चाहिए थे, आदमी चाहिए थे। हम कैसे लड़ते हमारे पास कुछ नहीं था। हम भी चुनाव लड़ लिए, जनता ने जिता दिया, पहली बार में आम आदमी पार्टी की सरकार बना दी। हमने साबित कर दिया कि ईमानदारी से चुनाव लड़े जा सकते हैं और जीते भी जा सकते हैं।

### पैसे कमाने सत्ता में नहीं आया, हम देश की राजनीति बदलने आए थे

दिल्ली के अंदर 10 साल से ईमानदारी से सरकार चला रहे थे और पैसे बचा रहे थे। षड्यंत्र रचकर इन लोगों ने हमारे एक-एक नेता को जेल में डाल दिया। हम जेल से बाहर आ गए और इसके बाद मैंने इस्तीफा दे दिया। मैंने इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि मैं भ्रष्टाचार करने नहीं आया था, मुझे सीएम पद की, सत्ता की भूख नहीं है। मैं पैसे कमाने नहीं आया था। देश के लिए आए थे, भारत माता के लिए आए थे, देश की राजनीति बदलने आए थे।

### 10 साल में 10 बंगले, 10 प्लॉट हो जाते लेकिन मैंने कुछ नहीं कमाया

केजरीवाल ने कहा- 10 साल में 10 बंगले, 10 प्लॉट हो जाते। मैंने कुछ नहीं कमाया। आज जब मैं घर छोड़ूंगा तो लोगों के फोन आ रहे हैं मेरे पास मेरा घर ले लो। हम पैसा नहीं लेंगे। श्राद्ध खत्म होने के बाद नवरात्रि शुरू होगी तो मैं घर छोड़ दूंगा और आपके पास ही आकर रहूंगा। मैंने मन में सोचा था कि जब तक कोर्ट बरी नहीं कर देती मैं दोबारा कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। वकीलों ने कहा कि 8-10 साल चलेगा केस, तो मैंने तय किया कि जनता की अदालत में जाऊंगा, वो बताएगी कि मैं ईमानदार हूं।

### झाड़ू का बटन दबाने से पहले वोटर भगवान का नाम लेता है

आने वाला चुनाव मामूली नहीं है, ये केजरीवाल की अग्नि परीक्षा है। ईमानदार लगता हूं तो ही वोट देना। ये झाड़ू अब चुनाव चिह्न नहीं है, ये आस्था का प्रतीक है। जब एक आदमी वोट डालने जाता है और झाड़ू का बटन दबाता है तो आंख बंद करके पहले भगवान का नाम लेता है। सोचता है कि ईमानदार सरकार बनाने जा रहा है। आपके बीच आया हूं कि क्या केजरीवाल चोर है या केजरीवाल को जेल भेजने वाले चोर हैं। ये आपको तय करना है।

# श्रीलंका राष्ट्रपति चुनाव में वामपंथी दिसानायके जीतेः 42% वोट मिले, इतिहास में पहली बार दो राउंड की गिनती हुई

**कोलंबोः** श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव में वामपंथी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके को जीत मिल गई है। अलजजीरा के मुताबिक चुनाव आयोग ने उनकी जीत की घोषणा कर दी है। वे कल राष्ट्रपति पद की शपथ ले सकते हैं। वे देश के 10वें राष्ट्रपति होंगे और मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की जगह लेंगे। श्रीलंका में 21 सितंबर को चुनाव हुए थे। श्रीलंका के चुनावी इतिहास में ये पहली बार हुआ जब किसी भी उम्मीदवार को 50% वोट नहीं मिले। इसके बाद दूसरे राउंड की गिनती कराई गई। चुनाव आयोग ने कहा कि दिसानायके और साजिथ प्रेमदासा ने राष्ट्रपति चुनाव में सबसे ज्यादा वोट हासिल किए। इसके बाद इन दोनों उम्मीदवारों में आखिरी मुकाबला हुआ। श्रीलंका की वेबसाइट डेली मिरर के मुताबिक, पहले राउंड में अनुरा दिसानायके को करीब 42.3%, साजिथ प्रेमदासा को 32.8%, रानिल विक्रमसिंघे को 17.3% वोट मिले थे।



### अनुरा भारत विरोध के लिए जाने जाते थे, अब दोस्ती बढ़ाई

अनुरा कुमारा दिसानायके वामपंथी पार्टी जनता विमुक्ति पेरामुना के नेता हैं। उन्होंने नेशनल पीपुल्स पावर गठबंधन की तरफ से राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा। इस गठबंधन को पिछले चुनाव में केवल 3 प्रतिशत वोट मिले थे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, जेवीपी पार्टी भारत विरोध के लिए जानी जाती है। 1980 के दशक में भारत ने श्रीलंका में लिट्टे से निपटने के लिए पीस कीपिंग फोर्स को भेजने का फैसला लिया था। तब जेवीपी ने इसका विरोध किया था।

हाल के कुछ सालों में जेवीपी ने अपना भारत विरोधी रुख बदला है। हालांकि, अनुरा ने चुनाव से पहले भारतीय कंपनी अडाणी के खिलाफ बयान देकर एक नया विवाद शुरू कर दिया। जेवीपी नेता ने वादा किया था कि राष्ट्रपति चुनाव में जीतने के बाद वे श्रीलंका में अडाणी ग्रुप की विंड पावर प्रोजेक्ट को रद्द कर देंगे। अनुरा ने कहा था कि अडाणी प्रोजेक्ट श्रीलंका की ऊर्जा संप्रभुता के लिए खतरा है। अडाणी ग्रुप ने इसी साल श्रीलंकाई सरकार से विंड पॉवर स्टेशन डेवलप करने को लेकर डील की है। इसके लिए कंपनी 442 मिलियन डॉलर निवेश करने वाली है।

### अनुरा भ्रष्टाचार के खिलाफ बयान देकर युवाओं में लोकप्रिय हुए

पिछले 4 साल में अनुरा दिसानायके और एनपीपी की लोकप्रियता में काफी उछाल आया। आर्थिक सुधार और सामाजिक समानता के लिए श्रीलंका के लोगों को एनपीपी से बहुत सारी उम्मीदें हैं, क्योंकि यह पहले कभी भी सत्ता में नहीं रही। इसलिए लोगों को इस पर ज्यादा भरोसा है। अनुरा दिसानायके युवाओं के बीच काफी पॉपुलर हैं। एनपीपी की बढ़ती लोकप्रियता का एक और मुख्य कारण भ्रष्टाचार से लड़ने का वादा भी है। अनुरा अपने हर कैंपन में श्रीलंका को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने का वादा कर रहे हैं। युवाओं को लग रहा है कि देश की आर्थिक स्थिति खराब होने की मुख्य वजह भ्रष्टाचार है। पार्टी ने मजबूत अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर भी काम किया है। चीन और भारत श्रीलंका के दो प्रमुख आर्थिक साझेदार हैं। पार्टी ने दिसंबर 2023 में चीन का दौरा किया और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। इसी तरह, एनपीपी के एक प्रतिनिधिमंडल ने फरवरी 2024 में भारत का दौरा किया और विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सहित वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से मुलाकात की थी।

## शुभंकर सरकार बंगाल कांग्रेस के नए अध्यक्षःअधीर रंजन की जगह चुने गए

**नई दिल्लीः** कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में बड़ा फेरबदल करते हुए शुभंकर सरकार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बना दिया है। फिलहाल वे ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव थे। उनके पास अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और मिजोरम की जिम्मेदारी थी। अब वे अधीर रंजन चौधरी की जगह बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा उदय भानु चिब को इंडियन यूथ कांग्रेस (जेवाईसी) का नया अध्यक्ष बनाया गया है। वे श्रीनिवास बीवी की जगह लेंगे। उदय भानु फिलहाल जेवाईसी के महासचिव के पद पर थे। इससे पहले वे जम्मू-कश्मीर प्रदेश यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष थे।
वहीं कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर में भी दो कार्यकारी अध्यक्षों को अपॉइंट किया है। इनमें एमके भारद्वाज और भानु महाजन का नाम शामिल है।

### कौन हैं बंगाल कांग्रेस के नए अध्यक्ष शुभंकर सरकार

शुभंकर सरकार कांग्रेस से लंबे समय से जुड़े हैं। 2013 से 2018 तक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और ओडिशा राज्य प्रभारी रहे। उन्होंने पार्टी के भीतर भी कई जिम्मेदारियां निभाईं। 30 अगस्त 2024 को वे कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव बने और तीन राज्यों अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और मिजोरम के प्रभारी भी रहे।

### खड़गे ने कहा- अधीर ने बंगाल में कांग्रेस को मजबूती दी

कांग्रेस ने दोनों राज्यों के अपॉइंटमेंट लेटर X पर शेयर किए हैं। बंगाल के नए अध्यक्ष सरकार को पार्टी अध्यक्ष खड़गे ने बाकी सारे दायित्वों से मुक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से काम शुरू करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अब तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे अधीर रंजन चौधरी के कामों की तारीफ भी की। खड़गे ने कहा कि उनके कार्यकाल में प्रदेश में पार्टी मजबूत हुई। बहरामपुर से 5 बार लोकसभा सांसद रहे अधीर रंजन चौधरी लोकसभा चुनाव 2024 में टीएमसी के युसुफ पठान से हार गए थे। इसके बाद उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

# यूपीः योगी सरकार ने शुरू की तैयारी-चित्रकूट होगा पर्यटकों के लिए सबसे पसंदीदा स्थल

वाराणसी और अयोध्या के बाद अब उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रमुख धार्मिक स्थल चित्रकूट में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार करेगी। मुख्यमंत्री योगी के निर्देशों के मुताबिक चित्रकूट मंडल के आध्यात्मिक व पर्यटक स्थलों के विकास पर ध्यान दिया जाएगा। चित्रकूट मंडल के जिलों में भी पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख विकास व निर्माण कार्यों को गति देने की रूपरेखा तय कर ली गई है। परियोजना के तहत चित्रकूट के प्रसिद्ध रामघाट के सौंदर्यीकरण, विकास व चौड़ीकरण की प्रक्रिया को 18.30 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं, चित्रकूट के लालापुर व बांदा में कलिंजर फोर्ट के करीब पर्यटक सुविधा केंद्र, महोबा में सालट फोर्ट के करीब पार्किंग व पर्यटक सुविधाएं बढ़ाने पर भी काम किया जाएगा।

इसके अलावा चित्रकूट के चर स्थित सोमनाथ मंदिर व हमीरपुर के पातालेश्वर मंदिर में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने तथा चित्रकूट में वाल्मीकि आश्रम के करीब म्यूजियम के निर्माण कार्य को भी जल्द पूरा किए जाने पर फोकस किया जा रहा है। इन सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड को सौंपी गई है।



मुख्यमंत्री के निर्देशों के मुताबिक चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के किनारे स्थित रामघाट पर बड़े स्तर पर सौंदर्यीकरण प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इस स्थल पर गोस्वामी तुलसीदास जी को श्रीराम के दर्शन हुए थे। ऐसे में, इस स्थल की आध्यात्मिक व ऐतिहासिक महत्व को संरक्षित करते हुए उसे आधुनिक सविक सुविधाओं से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परियोजना के अंतर्गत रामघाट पर 18.30 करोड़ रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण, चौड़ीकरण संपर्क मार्ग के सुधार व विस्तारीकरण व पर्यटक सुविधाओं के निर्माण व विकास प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इस काम को वर्षा अवधि के अतिरिक्त 2 वर्षों की समयावधि में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चित्रकूट के लालापुर व बांदा में कलिंजर फोर्ट के समीप टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर तथा महोबा में सालट फोर्ट के करीब पार्किंग व पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने पर भी काम किया जाएगा।

लालापुर में होने वाले कामों को 7.01 करोड़ की लागत से जबकि व बांदा में कलिंजर फोर्ट के करीब 3.83 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। इन दोनों कामों मानसून के अतिरिक्त 12 व 9 महीनों की समयावधि में पूरा किया जाएगा। वहीं, महोबा के सालट फोर्ट के करीब पार्किंग व सुविधाओं के विकास को 9 महीने में 3.81 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा।

## अमेरिका संग भारत की मेगा ड्रोन डील, आकाश और समंदर का गार्जियन खरीदेगा भारत

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय अमेरिका के दौरे पर हैं। उन्होंने क्वाड समिट में शिरकत की। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ एक अहम द्विपक्षीय भी की। इस बैठक में दोनों नेताओं ने वैश्विक और रणनीतिक गठबंधन को और मजबूत करने पर बात की। भारत ने अमेरिका से आकाश और समुद्र की सुरक्षा के लिए एमक्यू-9बी गार्जियन ड्रोन खरीदा है, जो कि मेगा डील में शामिल है। खासतौर पर रक्षा सहयोग पर केंद्रित इस बैठक में दोनों नेताओं ने कई अहम समझौतों पर चर्चा की, जो भारत-अमेरिका की शांति और सुरक्षा को मजबूत करेंगे। पीएम मोदी के साथ बैठक में राष्ट्रपति बाइडेन भारत द्वारा द्वारा 31 एमक्यू9बी ड्रोन की खरीदारी के लिए सराहना की। इन एडवांस्ड ड्रोन्स से भारत की इंटेलिजेंस, सर्विलांस, और रिकोनाइसेंस क्षमताओं में वृद्धि होगी। इनमें 16 ड्रोन्स स्काई गार्डियन और सी गार्डियन हैं। इस कदम से भारत के सुरक्षा बलों को धरती, समुद्र और वायु क्षेत्र में मजबूत करने में मदद मिलेगी। दोनों नेताओं ने इंडिया-अमेरिका डिफेंस इंडस्ट्रियल कोऑपरेशन रोडमैप को सराहा। इस रोडमैप के तहत जेट इंजन, गोला-बारूद और ग्राउंड मोबिलिटी सिस्टम जैसे भारी एक्वीपमेंट्स और हथियारों का निर्माण किया जाता है।

## कांग्रेस के गलत निर्णय से लगा था धारा-370 का कलंकः मोहन यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस पर साधा निशाना

**जम्मू (ईएमएस)**। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के सांबा विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी सुरजीत सिंह सलाथिया के समर्थन में मॉडर्न एजुकेशन इंस्टीट्यूट, घगवाल और गुर्हा सलाठिया रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के आजाद होने के बाद कांग्रेस पार्टी के गलत निर्णय के कारण वर्षों तक जम्मू-कश्मीर में धारा 370 का कलंक लगा रहा। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस शिशुपाल की तरह, इस विधानसभा चुनाव में इन दोनों दलों को माफ न करें। इन्हें सबक सिखाने के लिए भाजपा की सरकार बनाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के दस वर्ष के शासनकाल में देश में एक भी दंगा नहीं हुआ। धारा-370 हटाने के समय कई राजनीतिक दल के नेता और देश विरोधी ताकतें कहती थीं कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद देश में खून की नदियां बह जाएंगी, लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के राज में एक भी पत्थर किसी ने नहीं फेंका। जनसभा को भाजपा उम्मीदवार सुरजीत सिंह सलाथिया ने भी संबोधित किया।
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का चुनाव इस बार कई कारणों से बहुत हटकर भी है। यह वह जम्मू-कश्मीर है, जिसको लेकर भाजपा वर्षों से नारा लगाती आई है कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है। मैं उस कश्मीर की जनता को स्वच्छ और स्थायी शासन देने के लिए भाजपा उम्मीदवार को वोट देने की अपील करने आया हूं। आजादी के समय कांग्रेस ने बहुत बड़ी गलती की थी कि जम्मू-कश्मीर और पंजाब के टुकड़े करके। जम्मू-कश्मीर हमारे देश का मुकुटमणि है। कांग्रेस के गलत निर्णय के कारण जम्मू-कश्मीर में धारा 370 और 35ए का कलंक लगा था। यहां के राजपूत रणबाकुरों ने तो इस रियासत के आनंद का 300 साल से झंडा गाड़ रखा था। यह विधानसभा का चुनाव देश विरोधी ताकतों को समाप्त करने का चुनाव है।

# देशभर के रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलानःहरियाणा में महापंचायत के बाद किसानों का फैसला; पंधेर बोले- बीजेपी से बदला लेने का समय आ गया

**कुरुक्षेत्रः** हरियाणा के कुरूक्षेत्र में रविवार को हुई किसानों की महापंचायत में फैसला लिया गया है कि 3 अक्टूबर को पूरे देश में रेल ट्रैक जाम रखा जाएगा। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हरियाणा में पंचायतें कर भाजपा की ओर से किसानों पर किए अत्याचार को याद कराया जाएगा। पंधेर ने कहा कि किसान हरियाणा में भाजपा की हार में हिस्सेदार बनेगा। किसान महापंचायत में सरवन सिंह पंधेर के साथ जगजीत सिंह डल्लेवाल, अमरजीत सिंह मोहड़ी सहित कई किसान नेता शामिल हुए। पिपली गांव में हुई महापंचायत के बाद सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि भाजपा सरकार ने जिस प्रकार के अत्याचार किसानों पर किए हैं, अब हरियाणा में इसका बदला लेने का समय आ गया है। हम पंचायत कर हरियाणा के किसानों को याद दिला रहे हैं कि किस प्रकार से किसानों पर बल का प्रयोग किया गया और किस प्रकार से किसान शुभकरण को शहीद किया गया।



### 2 घंटे के लिए रोकी जाएंगी ट्रेनें

पंधेर ने बताया कि 3 अक्टूबर को भारत भर में 2 घंटे के लिए रेलवे ट्रैक जाम किए जाएंगे। आने वाले समय में किसान आंदोलन को और भी गति दी जाएगी। वहीं, किसान नेता अमरजीत सिंह मोहड़ी ने कहा कि हमारे आंदोलन का उद्देश्य दूसरे राजनीतिक दलों को भी सचेत करना है कि अगर सत्ता में आने के बाद वह किसानों के साथ इस प्रकार का दुर्व्यवहार करेंगे तो किसान एकजुट होकर उनके खिलाफ भी लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं। आने वाले समय में इस आंदोलन को और भी तेज किया जाएगा।

### जींद में भी महापंचायत कर चुके किसान

आज पिपली में हुई किसानों की पंचायत को देखते हुए पुलिस भी अलर्ट पर रही। इससे पहले किसानों ने जींद में भी महापंचायत की थी। किसानों का कहना था कि इस महापंचायत में विभिन्न राज्यों से किसान पहुंचे और दिल्ली की सीमाएं खोलने की मांग सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर मंथन किया।

### किसान नेता की प्रशासन को चेतावनी

महापंचायत से पहले भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के प्रधान अमरजीत सिंह मोहड़ी ने प्रशासन को चेतावनी दी थी कि मंडी किसानों की है और उन्हें किसी प्रकार की परमिशन की जरूरत नहीं। फिर भी अगर प्रशासन उन्हें रोकने की कोशिश करता है तो वह इसके लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जींद में हुई महापंचायत में भी किसानों को रोकने के लिए प्रशासन ने पुख्ता प्रबंध किए थे, लेकिन उसके बाद भी भारी संख्या में किसान महापंचायत में पहुंचे थे।

### हरियाणा के लोगों से किसान नेता ने की अपील

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, 'आज हम हरियाणा के लोगों को याद दिलाने आए हैं कि आप वोट जिसे मर्जी दीजिए लेकिन जब वोट देने जाएं तो इस बात को याद रखना कि हरियाणा में 70,000 अर्धसैनिक फोर्स लगाए गए थे। हमें दिल्ली में जाकर प्रर्दशन करने नहीं दिया गया था। 22 साल के शुभकरण सिंह को गोली मारकर शहीद किया गया था। उसका भी इंसाफ अभी तक नहीं मिला'।
फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर पंजाब के किसान फरवरी-2024 से आंदोलन पर हैं। ऐसे में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार ने हरियाणा और पंजाब के अंबाला के पास शंभू बॉर्डर को बैरिकेड्स लगाकर बंद कर दिया था।

# क्वाड बैठकः सदस्य देशों ने किया अस्थिर और एकतरफा कार्रवाई का विरोध

### उत्तर कोरिया और चीन पर निशाना




वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के गृहनगर डेलावेयर में क्वाड शिखर सम्मेलन में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हुए हैं। क्वाड शिखर सम्मेलन में रूस-यूक्रेन युद्ध, आतंकवाद और चीन को लेकर चर्चा हुई। वहीं क्वाड नेताओं ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि हम आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की निंदा करते हैं।

बयान में कहा गया है कि हम ऐसे आतंकवादी हमलों के अपराधियों के लिए जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम मुंबई, पठानकोट और 26/11 के हमलों की निंदा करते हैं और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद 1267 प्रतिबंध समिति द्वारा उचित रूप से नामित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं। बयान में कहा गया है कि हम एक साथ करीब दो बिलियन लोगों और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के एक तिहाई से ज्यादा का प्रतिनिधित्व करते हैं। हम एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं जो समावेशी और लचीला है। हम वैश्विक सुरक्षा और समृद्धि के लिए गतिशील क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए साथ खड़े हैं। हम किसी भी अस्थिर या एकतरफा कार्रवाई का विरोध करते हैं जो बल या जबरदस्ती से यथास्थिति को बदलने की कोशिश करते हैं। हम क्षेत्र में हाल ही में किए गए अवैध मिसाइल प्रक्षेपणों की निंदा करते हैं जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करते हैं।

क्वाड नेताओं ने कहा कि हम उत्तर कोरिया के अस्थिर करने वाले बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपणों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कई प्रस्तावों का उल्लंघन करते हुए परमाणु हथियारों की निरंतर खोज की निंदा करते हैं। ये प्रक्षेपण अंतर्राष्ट्रीय शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा हैं। हम उत्तर कोरिया से सभी दायित्वों का पालन करने, आगे के उकसावे से बचने और ठोस बातचीत में संलग्न होने का आग्रह करते हैं और सभी देशों से यूएनएससीआरएस को पूरी तरह से लागू करने का आह्वान करते हैं।

### किम जोंग उन की निंदा, यूक्रेन में शांति बहाली पर दिया जोर

क्वाड समिट 2024 अमेरिका में चल रही है, जिसमें अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत शामिल हैं। इस बैठक के बाद क्वाड ने एक संयुक्त बयान जारी किया है, जिसमें उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की निंदा की गई है। साथ ही, रूस का नाम लिए बिना यूक्रेन में शांति बहाल करने की जरुरत पर भी जोर दिया गया है।


क्वाड का यह संयुक्त बयान इस समय खास महत्व माना जा रहा है, जब रूस, ईरान की मदद से यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ रहा हैं। हाल के दिनों में ईरान ने भारत के खिलाफ भी विवादास्पद टिप्पणियां की हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह ख़ामेनेई ने पिछले दिनों कहा था कि भारत उन देशों में शामिल है जहां मुसलमान खराब परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने म्यांमार, गाजा और भारत का उदाहरण देते हुए कहा था कि हम मुसलमानों की पीड़ा से बेख़बर नहीं है।

ऐसे में क्वाड का यह बयान भारत के प्रति एक प्रकार की समर्थन की भावना दर्शाता है। क्वाड नेताओं ने शनिवार को उत्तर कोरिया द्वारा परमाणु हथियारों की खोज और बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण की निंदा की है। उन्होंने कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उत्तर कोरिया नियमित रूप से जापान की सीमा के आसपास बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण करता रहा है, जो क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है। क्वाड के संयुक्त बयान में यह भी कहा गया कि उन्हें उन देशों के बारे में भी चिंता है जो उत्तर कोरिया के साथ सैन्य सहयोग बढ़ा रहे हैं, क्योंकि यह वैश्विक अप्रसार व्यवस्था को कमजोर करता है। इसमें रूस की गतिविधियों पर निशाना साधा गया है, जिसने हाल ही में उत्तर कोरिया के साथ अपने सैन्य संबंधों को बढ़ाया है। क्वाड समिट का यह बयान वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलावों का संकेत देता है और यह दर्शाता है कि कैसे ये चार देश सामूहिक रूप से अपने हितों की रक्षा करने के लिए तैयार हैं।

### जब एक सवाल के जवाब में बाइडेन ने पीएम मोदी की पीठ पर हाथ रखकर कर दिया बड़ा वादा

क्वाड देशों की हुई बैठक में सभी ने एकजुटता के साथ आतंकवाद का विरोध किया और कहा कि हम सब मिलकर आतंकवाद के खिलाफ काम करेंगे। भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान ने यूएनएससी में सुधार की वकालत की। बैठक के दौरान जब चारों राष्ट्राध्यक्ष मीडिया से बात कर रहे थे, तभी एक पत्रकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से पूछा कि क्या क्वाड आगे भी कायम रहेगा तो जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर इशारा किया और उनकी पीठ थपथपाते हुए कहा- बिल्कुल जारी रहेगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस साल क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के अमेरिका के अनुरोध के बाद, भारत 2025 में अगले क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए सहमत हो गया है। जब चारों राष्ट्रप्रमुख मीडिया के सामने थे तो बाइडेन (क्वाड समिट के मौजूदा मेजबान) से पूछा गया कि क्या नवंबर महीने में चुनाव के बाद भी क्वाड कायम रहेगा? बाइडेन ने पीएम मोदी की तरफ इशारा करते हुए हामी भरी।बाइडन ने 'एक्स' पर कहा, " भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी इतिहास में किसी भी समय की तुलना में अधिक मजबूत, घनिष्ठ और अधिक गतिशील है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ जब भी हम बैठते हैं, मैं सहयोग के नए क्षेत्रों को खोजने की हमारी क्षमता से बहुत प्रसन्न होता हूं। आज भी कुछ अलग नहीं था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "एक महत्वपूर्ण यात्रा की विशेष शुरुआत। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ग्रीनविले, डेलावेयर में अपने आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।" डेलावेयर के विलमिंगटन में स्थित बाइडन ने अपने आवास पर मोदी का स्वागत किया और दोनों नेता एक दूसरे से गले मिले। इसके बाद बाइडन मोदी का हाथ पकड़कर उन्हें अपने घर के अंदर लेकर गए।

# भारत और अमेरिका सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर सहमत, मोदी ने बाइडेन को तोहफे में दी चांदी की ट्रेन




वाशिंगटन,(ईएमएस)। पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा ने दोनों के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि भारत अपना अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने को तैयार है। मोदी का विजन वन अर्थ, वन हेल्थ है, और इसी भावना के साथ, भारत रेडियोथेरेपी ट्रीटमेंट और क्षमता निर्माण में सहयोग देने का भी आश्वासन दिया है। इस यात्रा ने न केवल भारत की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति को दर्शाया, बल्कि सांस्कृतिक और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर सहयोग की नई संभावनाओं को भी उजागर किया है। यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग को और गहरा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस यात्रा के दौरान, पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जो बाइडेन को एक अनूठी भेंट 92.5 फीसदी चांदी से बनी एक ट्रेन मॉडल दी। इस मॉडल को महाराष्ट्र के कारीगरों ने तैयार किया है, जो भारतीय रेलवे की समृद्ध विरासत और कला कौशल का अद्भुत उदाहरण है। इस ट्रेन मॉडल में दिल्ली और डेलावेयर को जोड़ने वाले शिलालेखों के साथ-साथ अंग्रेजी और हिंदी में भारतीय रेलवे लिखा गया है। यह न केवल ऐतिहासिक महत्व का प्रतीक है, बल्कि दोनों देशों के बीच की गहरी मित्रता को भी दर्शाता है। यह भेंट भारत की कला और संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का एक प्रयास है। पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान एक और महत्वपूर्ण घटनाक्रम देखने को मिला। राष्ट्रपति बाइडेन ने भारत को 297 प्राचीन वस्तुएं वापस कीं, जिससे 2014 से अब तक भारत को मिली कुल प्राचीन वस्तुओं की संख्या 640 हो गई है। अमेरिका द्वारा लौटाई गई 578 वस्तुएं भारत की सांस्कृतिक विरासत को संजोने में एक महत्वपूर्ण कदम है। 2021 में पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान भी 157 पुरावशेष सौंपे गए थे, जिसमें 12वीं शताब्दी की कांस्य नटराज प्रतिमा भी शामिल थी। क्वाड सम्मेलन के पहले दिन, पीएम मोदी ने क्वाड कैंसर मूनशॉट पहल के तहत सैंपलिंग किट, डिटेक्शन किट और टीकों के लिए 7.5 मिलियन डॉलर के योगदान की भी घोषणा की।


मिलान में फैशन वीक में भाग लेती हुई मॉडल्स।

# फ्रांस ने की भारत को परमाणु पनडुब्बियों के निर्माण में मदद की पेशकश

पेरिस,(ईएमएस)। भारत और फ्रांस ने अपनी रणनीतिक रक्षा साझेदारी को मजबूती देने की दिशा में अहम कदम उठाने की योजना बनाई है। फ्रांस ने भारत को परमाणु पनडुब्बियों के निर्माण में मदद की पेशकश की है, साथ ही 110 किलो-न्यूटन थ्रस्ट विमान इंजन और अंडरवाटर ड्रोन तकनीक के 100 फीसदी ट्रांसफर का भी ऑफर दिया है। ये मुद्दे भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो के राजनयिक सलाहकार के बीच होने वाली रणनीतिक वार्ता में उठाए जाएंगे। बैठक 30 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच पेरिस में होगी।

फ्रांस और भारत के बीच पहले से ही कई क्षेत्रों में सहयोग चल रहा है, जिसमें स्पेस तकनीक अहम है। फ्रांस की पनडुब्बी निर्माण संबंधी पेशकश भारतीय नौसेना की भविष्य की योजनाओं के लिए खास मायने रखती है, जब वह परमाणु हमले वाली पनडुब्बियों के निर्माण पर काम कर रही है। इसके अलावा, फ्रांस ने भारत को हवा, सतह और अंडरवाटर पूर्ण स्पेक्ट्रम स्वायत्त प्रणाली की भी पेशकश की है, जो भारत की खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं को बढ़ाने में मददगार साबित होगी।

डोभाल अपनी पेरिस यात्रा के दौरान सफ्रान इंजन के चेयरमैन रॉस मैकइन्स से मिलकर उनके प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे। सफ्रान ने भारत को उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) प्रोजेक्ट के लिए 110 केएन इंजनों के संयुक्त निर्माण की पेशकश की है। यह इंजन भारत की संप्रभु संपत्ति बनेगा, जिसे वह बिना किसी प्रतिबंध के तीसरे देशों को निर्यात कर सकता है। फ्रांस लंबे समय से भारत का एक विश्वसनीय हथियार आपूर्तिकर्ता रहा है, और यह साझेदारी भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को सुदृढ़ करने में मददगार साबित होगी।

# भारत के भगोड़े उपदेशक को पाकिस्तान ने दिया न्यौता,15 दिन देगा व्याख्यान

इस्लामाबाद(ईएमएस)। कट्टरपंथी इस्लामी उपदेशक और भारतीय भगोड़े जाकिर नाइक को पाकिस्तान से बुलावा आया है। यहां 15 दिन रहेगा और अपने उपदेश देकर लोगों को प्रभावित करने की कोशिश करेगा। वह अक्टूबर महीने में 15 दिन तक पाकिस्तान में रहेगा। वह अक्टूबर में इस्लामाबाद, लाहौर और कराची में व्याख्यान देने के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। भारत से 2016 में भाग गए नाइक पर भारत में नफरत फैलाने, मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के आरोप हैं। बीस सितंबर को जाकिर नाइक आधिकारिक फेसबुक पेज पर पोस्ट की गई है। इसमें जानकारी दी गई है कि नाइक पाकिस्तान सरकार के निमंत्रण पर पाकिस्तान का दौरा कर रहा है। नाइक अभी मलेशिया में रह रहा है और भारत सरकार लगातार उसके प्रत्यार्पण कराने के प्रयास कर रही है। फिलहाल जाकिर नाइक मलेशिया में रहता है और भारत वहां से उसके प्रत्यर्पण की कोशिशें जारी रखे हुए है। हाल ही में नाइक ने सोशल मीडिया पर भारतीय मुसलमानों से वक्फ संशोधन विधेयक को अस्वीकार करने का आह्वान किया था। इसके बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू भी ऐक्शन में आ गए थे। रिजिजू ने उन्हें वक्फ संशोधन विधेयक बहस में हस्तक्षेप करने को लेकर सोशल मीडिया पर चेतावनी दी थी। पाकिस्तान में इस दौरान जाकिर का बेटा फारिक नाइक, जो एक इस्लामी विद्वान भी है, उसके साथ मौजूद रहेगा। वह भी तीनों शहरों में व्याख्यान देगें। जानकारी के मुताबिक कराची का कार्यक्रम मोहम्मद अली जिन्ना के मकबरे के सामने स्थित बाग-ए-कायद में होगा। रिपोर्ट के अनुसार, यह दौरा 5 अक्टूबर को कराची में शुरू होगा और 20 अक्टूबर को इस्लामाबाद में समाप्त होगा।।

# कमला हैरिस ने ट्रम्प को दी चुनौती, वर्तमान स्थिति को लेकर ट्रंप चिंतित

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव जहां डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आमने-सामने हैं। पांच नवंबर को मतदान होना है लेकिन कुछ राज्यों में वोटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। इसी बीच हैरिस ने ट्रंप को दूसरे डिबेट के लिए चुनौती दे दी है। शनिवार को, हैरिस की टीम के कैटलन कोलिन्स ने एक पोस्ट में बताया कि हैरिस अगले डिबेट की चुनौती स्वीकार करती हैं। हैरिस ने इसे रिपोस्ट करते हुए लिखा-मैं 23 अक्टूबर को होने वाले दूसरे राष्ट्रपति डिबेट की चुनौती स्वीकार करती हूं। आशा है कि डोनाल्ड ट्रंप मुझे ज्वाइन करेंगे। ट्रंप से नॉर्थ कैरोलिना में एक चुनावी रैली में जब इस बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि कमला हैरिस के साथ एक और टकराव...एक और बहस के लिए अब बहुत देर हो चुकी है। चुनाव के लिए मतदान पहले से ही शुरू हो चुके हैं। यह टिप्पणी इस बात को दर्शाती है कि ट्रंप वर्तमान चुनावी स्थिति को लेकर चिंतित हैं। 10 सितंबर को पेंसिल्वेनिया के फिलाडेल्फिया में ट्रंप ने अपना दूसरा डिबेट किया था, जो हैरिस का पहला डिबेट था। ट्रंप का पहला डिबेट जो बाइडेन के साथ हुआ था। हैरिस के साथ ट्रंप के पहले डिबेट में उनकी पॉपुलैरिटी रेटिंग में भारी गिरावट आई थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कमला हैरिस उन पर भारी पड़ रही हैं। उस डिबेट को 6 करोड़ 70 लाख से ज्यादा लोगों ने देखा था। उस डिबेट के बाद ट्रंप ने अपने ट्रूथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा था-अब कोई तीसरा डिबेट नहीं होगा जो उनकी रणनीति को स्पष्ट करता है। चुनावी माहौल में दोनों नेताओं के बीच की प्रतिस्पर्धा और डिबेट की तैयारी को लेकर कड़ी दिलचस्पी बनी हुई है।

# हिजबुल्लाह का जवाबी हमला, उत्तरी इजरायल पर दागे ताबड़तोड़ रॉकेट

### -इजरायल ने कई क्षेत्रों में लगाया कर्फ्यू, लोगों के लिए जारी की गाइडलाइन


लेबनान में इजरायली हवाई हमलों के बाद आसमान में उठाता हुआ धूआं।

तेल अवीव,(ईएमएस)। हिजबुल्लाह ने रविवार सुबह इजरायल पर ताबड़तोड़ रॉकेट हमले किए हैं, जो उसके हालिया नुकसान का बदला माना जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक हिजबुल्लाह ने एक ही दिन में 300 से ज्यादा रॉकेट इजरायल पर दागे, जिनमें से 85 रॉकेट केवल आधे घंटे में दागे। हिजबुल्लाह के हमले उत्तरी इजरायल पर केंद्रित थे, जहां कुल 11 प्रमुख हमलों में छह बड़े हमले शामिल थे। ये हमले हाइफा और नहरिया शहर के पास वाले इलाकों में हुए। इजरायली सेना आईडीएफ ने ज्यादातर रॉकेटों को नष्ट कर दिया, लेकिन कुछ रॉकेट उत्तरी इजरायल के कई क्षेत्रों में गिरे हैं। आईडीएफ ने बताया कि रविवार सुबह लेबनान से प्रोजेक्टाइल का आगमन देखा गया। इसके तुरंत बाद इजरायली एयर डिफेंस सक्रिय हो गया और सायरन बजने लगे। कुछ रॉकेटों को विफल कर दिया गया, लेकिन कुछ किर्यत बालिक, त्सुर शालोम और मोरेशेट में गिरे हैं। इस स्थिति को देखते हुए इजरायल ने उत्तरी इजरायल के कुछ क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया है और सभी शिक्षण संस्थान बंद कर दिए गए हैं। होम फ्रंट डिफेंसिव गाइडलाइन में भी बदलाव किया गया है, जिसके तहत रविवार सुबह 6 बजे से सोमवार शाम 6 बजे तक नए निर्देश जारी कर दिए हैं। नए दिशा निर्देशों के मुताबिक खुली जगहों पर केवल 10 लोग ही जमा हो सकते हैं, जबकि बंद स्थानों में 100 के करीब लोग। इसके अलावा समुद्री बीच भी बंद कर दिए गए हैं और लोगों को केवल उन जगहों पर ही जाने की अनुमति है, जो शेल्टर के पास या तय मानकों के मुताबिक बनाए गए ऑफिस हैं। इस स्थिति से अब इजरायल की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है, बल्कि क्षेत्र में तनाव भी बढ़ गया है। दोनों पक्षों के बीच बढ़ते संघर्ष को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय की भी चिंताएं बढ़ गई है और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिशें शुरु कर दी गई हैं। बता दें लेबनान में पेजर ब्लास्ट के बाद से हिजबुल्लाह ने इजराइल पर हमले की धमकी दी थी।

## यूक्रेन के ड्रोनों ने शस्त्रागारों को बनाया निशाना, रुस को हुआ भारी नुकसान

कीव,(ईएमएस)। यूक्रेन के ड्रोन हमले में रूस के एक और शस्त्रागार को भारी नुकसान पहुंचा है। यह शस्त्रागार रूस में सीमा से काफी अंदर मौजूद था । शस्त्रागार में लगी आग से गोला-बारूद, मिसाइल और अन्य हथियारों में विस्फोट से बचाव के लिए नजदीक से गुजर रहे राजमार्ग पर आवागमन रोक दिया गया है। यूक्रेनी सेना ने क्रीमिया और रूस पर हमले के लिए 100 से ज्यादा ड्रोन छोड़े थे। इनमें से ज्यादातर को रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया लेकिन कुछ बच गए ड्रोनों ने रूसी शस्त्रागार को निशाना बनाया। यह शस्त्रागार यूक्रेन सीमा से करीब 500 किलोमीटर दूर स्थित टोरोपेट्स कस्बे में है। यह कस्बा रूस की राजधानी मॉस्को से 380 किलोमीटर दूर है। टेलीग्राम पर पोस्ट फोटो में शस्त्रागार में भीषण आग लगी दिखाई दे रही है। रूस के ही क्रैस्नोदर क्षेत्र में भी एक शस्त्रागार में आग लगने से मिसाइलों के फटने की सूचना है। वहां के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

## पत्नी का दूसरे लोगों से दुष्कर्म करवाने वाले के खिलाफ मुकदमा शुरु, अब कोर्ट देगा सख्त सजा

पेरिस,(ईएमएस)। फ्रांस में एक पति और उसके सहयोग से पत्नी के साथ दुष्कर्म करने वाले दर्जनों लोगों के खिलाफ कोर्ट में मुकदमे शुरू हो गए हैं। महिला को उसका पति नशीली दवाएं देता था और उसके बाद बेहोशी की हालत अन्य लोगों से पत्नी का दुष्कर्म करवाता था। यह सिलसिला करीब दस सालों से चला रहा था। इस मामले में डोमिनिक पेलिकोट और 50 लोगों पर मुकदमा चलाया जा रहा है।

कोर्ट ने उन्हें 20 साल की सजा सुना सकती है। इस मामले ने फ्रांस ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया है। शनिवार को पेलिकोट ने कोर्ट में अपने किए पर पछताते हुए खुद पर लगे आरोपों को स्वीकार कर लिया है। उसके अपराध में शामिल लोगों को भी पता था कि वे क्या कर रहे हैं। वह उन्हें प्रोवेंस स्थित अपने घर में बुलाता था और वहां पर अपनी पत्नी के साथ दुष्कर्म करने के लिए प्रेरित करता था। यह सिलसिला 2011 से 2020 तक चलता रहा। बाद में इस कृत्य का पता चलने पर पत्नी ने उसे तलाक दे दिया। मामले की जांच में पुलिस को पेलिकोट और अन्य लोगों की अपराध में संलिप्तता से संबंधित फोटो और वीडियो मिल गए हैं। इनके आधार पर आरोपितों को कड़ी सजा हो सकती है।

## आइसलैंड में दिखा दुर्लभ भालू, खतरा जान पुलिस ने मार दी गोली

वेस्टफजॉड्र्स,(ईएमएस)। आइसलैंड के एक गांव में दुर्लभ रूप से एक ध्रुवीय भालू नजर आया, जिसे पुलिस ने स्थानीय लोगों के लिए खतरा बताते हुए गोली मारकर उसकी जान ले ली। बता दें कि यह भालू आठ साल में पहली बार नजर आया था। पर्यावरण एजेंसी के परामर्श के बाद 19 सितंबर को उत्तर पश्चिमी आइसलैंड में भालू को मार दिया गया। मीडिया रिपोर्ट में स्थानीय पुलिस ने भालू के बारे में बताया कि यह ऐसा कुछ नहीं है जो हम करना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि भालू एक घर के बहुत पास था। वहां एक बूढ़ी औरत रहती थी। महिला जो उस समय अकेली थी उसने डर की वजह से खुद को घर में बंद कर लिया था क्योंकि भालू उसके कचरे को खंगाल रहा था। उसने मदद के लिए अपनी बेटी से संपर्क किया। पुलिस ने बताया कि वहां रहने वाले अन्य लोग भालू के खतरे को देखते हुए पहले ही इस इलाके को छोड़कर चले गए थे। ओलेर भालू आइसलैंड के मूल निवासी नहीं हैं, वह कभी-कभी बर्फ पर तैरते हुए ग्रीनलैंड से यहां आ जाते हैं। 19 सितंबर को मारा गया भालू 2016 के बाद से आइसलैंड में पहली बार नजर आया था। नौवीं शताब्दी के बाद से इसे केवल 600 बार ही देखा गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि भालू का वजन करीब 150 से 200 किलोग्राम होगा, जिसे आगे के अध्ययन के लिए आइसलैंडिक इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरल हिस्ट्री ले जाया जाएगा। वहां इस पर अध्ययन किया जाएगा।

## संस्कृति पर जी-7 मंत्रियों की बैठक में शामिल हुआ भारत

रोम,(ईएमएस)। भारत ने इटली में संस्कृति पर जी-7 मंत्रियों की बैठक के विशेष सत्र में हिस्सा लिया। संस्कृति मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि मंत्रालय के सचिव अरुणीश चावला के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को इटली के नेपल्स में आयोजित संस्कृति पर जी7 देशों के मंत्रियों की बैठक के विशेष सत्र में शिरकत की। इसमें संयुक्त सचिव लिली पांडेया भी शामिल थी। चावला ने कहा कि संस्कृति हमारे सामूहिक अतीत की एक स्थिर निशानी नहीं, बल्कि विकास के लिए एक गतिशील मुख्य स्रोत के रूप में पहचानने का जरिया है।

## इजराइल ने अल जजीरा आफिस पर मारा छापा, करवाया काम बंद

तेलअवीव,(ईएमएस)। इजराइली सेना ने रविवार तड़के इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में अल जजीरा के आफिस पर छापा मार और वहां मौजूद लोगों को तुरंत काम बंद करने का आदेश दिया। अल जजीरा ने अपने अरबी चैनल पर इजराइली सेना के एक फुटेज का सीधा प्रसारण किया जिसमें सैनिक उसके आफिस को 45 दिन तक बंद रखने का आदेश दे रहे हैं। अल जजीरा गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध का प्रसारण कर रहा है। इजराइल ने पहले भी पूर्वी यरुशलम में अल जजीरा के ऑफिस पर छापा मारा था, और उपकरण जब्त कर लिए थे, इजराइल में उसके प्रसारण पर रोक लगा दी थी आङ्गैर उसकी वेबसाइट्स भी बैन कर दी थी। इजराइली सेना ने अभी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अल जजीरा ने इस कदम की आलोचना की है और वह पड़ोसी देश जॉर्डन के अम्मान से प्रसारण कर रहा है।

## श्रीलंका राष्ट्रपति चुनाव; वोटों की गिनती के बीच देशभर में लगा कर्फ्यू


कोलंबो,(ईएमएस)। श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव के बाद वोटों की गिनती जारी है। इस बीच सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे देश में कर्फ्यू लगा है। पोस्टल वोटिंग के नतीजों में नेशनल पीपुल्स पावर के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके राष्ट्रपति बनने की और अग्रसर हैं। मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मुख्य विपक्षी नेता साजिथ प्रेमदासा पीछे चल रहे हैं। श्रीलंका में 21 सितंबर को सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक 22 चुनावी जिलों में 13,400 से ज्यादा मतदान केंद्रों पर वोट डाले गए। 22 में से सात चुनावी जिलों के पोस्टल वोटों की गिनती हो चुकी है। इसमें दिसानायके को 56फीसदी वोट मिले हैं, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी 19फीसदी वोट हासिल कर पाए हैं। श्रीलंका में 2022 के जनविद्रोह के बाद हुए पहले राष्ट्रपति चुनाव के दौरान शनिवार को करीब 75फीसदी मतदान हुआ था। इससे पहले नवंबर 2019 में राष्ट्रपति चुनाव में 83फीसदी मतदान हुआ था। मतदान के तुरंत बाद पूरे देश में कर्फ्यू लगा दिया गया और मतगणना शुरू कर दी गई। विश्लेषकों का कहना है कि दिसानायके के 50फीसदी से ज्यादा वोटों के अंतर राष्ट्रपति पद जीतने की संभावना है। अनुरा दिसानायके चीन समर्थक माने जाते हैं। अनुरा ने वादा किया है कि राष्ट्रपति बनने के बाद वे अडाणी के प्रोजेक्ट को रद्द कर देंगे।

## आतंकी हमलों और समंदर में साजिश रचने के खिलाफ क्वाड देश, दी चेतावनी

न्यूर्याक (ईएमएस)। अमेरिका में हो रहे क्वाड सम्मेलन में चीन और पाकिस्तान दोनों को एक साथ चेतावनी दे डाली है। क्वाड ने आतंकी हमलों और समंदर में रची जा रही साजिश को लेकर अपने साझा जारी किए गए बयान में चीन और पाकिस्तान दोनों को चेताया है। बता दें कि चीन और पाकिस्तान दोनों क्वाड का हिस्सा नहीं हैं। क्वाड ने साझा बयान में कहा है कि 'हम सीमा पार आतंकवाद सहित सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं।क्वाड ने अपने बयान में आगे कहा, 'हम ऐसे आतंकवादी हमलों के अपराधियों के लिए जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम मुंबई और पठानकोट में 26/11 के हमलों सहित आतंकवादी हमलों की निंदा करते हैं और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद 1267 प्रतिबंध समिति द्वारा उचित रूप से नामित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।' बता दें कि इन पठानकोट और मुंबई हमले में सीधे तौर पर पाकिस्तान का हाथ था। वहीं संदर में बार-बार साजिश कर रहे चीन को भी क्वाड ने चेतावनी दी है। क्वाड ने अपने बयान में कहा कि 'हम पूर्वी और दक्षिण चीन सागर की स्थिति को लेकर गंभीर रूप से चिंतित हैं। हम विवादित विशेषताओं के सैन्यीकरण और साउथ चाइना सी में बलपूर्वक और डराने वाले युद्धाभ्यासों के बारे में अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करना जारी रखते हैं।

# हमारी जीभ का रंग देखकर हमारे स्वास्थ्य के बारे में बहुत कुछ बताया सकता है

**हमारी जबान का सीधा संबंध हमारे पेट से है इसलिए पाचन की गड़बड़ी का परिणाम कई बार हमारे जीभ पर लाल और सफेद छालों के रूप में दिखता है। इसके अलावा ये हार्पीज नाम की गंभीर बीमारी का संकेत भी हो सकता है। जीभ में गहरी रेखाएं दिखना आपकी बढ़ती उम्र की निशानी है। जीभ पर भूरे या काले रेशे देखने में जरूर खराब लगते हैं या ये किसी गंभीर बीमारी का संकेत लग सकते हैं। जीभ पर सफेद रंग की झीनी पर्त आम बात है और ये जीभ के स्वस्थ होने का लक्षण है। ये एक तरह की फफूंद होती है जिसे कैंडिडा कहते हैं और इससे जबान को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। लेकिन अगर ये रंग हल्का पीला हो जाए या इसकी पर्त मोटी हो जाए तो ये यीस्ट इंफेक्शन के लक्षण हैं।**



जिस तरह से जीभ अच्छे स्वाद का पता देती है उसी तरह ये अच्छे स्वास्थ्य का भी पता बता सकती है। हमारी जीभ का रंग देखकर हमारे स्वास्थ्य के बारे में बहुत कुछ बताया सकता है। अलग-अलग बीमारियों के लक्षणों के साथ हमारे जीभ का रंग भी बदलता रहता है। आप भी अपनी जबान का रंग देखकर रोगों के बारे में जानकारी ले सकते हैं।

### सफेद छाले या लाल घाव

अगर जीभ पर सफेद छाले हो गए हैं या गहरे लाल रंग के छोटे-छोटे घाव दिख रहे हैं तो ये पेट की गड़बड़ी का संकेत है। हमारी जबान का सीधा संबंध हमारे पेट से है इसलिए पाचन की गड़बड़ी का परिणाम कई बार हमारे जीभ पर लाल और सफेद छालों के रूप में दिखता है। इसके अलावा ये हार्पीज नाम की गंभीर बीमारी का संकेत भी हो सकता है। इसलिए अगर ये छाले सामान्य उपचार से या अपने से एक सप्ताह तक ठीक नहीं हो रहे हैं तो डॉक्टर से संपर्क करें।

### सफेद पर्त आ जाना

जीभ पर सफेद रंग की झीनी पर्त आम बात है और ये जीभ के स्वस्थ होने का लक्षण है। ये एक तरह की फफूंद होती है जिसे कैंडिडा कहते हैं और इससे जबान को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। लेकिन अगर ये रंग हल्का पीला हो जाए या इसकी पर्त मोटी हो जाए तो ये यीस्ट इंफेक्शन के लक्षण हैं। इसमें कैंडिडा ज्यादा मात्रा में प्रोड्यूस हो जाती है। कई बार एंटीबॉयोटिक दवाओं के ज्यादा इस्तेमाल से भी जबान पर ये पर्त जमने लगती है। असल में एंटीबायोटिक दवाओं से बैक्टीरिया मर जाते हैं लेकिन यीस्ट रह जाते हैं और वो शरीर में बैक्टीरिया की जगह लेने लगते हैं इसलिए ये पर्त जबान पर आ जाती है। कई बार ये रोग प्रतिरोधक प्रणाली की कमजोरी से भी होता है।



### लाल रंग के छाले जैसे उभार

जीभ के नीचे या ऊपर लाल रंग के उभार कैंसर का संकेत हो सकते हैं। इन उभारों की शक्ल जबान पर होने वाले छालों जैसी ही होती है लेकिन ये उनसे थोड़ा बड़े होते हैं। इसके अलावा मुंह से सामान्य छाले ज्यादा से ज्यादा दो सप्ताह में खुद ही ठीक हो जाते हैं। अगर ये छालेनुमा उभार दो सप्ताह तक नहीं ठीक होते तो आपको बिना देरी किये डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। कई बार इन उभारों में आपको दर्द या कोई अन्य समस्या नहीं होती है फिर भी डॉक्टर से संपर्क करें। कई बार कैंसर जैसे गंभीर रोग शुरुआती स्टेज में शारीरिक तकलीफ नहीं देते हैं।

### जीभ का ज्यादा लाल या मुलायम हो जाना

अगर आप की जबान का रंग गहरा लाल( स्ट्रॉबेरी रेड) हो गया है या ये बहुत मुलायम महसूस हो रही है, तो ये शरीर में विटामिन बी12 या आयरन की कमी का संकेत है। ऐसी स्थिति में कई बार गरम लिक्विड पीने या नमक, मिर्च वाला खाना खाने से मुंह में तेज दर्द होता है। वेजिटेरियन लोगों में अक्सर विटामिन बी12 की कमी होती है क्योंकि ये ज्यादातर मांस में पाया जाता है।

### भूरे या काले रेशे

जीभ पर भूरे या काले रेशे देखने में जरूर खराब लगते हैं या ये किसी गंभीर बीमारी का संकेत लग सकते हैं लेकिन डॉक्टरों के अनुसार इसमें कोई चिंता की बात नहीं है। असल में हमारी जीभ पर छोटे-छोटे उभार होते हैं जिन्हें पैपिला कहा जाता है। आमतौर पर ये खाना चबाने या पानी पीने के दौरान टूटते रहते हैं इसलिए हमें पता नहीं चलता है। लेकिन कई बार ये उभार उम्र के साथ बढ़ते जाते हैं। इन्हीं पर बैक्टीरिया जम जाने के कारण जीभ का रंग भूरा या काला दिखने लगता है। इससे शरीर को कोई गंभीर नुक्सान तो नहीं होता लेकिन कई बार इसकी वजह से सांसों से बदबू आने लगती है या खानों का स्वाद कम मिल पाता है। इसे न जमने देने के लिए आपको रोज ब्रश से दांत साफ करने के साथ-साथ टंग क्लीनर से जीभ भी साफ करनी चाहिए।

### सिकुड़न या रेखाएं

जीभ में गहरी रेखाएं दिखना आपकी बढ़ती उम्र की निशानी है। कई बार इन रेखाओं के गड्डों में में खाया जाने वाला पदार्थ भर जाता है और निकल नहीं पाता, जिससे मुंह का इंफेक्शन हो जाता है और कई बार खाने-पीने में भी परेशानी होने लगती है। इससे बचने के लिए आपको पर्याप्त पानी पीना चाहिए और रोज मुंह की अच्छे से सफाई करनी चाहिए।



# मोटापा के लिए ग्रह भी जिम्मेदार

**मोटापे के लिए खानपान के साथ ही ग्रहों को भी जिम्मेदार माना गया है। इसका कारण है कि मोटापे का ग्रहों से भी संबंध बताया जाता है। ऐसे में ज्योतिष के अनुसार ही अग्नि, जल एवं तत्व की राशियों को मोटापा दूर करने के लिए कुछ उपाय करने चाहिए।**

शरीर में मोटापा बढ़ाने के लिए मुख्य रूप से बृहस्पति जिम्मेदार होता है। इसके अलावा चन्द्रमा व्यक्ति को गोल मटोल कर देता है जिनकी कुण्डलियों में बृहस्पति शरीर को प्रभावित करता है, वहाँ मोटापा बढ़ जाता है। जल तत्व की प्रधानता होने पर भी व्यक्ति मोटा और गोल मटोल हो जाता है, इसीलिए जल तत्व प्रधान राशियों के लोग मोटे हो जाते हैं।



### कौन से ग्रह व्यक्ति को दुबला पतला बनाते हैं?

- शनि मुख्य रूप से व्यक्ति को दुबला पतला बनाता है।
- इसके अलावा मंगल और सूर्य भी मोटा नहीं होने देते।
- परन्तु शनि प्रधान व्यक्ति आम तौर पर दुबला बना रहता है।
- जबकि मंगल और सूर्य वाले कभी कभी मोटे हो जाते हैं।
- शुक्र या बुध की प्रधानता होने पर व्यक्ति का व्यक्तित्व शानदार हो जाता है।
- ऐसे लोग स्मार्ट होते हैं न ज्यादा मोटे न ज्यादा पतले।

### किन किन राशियों पर मोटापे का क्या असर पड़ता है?

- अग्नि राशियां यानि मेष सिंह और धनु के लोग आम तौर पर मोटे नहीं होते।
- इनका मोटापा अगर बढ़ता भी है तो मध्य आयु के बाद।
- पृथ्वी राशियां यानि वृष कन्या और मकर में या तो शुरू से ही मोटापा होता है या कभी नहीं होता।
- इनके लिए मोटापा अक्सर अन्य बीमारियों का कारण बनता है।
- वायु तत्व की राशियों के लोग, यानि मिथुन तुला और कुम्भ मोटे नहीं होते।
- परन्तु भोजन का शौक अक्सर इनका पेट अलग से निकाल देता है।
- जल तत्व की राशियों. यानि कर्क वृश्चिक और मीन.में मोटापे की प्रवृत्ति होती है।
- जरा सी लापरवाही से तुरंत मोटापा बढ़ने लगता है।

### मोटापे से बचने के क्या उपाय करें?

- नियमित रूप से सूर्य को रोली मिलाकर जल अर्पित करें।
- पद्मासन में बैठने का अभ्यास करें।
- अगर मोटापा तेजी से बढ़ रहा हो तो पीला पुखराज न धारण करें।
- पेट पर नाभि के ऊपर एक लाल धागा बाधें।
- सूर्यास्त के बाद भारी खाना न खाएं।

# अच्छी नौकरी हासिल करने ये तैयारी करें



हर किसी युवा का सपना होता है कि उसे जल्दी से जल्दी अच्छी नौकरी मिल जाए। खास करके अगर उनकी उम्र 20-25 साल हो। कुछ छात्र कॉलेज से निकलने के बाद भी संशय में होते हैं कि उन्हें क्या करना है। अगर आप जल्दी नौकरी करना चाहते हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखें।

### प्रोफाइल बनाएं

सबसे पहले बारी आती है मजबूत प्रोफाइल की और अच्छे प्लेटफॉर्म की।

### अपने रिज्यूमे को अपडेट करें

अगर आप बेहतरीन नौकरी चाहते हैं तो अपने रिज्यूमे को लगातार अपडेट करना न भूलें। पुराना रिज्यूम किसी भी कंपनी को न भेजें। इंटर्नशिप करें: आपके लिए जितनी जल्दी संभव हो, इंटर्नशिप शुरू कर दें। सारे छात्र जानते हैं कि नौकरी पाने के लिए इंटर्नशिप करना कितना जरूरी है लेकिन वे इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। आप चाहें तो कॉलेज की छुट्टियों में इंटर्नशिप कर सकते हैं। हो सकता है कि यह आपको अच्छी नौकरी दिला दें।

### मेंटर जरूर खोजें

हमारे जीवन में कुछ भी अच्छा करने के लिए हमें एक मेंटर की जरूरत होती है। एक ऐसा मेंटर जो आपको अच्छी तरह जानता हो और आप उसे बेहतर जानते हों। ज्यादातर छात्र अपने माता-पिता को ही अपना मेंटर मानते हैं यह एक अच्छी बात है। मगर परिवार से हट कर भी आपका एक मेंटर होना चाहिए जो आपको कुछ नया करने के लिए उत्साहित करे। खासकर के आप जिस क्षेत्र में जाना चाहते हैं, उससे जुड़ा हुआ एक मेंटर जरूर खोजें।



### प्रोफेशनल डेवलपमेंट ग्रुप ज्वॉइन करें

अपने कॉलेज के दिनों से ही पेशेवर ग्रुप को ज्वॉइन करना शुरू कर दें। इसके लिए आप अपने कॉलेज के एल्यूमनाई से भी जुड़ सकते हैं। ऐसा करने से आपको पेशेवरों के बारे में जानकारी मिलेगी। यहीं से आप नेटवर्किंग भी शुरू कर सकते हैं। हो सकता है कि इन्हीं ग्रुप्स में से कोई आपको जॉब की पेशकश कर दे।

### अपडेट रहें

आप जिस क्षेत्र में नौकरी चाहते हैं उसको लेकर अपडेट रहें।

# अकेलापन और अवसाद जल्द मौत के मुंह में ले जा रहा है

परिवार और दोस्तों के बिना जीवन कितना असहाय और कठिन हो जाता है इसकी बानगी दिल्ली के इंडियन एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टिट्यूट, पूसा से रिटायर साइंटिस्ट यशवीर सूद की मौत से मिलती है। यशवीर सूद काफी पढ़े-लिखे थे और पूसा में ही न्यूक्लियर के प्रिंसिपल वैज्ञानिक थे लेकिन वे एकाकी जीवन जी रहे थे और दोस्तों, रिश्तेदारों से मिलना तो उन्होंने वर्षों पहले ही छोड़ दिया था। उनके पिता भी पूसा में ही थे और उन्होंने यहीं अपना जीवन बिताया था। पिता के रिटायर होने के बाद वही स्टाफ क्वाटर उन्होंने अपने नाम से अलॉट करा लिया था। बताया जाता है कि वह यहाँ अपनी बड़ी बहन और छोटे भाई को साथ रहते थे लेकिन एकाकी जीवन जीते-जीते सभी मानसिक रोगों का शिकार हो गये। भाई और बहन तो सशरीर सूद पर ही निर्भर थे। बताया जाता है कि रिटायरमेंट से पहले ही मानसिक रोग ने उन्हें भी घेर लिया था। शायद यही कारण है कि 2015 में रिटायर होने के बाद न उन्होंने कभी पेंशन ली और न ही कोई फंड निकाला था। मानसिक रोगी भाई-बहन के साथ एकाकी जीवन जीते-जीते उन्हें अहसास ही नहीं हुआ कि कब वह मानसिक रोग का शिकार हो गये। रूपया-पेंशन सब कुछ होने के बावजूद वह उसका उपयोग नहीं कर पा रहे थे और तीनों भाई-बहन एक छोटे से कमरे में दयनीय जीवन जी रहे थे। उनकी मौत 8-10 दिनों पहले हो चुकी थी लेकिन भाई-बहन उनके सड़े-गले शव के साथ रह रहे थे।

आसपास के पड़ोसियों को जब घर से तेज बदबू आई तो उन्होंने पुलिस को फोन किया। तब जाकर पता चला कि उनकी मौत तकरीबन एक सप्ताह पहले हो चुकी है। इस घटना का जिक्र समाज में बढ़ रहे तनाव और एकाकीपन के लिए करना जरूरी है। जिंदगी की भागदौड़ में आज आदमी को पास इतना भी समय नहीं कि वह अपने पड़ोसी या रिश्तेदारों का हाल भी जान सके। हमारे यहां मानसिक रोगियों की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है लेकिन सामाजिक तानेबाने में लोग इसे मानसिक बीमारी न मानकर इसे व्यक्ति का व्यवहार मानकर किनारा कर लेते हैं और हाल ही में राजधानी दिल्ली, एनसीआर और मुम्बई में ऐसी कई



घटनाएं सामने आई हैं, जिनसे पता चलता है कि मानसिक रोग और तनाव को लोग अनदेखा करते हैं जिसके परिणामस्वरूप ऐसी घटनाएं सामने आती हैं।

राष्ट्रीय अपराध अनुसंधान संस्थान (एनसीआरबी) के आंकड़ों से पता चलता है कि एक साल में भारत में पैरालिसिस और मानसिक रोगों से प्रभावित 8409 लोगों ने आत्महत्या की। सबसे ज्यादा आत्महत्याएं महाराष्ट्र में (1412) में हुईं। देश में वर्ष 2001 से 2015 के बीच के 15 सालों में कुल 126166 लोगों ने मानसिक-स्नायु रोगों से पीड़ित होकर आत्महत्या की है। पश्चिम बंगाल में 13932, मध्य प्रदेश में 7029, उत्तर प्रदेश में 2210, तमिलनाडु में 8437, महाराष्ट्र में 19601, कर्नाटक में 9554 आत्महत्याएं मानसिक तनाव को कारण हुईं हैं। भारत में 16.92 करोड़ लोग मानसिक, स्नायु विकारों और गंभीर नशे की गिरफ्त में हैं, जबकि जनगणना-2011 के मुताबिक मानसिक रोगों से केवल 22 लाख लोग प्रभावित हैं। यह आंकड़ा भ्रामक है क्योंकि यह केवल परिवार के मुखिया या सदस्य से पूछताछ के आधार पर तैयार किया गया है। परिवार का कोई भी सदस्य परिवार से बाहर किसी को यह बताना नहीं चाहता कि कोई मानसिक विकार है। 99 प्रतिशत मानसिक रोगी उपचार जरूरी नहीं मानते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 2020 तक अवसाद/तनाव विश्व में दूसरा सबसे बड़ा रोग होगा। मानसिक रोगियों की इतनी बढ़ी हुई संख्या का उपचार विकासशील ही नहीं, विकसित देशों की क्षमताओं से भी परे होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एकत्रित किए गए आंकड़ों के अनुसार, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों और मानसिक रोगों की रोकथाम व इलाज के लिए उपलब्ध संसाधनों के बीच एक बड़ी खाई है। ऐसे में मानसिक रोगियों की बढ़ती संख्या भारत ही नहीं, विश्व भर में चिंता का बड़ा विषय है।

लोकसभा में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दिए गए एक जवाब के मुताबिक मानसिक रोगों पर एक सर्वेक्षण किया गया है। यह सर्वेक्षण 1 जून 2015 से 5 अप्रैल 2016 तक चला और इसमें कुल 27,000 प्रतिभागी इसमें शामिल हुए। भारत में मानसिक मुद्दों का समाधान करने के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों की भारी कमी महसूस की गई है। विशेष रूप से जिला और उप जिला स्तर पर इनकी संख्या बेहद कम है। दिसम्बर 2015 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लोकसभा में दिए गए एक उत्तर के अनुसार, देश में कुल 3,800 साइकियाट्रिस्ट, 898 क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, 850 साइकियाट्रिक सोशल वर्कर और 1500 साइकियाट्रिकनर्स हैं। इसका मतलब यह है कि भारत में दस लाख नागरिकों के लिए केवल मनोचिकित्सक उपलब्ध है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के मुताबिक यह संख्या राष्ट्रमंडल देशों के प्रति एक लाख की आबादी पर 5.6 मनोचिकित्सक से 18 गुना कम है। इस आंकड़े के हिसाब से भारत में 66,200 मनोचिकित्सकों की कमी है। इसी तरह वैश्विक औसत के आधार पर 100,000 लोगों पर मनोरोगियों की देखभाल के लिए 21.7 नर्सों की जरूरत के हिसाब से भारत को 269750 नर्सों की जरूरत है। राज्यसभा में 8 अगस्त 2016 को मानसिक स्वास्थ्य देखभाल विधेयक, 2013 ध्वनिमत से पारित किया गया था। नए विधेयक के मुताबिक अब केंद्र मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र से जुड़े केंद्रों के लिए 30 करोड़ रुपये की बजाए प्रति केंद्र 33.70 करोड़ रुपये जारी करेगा।

# भारत ने पहले टेस्ट में बांग्लादेश को 280 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की, अश्विन की रही अहम भूमिका




चेन्नई (ईएमएस)। भारतीय टीम ने यहां के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेल गये पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में बांग्लादेश को 280 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम की जीत में आर अश्विन की अहम भूमिका रही। अश्विन ने जहां पहली पारी में शतक लगाया। वहीं दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर बांग्लादेशी टीम को समेट दिया। भारतीय टीम ने इस मैच में बांग्लादेश को जीत के लिए 515 रनों का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करते हुए बांग्लादेश की पूरी टीम खेल के चौथे दिन ही पहले सत्र में 234 रनों पर ही आउट हो गयी।

इस मैच में अश्विन के शतक से ही भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 376 रन बनाए। वहीं बांग्लादेशी टीम इसके जवाब में 149 रनों पर ही आउट हो गयी। इस प्रकार भारतीय टीम को पहली पारी के आधार पर 227 रनों की विशाल बढ़त मिली। भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 287 रन बनाकर घोषित कर दी। ऐसे में बांग्लादेश की टीम जीत के लिए 515 रनों का मुश्किल लक्ष्य मिला जो वह हासिल नहीं कर पायी।

515 रनों के कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों जाकिर हसन और शादमान इस्लाम ने आक्रामक शुरुआत की। दोनों ने ही भारतीय टीम के तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की गेंदों पर अच्छे शॉट लगाये। टीम ने टी-ब्रेक तक ही बिना विकेट खो 50 से अधिक रन बना लिये पर पर जाकिर हसन 35 और शादमान के 33 रनों पर आउट होने के बाद टीम की बल्लेबाजील बिखर गयी। शादमान के बाद मोमिनुल हक और मुशफिकुर रहीम भी एक के बाद एक आउट हो गये। इसके बाद ये सिलसिल पारी रहा। बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 158 रन से आगे से करते हुए पहले सत्र के अंदर 76 रन जोड़ कर बाकी बचे छह विकेट गंवा दिये। भारतीय टीम की ओर से अश्विन ने छह जबकि रविंद्र जडेजा ने तीन विकेट लिए

वहीं इससे पहले दूसरी पारी में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। यशस्वी जायसवाल और रोहित टीम शुरुआत में ही आउट हो गये। जायसवाल 10 जबकि रोहित 5 रन बनाकर आऊट हो गए। विराट भी 17 रन ही बना पाये। इसके बाद शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने शतकीय पारियां खेलकर भारतीय टीम को संभाला। ऋषभ ने जहां 128 गेंदों पर 13 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 109 रन बनाए जबकि शुभमन ने 176 गेंदों पर 10 चौके और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 119 रन बनाए। वहीं केएल रहुल ने 22 रन बनाये।

### ऋषभ की सफलता से उत्साहित हैं उनके कोच देवेंद्र

भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कार हादसे के बाद पहले ही टेस्ट में शानदार शतक लगाया है। इसमें उनके कोच की सलाह की भी अहम भूमिका रही। कोच देवेंद्र शर्मा ने ऋषभ से कहा था कि अच्छी गेंदों को सम्मान देने के साथ ही सावधानी से बल्लेबाजी करना। इसी सलाह पर अमल कर वह टीम के सबसे अहम खिलाड़ी के तौर पर उभरकर सामने आये हैं।

ऋषभ के कोच देवेंद्र ने कहा कि मैं ऋषभ की सफलता पर बेहद खुश हूं। ये शतक उनके लिए एक अहम है क्योंकि वापसी के बाद यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय शतक है। ऋषभ का यह छठा टेस्ट शतक है। इस पारी से वह पूव कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के एक रिकार्ड की बराबरी पर आ गये। धोनी ने जहां 90 टेस्ट में छह शतक लगाये, वहीं इस बल्लेबाज ने केवल 34 टेस्ट मैचों में ही ये आंकड़ा हासिल कर लिया। ऋषभ छह से ज्यादा बार 90 रन के ऊपर भी आउट हुए हुए हैं। कोच देवेंद्र ने कहा कि गाबा में सीरीज जीतने वाली पारी सभी के लिए अहम रहेगी पर एक कोच के तौर पर मुझे लगाता है कि चेपक मैदान पर खेली पारी भी बेहद अहम है क्योंकि ये कठिन समय में बनी थी।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी को सफलता के लिए आत्मविश्वास की जरुरत होती है और सफेद गेंद की क्रिकेट में आप कितनी भी उपलब्धि हासिल करे, टेस्ट मैचों की आपकी उपलब्धियों को हमेशा ज्यादा वरीयता दी जाती है। साथ ही कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद और जिस तरह से वापसी कर ये पारी खेली गयी है वह गाबा से कम नहीं बल्कि अधिक अहम मानी जाएगी। आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा।

### टेस्ट प्रारुप में शतक से वापसी कर उत्साहित हैं ऋषभ

भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले ही टेस्ट में मिली जीत पर खुशी जतायी है। ऋषभ ने कार हादसे के करीब ड़ेढ साल बाद टेस्ट में वापसी करते हुए इस मैच में शानदार शतक लगाया जिससे वह उत्साहित हैं। साथ ही कहा कि आने वाले समय में उन्हें और अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

ऋषभ ने पहली पारी में 39 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में शानदार शतक लगाया। ऋषभ ने ये दोनो ही पारियां इसलिए भी अहम हैं क्योंकि ये कठिन समय में खेली गयीं थीं।

इस क्रिकेटर ने पहले टेस्ट में जीत के बाद कहा, सबसे पहले तो मुझे चेन्नई में खेलना पसंद है और दूसरी बात ये है कि मैं वापसी के बाद तीनों प्रारूपों में खेलना चाहता था, यह इस प्रारूप में मेरा पहला मैच था और उम्मीद है कि मैं आगे भी बेहतर प्रदर्शन करूंगा। यह भावनात्मक रुप से मेरे लिए अहम था क्योंकि मैं प्रत्येक खेल में रन बनाना चाहता था। साथ ही कहा, टेस्ट क्रिकेट में वापस आना, जहां मैं सबसे अधिक हूं और मैदान पर होना मुझे किसी भी चीज से अधिक खुशी देता है। मुझे नहीं पता कि लोग बाहर क्या कहते हैं, मैंने अपने तरीके से हालात समझे के प्रयास किये हैं। जब टीम शुरुआती विकेट खो दे तो बड़ी साझेदारी की जरुरत होती है और मैंने वही शुभमन के साथ किया।

### विराट का डांस वीडियो सोशल मीडिया पर आया

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में रन बनाने में असफल रहे पर उन्होंने प्रशंसकों का भरपूर मनोरंजन किया। विराट का पहले टेस्ट का एक वीडियो सोशल मीडिया में आया है। इसमें वह नागिन डांस वाले मूव करते हुए नजर आए। उनका यह वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रही है। वहीं इससे पहले उनका एक वीडिया आया था। इसमें वह शाकिब अल हसन के आउट होने के बाद नाच रहे थे। विराट को जो दूसरा वीडिया आया है। इसमें वह फील्डिंग के दौरान बीच मैदान में किसी को नागिन मूव दिखाते नजर आये हैं। कोहली पहले टेस्ट में पहली पारी में 6 रन पर जबकि दूसरी पारी में 17 रन ही बना पाये थे।

दूसरी पारी में विराट को जिस प्रकार गलत तरीके से आउट दिया गया उसपर सवाल भी उठे हैं। उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट दिया गया था। विराट के पास रिव्यू लेने का अवसर था पर वह नहीं ले पाये। इस दौरान रीप्ले में दिखा कि गेंद उनके बल्ले से लगकर फिर पैड पर लगी। कोहली ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था।

## स्पिनरों के खिलाफ पैरों का इस्तेमाल करें और हवाई शॉट खेलने से न डरें

चेन्नई,(ईएमएस)। अपने जमाने के फैश्नेवल क्रिकेटर और भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दौरान स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को नेक सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि स्पिनरों के खिलाफ पैरों का इस्तेमाल करते हुए लंबे हवाई शॉट खेलें। एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुक्रवार को दूसरी पारी के दौरान कोहली स्पिनर मेहदी हसन मिराज की गेंद पर 17 रन बनाकर आउट हो गए थे। शास्त्री का मानना है कि कोहली को स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ अपने पैरों का इस्तेमाल करते हुए हवाई शॉट्स खेलने से हिचकिचाना नहीं चाहिए। रवि शास्त्री ने मैच के दौरान कमेंट्री में ही कहा, कि विराट कोहली पिछले कुछ वर्षों में कई बार स्पिनरों का शिकार हुए हैं, लेकिन उन्होंने कई रन भी बनाए हैं। आप उन्हें पैरों का इस्तेमाल करते हुए देखना चाहेंगे, जैसे कि गेंद की पिच पर जाकर खेलें, या शायद स्वीप शॉट का इस्तेमाल करें। स्पिनरों को परेशान करने के लिए कुछ अलग करने की जरूरत है, बजाय इसके कि उन्हें अपने ऊपर दबाव बनाने दिया जाए। जब उन्होंने बहुत रन बनाए थे, तब उन्होंने ऐसा ही किया था। कोहली, जिन्होंने पहली पारी में केवल छह रन बनाए थे, पिछले दो वर्षों से घरेलू धरती पर टेस्ट क्रिकेट में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कोहली का आखिरी टेस्ट शतक पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में आया था। 2021 से अब तक, उन्होंने एशिया में 23 पारियों में 29.72 की औसत से 654 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं।




चीन ओपन बैडमिंटन के महिला युगल में खेलती हुई खिलाड़ी।

## एक आंख और...दुनिया के धुरंधर गेंदबाजों की खूब पिटाई करता था ये टाइगर



नई दिल्ली (ईएमएस)। क्रिकेट के मैदान पर धाक कई खिलाड़ियों ने जमाई लेकिन मंसूर अली खान पटौदी की बात ही अलग थी। टाइगर के नाम से मशहूर ये भारतीय क्रिकेटर किसी पहचान का मोहताज न तब था न आज है। उनका नाम भारत के बेहतरीन क्रिकेट टेस्ट कप्तानों में शुमार है। महज 21 साल 77 दिन की उम्र में कप्तानी कर उन्होंने सबसे युवा कप्तान होने का गौरव पाया था। हालांकि, कई साल बाद यह रिकॉर्ड टूट गया।

क्रिकेट जगत में टाइगर पटौदी की धाक अलग थी। राजघराने से जुड़ा यह क्रिकेटर मैदान पर जितना फोकस था, उतना मैदान के बाहर खुशमिजाज और जिंदादिल था। मंसूर अली खान को नवाब पटौदी जूनियर के नाम से भी जाना जाता था। हालांकि, एक हादसे में उन्होंने अपनी एक आंख गंवा दी थी। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और एक आंख से भी वे खतरनाक गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा देते थे।

उनका जन्म 5 जनवरी 1941 को हुआ था और अंतिम सांस 22 सितंबर 2011 को ली थी। तब उनकी उम्र 70 साल थी। हम इस खबर में नबाव पटौदी से जुड़े कुछ किस्से बताते है। क्रिकेट के साथ-साथ पटौदी अपनी प्रेम कहानी के लिए भी मशहूर हैं। उन्होंने शर्मिला टैगोर से शादी की थी। मशहूर अभिनेत्री और सेंसर बोर्ड की अध्यक्ष रह चुकीं शर्मिला से उनकी पहली मुलाकात उनके कोलकाता स्थित घर पर तब हुई थी, जब पटौदी अपने एक मित्र के साथ वहां एक कार्यक्रम में गए थे और यहीं से दोनों की लव स्टोरी शुरू हुई थी। 1961 से 1975 के बीच पटौदी ने भारत के लिए 46 टेस्ट मैच खेले। जिसमें उन्होंने 6 शतक और 16 अर्धशतक की मदद से 2,793 रन बनाए। पटौदी 46 में से 40 मैचों में टीम के कप्तान थे। उनकी कप्तानी में 9 जीत, 19 हार और 12 मैच ड्रॉ हुए। 1968 में उनकी कप्तानी में भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ विदेशी जमीन पर अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीती थी।

टाइगर के नाम टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में छठे स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए एक टेस्ट मैच में सबसे अधिक गेंदों का सामना करने का रिकॉर्ड है। उन्होंने नंबर-6 पर बल्लेबाजी करते हुए 554 गेंदों का सामना किया था। टाइगर 1962 में इंडियन क्रिकेटर ऑफ द ईयर व 1968 में विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुने गए। 1969 में उनकी आत्मकथा टाइगर टेल लांच हुई थी। कुछ इस तरह एक आंख से खेलते हुए मंसूर अली खान ने क्रिकेट की दुनिया में काफी नाम कमाया। पटौदी कभी रिकॉर्ड बनाने के लिए नहीं खेलते थे उनका एक ही लक्ष्य था टीम को जीत दिलाना।

## महिला टी20 विश्व कपः यूएई की पिच घरेलू मैदान जैसी, हमें मिलेगा फायदाः मिताली




नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट की पूर्व कप्तान मिताली राज का मानना है कि 3 अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले महिला टी20 विश्व कप में भारत को अन्य टीमों के मुकाबले ज्यादा फायदा होगा क्योंकि यूएई की पिच घरेलू मैदान जैसी ही हैं। आईसीसी ने बांग्लादेश में राजनीतिक अशांति के कारण इसे यूएई के दुबई और शारजाह में कराने का फैसला लिया है।

मिताली ने कहा कि यूएई की परिस्थितियां भी काफी अनुकूल हैं इसलिए हम कह सकते हैं कि हमारी टीम को फायदा मिलेगा लेकिन पूर्व बल्लेबाज ने आत्ममुग्धता से बचने की हिदायत दी क्योंकि हर टीम टूर्नामेंट के लिए पूरी तैयारी कर रही है और मजबूत इरादों के साथ मैदान में उतरेगी। आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय महिला टीम को अभी अपना पहला वैश्विक खिताब जीतना बाकी है।

मिताली ने कहा कि भारतीय महिला टीम ने अभी तक अंडर-19 विश्व कप के अलावा कोई आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैं चाहूंगी कि टीम अच्छा खेले क्योंकि जब हम विश्व कप में जाते हैं तो हर किसी की तरह हम भी अपनी टीम को जीतते हुए देखना चाहते हैं। भारतीय महिला टीम अपने अभियान का आगाज 4 अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। भारत को ग्रुप-ए में आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा है।

## यजुरवेंद्र ने डेब्यू टेस्ट में लिए सर्वाधिक कैच, आज तक नहीं तोड़ पाया कोई रिकॉर्ड



नई दिल्ली (ईएमएस)। इंटरनेशनल क्रिकेट में ऐसे कई फील्डर हैं जिन्होंने नामुमकिन कैच या रन आउट करने किसी मैच का रुख बदला दिया हो। इनमें सबसे पहला नाम दक्षिण अफ्रीका के जोंटी रोड्स का आता है जो फील्ड के मास्टर माने जाते हैं, जिन्होंने 1992 के वर्ल्डकप में पाकिस्तान के इंजमाम उल हक को डाइव लगाकर इस अंदाज में रन आउट किया था कि वर्ल्ड क्रिकेट में फील्डिंग के 'पोस्टर बॉय' बन गए थे। यह रोड्स ही थे जिन्होंने सभी टीमों को फील्डिंग को बैटिंग-बॉलिंग की ही तरह गंभीरता से लेने को मजबूर कर दिया।

भारतीय क्रिकेट में भी रोड्स के पहले और बाद में ऐसे कई खिलाड़ी मैदान में अपना जौहर दिखा चुके हैं जो बेहतरीन फील्डर भी थे। इसमें मंसूर अली खान, एकनाथ सोल्कर, मोहम्मद अजहरुद्दीन, मोहम्मद कैफ और सुरेश रैना के नाम कई रिकार्ड दर्ज हैं। भारत की मशहूर 'स्पिन चौकड़ी' की कामयाबी में क्लोज इन फील्डर सोल्कर का अहम योगदान रहा। फील्ड में चीते की तरह चपल सोल्कर ने कई अविश्वसनीय कैच लपके हैं।

भारत के बेहतरीन फील्डर्स की इस फेहरिस्त में एक खिलाड़ी का नाम नदारद है। महज 4 टेस्ट के करियर में इसने दो बड़े रिकॉर्ड बनाए थे। यह क्रिकेटर हैं यजुरवेंद्र सिंह। गुजरात के जूनागढ़ जिले के राजपरिवार से ताल्लुक रखने वाले यजुरवेंद्र डेब्यू पारी और डेब्यू टेस्ट में सर्वाधिक कैच लेने का रिकॉर्ड है। जनवरी 1977 में इंग्लैंड के खिलाफ बेंगलुरू में डेब्यू करने वाले यजुरवेंद्र ने मेहमान टीम की पहली पारी में 5 कैच पकड़े थे। इंग्लैंड की दूसरी पारी में भी उन्होंने 2 कैच लपककर डेब्यू टेस्ट में सबसे अधिक कैच लपकने के ऑस्ट्रेलिया के ग्रेग चैपल के रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

यजुरवेंद्र सिंह ने दाएं हाथ से बैटर के अलावा मध्यम गति के बॉलर भी थे. फर्स्ट क्लास क्रिकेट के 78 मैच में 42.30 के औसत से 3765 रन बनाए हैं जिसमें 9 शतक शामिल हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 50 विकेट भी यजुरवेंद्र ने लिए थे। हालांकि उनका टेस्ट करियर महज 4 टेस्ट तक ही सीमित रहा जिसमें उन्होंने 18.16 के औसत से 109 रन बनाए हैं। टेस्ट क्रिकेट में अब तक एक दर्जन से अधिक फील्डर, टेस्ट पारी में पांच कैच ले चुके हैं इसमें युजरवेंद्र के अलावा भारत के मोहम्मद अजहरुद्दीन, के श्रीकांत और अजिंक्य रहाणे भी शामिल हैं। हालांकि युजरवेंद्र के अलावा डेब्यू टेस्ट की एक पारी में 5 कैच लेने की उपलब्धि अब तक कोई हासिल नहीं सका है।

ग्रेग चैपल और युजरवेंद्र के बाद श्रीलंका के हसन तिलकरत्ने, न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग, ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन और भारत के केएल राहुल भी टेस्ट में 7 कैच दोनों पारियों में मिलाकर ले चुके हैं। इस रिकॉर्ड को अगस्त 2015 में श्रीलंका के खिलाफ गॉल टेस्ट में 8 कैच लपककर पीछे छोड़ा था। श्रीलंका की पहली पारी में रहाणे ने 3 और दूसरी पारी में 5 कैच लपके थे। टेस्ट में सर्वाधिक कैच का रिकॉर्ड भले ही रहाणे के नाम है लेकिन डेब्यू टेस्ट में सर्वाधिक कैच युजरवेंद्र ने ही पकड़े हैं।

## ऋषभ को टीम में बरकरार रखेगी दिल्ली कैपिटल्स

नई दिल्ली (ईएमएस)। आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान बने रहेंगे। दिल्ली कैपिटल्स का प्रबंधन ऋषभ को रिटने करेगा। इससे पहले अटकलें लगायी जा रही थीं कि कैपिटल्स इस साल के अंत में होने वाली मेगा नीलामी से पहले अपने कप्तान को रिलीज कर सकती है। वहीं अब कहा जा रहा है कि ऋषभ ही प्रबंधकों की पहली पसंद बने हुए हैं। ऐसे में इस क्रिकेटर और टीम प्रबंधन के बीच रिटेंशन फीस को लेकर मतभेद की अफवाहों पर भी अंकुश लग गया है। ऋषभ को अभी 16 करोड़ रुपए मिलते हैं, जो और बढ़ने की भी उम्मीद है। जिस प्रकार से इस क्रिकेटर ने कार हादसे के बाद वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। उससे उनकी मांग और बढ़ी है। टी20 विश्व में शानदार प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में भी ऋषभ ने जिस प्रकार से शतक लगाया है। उससे फ्रेंचाइजी मालिक खुश हैं। इस क्रिकेटर ने साल 2024 में दिल्ली की कप्तानी की थी।

वहीं कहा जा रहा है कि अगर बीसीसीआई पांच रिटेंशन की अनुमति देता है तो अक्षर पटेल और कुलदीप यादव को भी बरकरार रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त विदेशी खिलाड़ियों की सूची में जेक फ्रेजर-मैकगर्क और ट्रिस्टन स्टब्स को भी बनाये रखने की उम्मीद है। छठे रिटेंशन के विकल्प के तौर पर विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिषेक पोरेल को भी शामिल किया जाएगा।

## पंजाब किंग्स से जुड़े रिकी पोंटिंग..... दिल्ली कैपिटल्स में रहना एक मुद्दा बन गया

नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के मुख्य कोच के रूप में नियुक्ति होते ही दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) से जुड़े अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि उनके लिए दिल्ली कैपिटल्स में रहना एक मुद्दा बन गया था, क्योंकि फ्रेंचाइजी की इच्छा की थी कि वह पूरी तरह से मुख्य कोच के रूप में कार्य करें। पोंटिंग ने बताया कि आईपीएल 2025 से पंजाब किंग्स का नया मुख्य कोच बनना उनके लिए एक नया अवसर है, खासकर तब जब दिल्ली कैपिटल्स के साथ उनका सात साल का कार्यकाल हाल ही में समाप्त हुआ है। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि हमने दिल्ली में एक अच्छा पारिवारिक माहौल बनाया था। लेकिन फ्रेंचाइजी चाहती थी कि मैं पूर्णकालिक मुख्य कोच के रूप में कार्य करूं, जो मैं नहीं कर सका। इस कारण से मुझे निराशा हुई कि दिल्ली कैपिटल्स के साथ मेरा रिश्ता खत्म हो गया।

पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2024 सीजन में नौवें स्थान पर रहकर खराब प्रदर्शन किया है और 2014 के बाद से प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी है। अब पोंटिंग के सामने अगली चुनौती खिलाड़ी चयन की होगी, जिसमें आगामी आईपीएल रिटेंशन और बोली प्रक्रिया शामिल है। पोंटिंग का आईपीएल सफर 2008 में शुरू हुआ था, वे कोलकाता नाइट राइडर्स में शामिल हुए थे। इसके बाद मुंबई इंडियंस में कप्तानी की और टीम को 2013 में अपना पहला खिताब दिलाया। 2018 में, उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच के रूप में पदभार संभाला और 2019 से 2021 तक लगातार तीन प्लेऑफ में पहुंचाने में सफल रहे।

## बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में नहीं हुआ बदलाव

चेन्नई (ईएमएस)। बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम घोषित कर दी गयी है। इस मैच के लिए चयनकर्ताओं ने भारतीय टीम में कोई बदलाव नहीं करते हुए उन्हीं खिलाड़ियों को बरकरार रखा है जो पहले टेस्ट में उतरे थे। भारतीय टीम ने जिस प्रकार पहले टेस्ट में शानदार जीत दर्ज की उससे भी चयनसमिति को बदलाव की जरुरत नहीं लगी।

भारतीय टीम ने रविवार को मैच के चौथे दिन की शुरुआती सत्र में ही 280 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। चयनसमित हालांकि दूसरे टेस्ट के बाद होने वाले सीमित ओवरों के मुकाबले के लिए व्यस्त टेस्ट कार्यक्रम को देखते हुए प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और कुछ अन्य खिलाड़ियों को आराम दे सकती है। बीसीसीआई ने कहा, 'पुरुष चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टेस्ट श्रृंखला के दूसरे मैच के लिए वही टीम बरकरार रखी है जो पहले टेस्ट में शामिल थी। दूसरा टेस्ट मैच 27 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा। भारतीय टीम इस सीरीज में 1-0 से आगे है।

दूसरे टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है :

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

## इंग्लैंड के स्पिनर आदिल ने बनाया रिकार्ड

लीड्स (ईएमएस)। स्पिनर आदिल राशिद एकदिवसीय क्रिकेट में 200 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के पहले स्पिनर बन गये हैं। आदिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लीड्स में दूसरे एकदिवसीय मैच के दौरान 42 रन देकर 2 विकेट लिए। इस प्रकार आदिल ने अपने 137 एकदिवसीय मैच में 32.22 की औसत से 201 विकेट लिए हैं। उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन 27 रन देकर 5 विकेट लेना रहा है। उन्होंने इस प्रारुप में 8 बार 4 विकेट और 2 बार 5 विकेट लिए हैं। राशिद एकदिवसीय में इंग्लैंड की ओर से तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, पहले दोनो ही स्थानों पर तेज गेंदबाज गेंदबाज जेम्स एंडरसन 269 विकेट और डैरेन गॉफ 234 विकेट हैं। एंडरसन ने 194 मैचों में अपने 269 विकेट लिए। इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 23 रन देकर पांच विकेट लेना रहा है। वहीं गॉफ ने 158 मैचों में अपने 234 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 44 रन देकर पांच विकेट लेना रहा है।

## मुशफिकुर बांग्लादेश की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

चेन्नई (ईएमएस)। बांग्लादेश के मुशफिकुर रहीम ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट में एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। मुशफिकुर बांग्लादेश की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। मुशफिकुर ने अश्विन के ओवर में 13 रनों की पारी खेलकर ये रिकार्ड बनाया है। इसी के साथ ही इस बल्लेबाज ने सभी प्रारूपों में 464 मैचों में 20 शतकों और 82 अर्द्धशतकों सहित कुल 15,205 रन बना लिए हैं। वहीं इससे पहले पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने 387 मैचों में 25 शतकों और 94 अर्धशतकों सहित कुल 15,192 रन बनाये थे। इसके अलावा अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने 446 मैचों में 14 शतकों और 100 अर्द्धशतकों के साथ 14,701 रन बनाये हैं और वह तीसरे स्थान पर हैं। पहली पारी में मुशफिकुर आठ रन ही बना पाये थे।

## ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को दूसरे एकदिवसीय में हराकर लगातार 14 वां मैच जीता

श्रीलंका की 13 जीत का रिकार्ड भी तोड़ा

लीड्स (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में भी जीत दर्ज कर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले एकदिवसीय मैच में भी 68 रनों से जीत हासिल की थी। इस प्रकार एकदिवसीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया ने अपना लगातार 14 वां मैच जीता है। इसी के साथ ही कंगारुओं ने श्रीलंकाई टीम के लगातार 13 मैच जीतने के रिकार्ड को भी तोड़ दिया।

इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड को जीत के लिए 271 रनों का लक्ष्य दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे अधिक 74 रन एलेक्स कैरी ने बनाए, जबकि कप्तान मिचेल मार्श ने 60 रन बनाये। वहीं मैथ्यू शॉर्ट और ट्रेविस हेड ने 29-29 रन बनाये। इस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई टीम 44.4 ओवरों में ही 270 रनों पर सिमट गयी। वहीं इंग्लैंड के ब्रायडन कार्स ने 3 खिलाड़ियों को पेवेलियन भेजा।

इसके बाद इंग्लैंड की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 202 रन ही बना पायी। इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा 49 रन विकेटकीपर जेमी स्मिथ ने बनाए, जबकि ब्रायडन कार्स ने 26 व आदिल राशिद ने 27 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने 32 रनों का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने 3 जबकि जोश हेजलवुड, आरोन हार्डी और ग्लेन मैक्सवेल ने 2-2 विकेट लिए। एडम जंपा ने भी एक विकेट लिया।

## महिलाओं के उत्थान के लिए हमारी सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है: मंत्री सत्यानंद भोक्ता



कोयलांचल संवाद संवाददाता

प्रतापपुर(चतरा) चतरा विधानसभा के राजद विधायक सह झारखंड के कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने आज जिले के हंटरगंज और प्रतापपुर प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान हंटरगंज प्रखंड के जोरी में जेएसएलपीएस जोरी कलां आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत दीप जलाकर की गई। मौके पर महिला समूहों के बीच करीब पैंतीस लाख रुपये का ऋण वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री भोक्ता ने महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री मैंया सम्मान योजना के माध्यम से सम्मान राशि प्रदान की जा रही है। जेएसएलपीएस से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आ रही हैं। प्रतापपुर प्रखंड के घुड़दौर पंचायत के ग्राम घुड़दौर में आयोजित 11 बुलेट दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का बतौर मुख्य अतिथि विधिवत उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ओरमांझी प्रखंड परिसर में जेंडर रिसोर्स सेंटर का हुआ उद्घाटन, महिलाओं को हिंसा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है:रिजवान अंसारी



ओरमांझी(मोहसीन आलम):ओरमांझी प्रखंड परिसर के रांची कि रौशनी बिल्डिंग में जेंडर रिसोर्स सेंटर खोला गया। उद्घाटन कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख ए देवी,उप प्रमुख रिजवानअंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। यह ओरमांझी प्रखंड का पहला जेंडर रिसोर्स सेंटर है,जिसका संचालन जेएसएलपीएस के माध्यम से संचालित संकुल संगठन के माध्यम से किया जाएगा। इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार को सीधे जेंडर रिसोर्स सेंटर में आवेदन देकर महिलाओं को निजात दिलाने का काम किया जाएगा। साथ ही महिलाओं को स्थाई आवासीय सुविधा भी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर उप प्रमुख रिजवान अंसारी ने कहा कि महिलाओं को हिंसा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है,प्रशासन से सभी प्रकार का सहयोग दिया जाएगा।वहीं बीपीएम नदीम अंसारी ने भी इस संबंध में अपनी बातों को रखा और सभी महिलाओं को शुभकामना दी। और कहा कि जीआरसी के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को सहयोग एवं कानूनी परामर्श के साथ आवासीय सुविधा भी दिया जाएगा।उद्घाटन कार्यक्रम में जिला परिषद के सदस्य सरिता देवी,डी एम आदिबुल सर, जेएसएलपीएस के सीसी, पीआरपी,एफटीसी, सीएलएफ,डीबी, सीआरपी के मेंबर्स सहित अन्य क्लस्टर की दीदी मौजूद थी।

## मिथिला सांस्कृतिक परिषद के रक्तदान शिविर में 137 लोगों ने किया रक्तदान



जमशेदपुर । मिथिला सांस्कृतिक परिषद जमशेदपुर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन विधापति परिसर (गोलमुरी) में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर जमशेदपुर पुर्वी के विधायक माननीय सरयु राय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर के प्रख्यात चर्म रोग विशेषज्ञ डाक्टर ए एन झा तथा सम्मानित अतिथि के रूप में टाटा मुख्य हास्पिटल के विशेषज्ञ न्युरो सर्जन डाक्टर जीवेश मल्लिक उपस्थित थे। दोनो डाक्टरों ने रक्तदान के महत्व एवं इसके उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी तथा यह बताया की आप एक बार रक्तदान कर तीन लोगों की जान बचा सकते हैं। वहीं मुख्य अतिथि विधायक जी ने रक्तदान के संयोजक आकाश मिश्रा, पण्डित बिपीन झा, शिवचंद्र झा एवं अनिल झा को शाल ओढ़ाकर उनको सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने संस्था को रक्तदान शिविर आयोजन करने के लिए बधाई दिया एवं रक्तदाता का मनोबल बढाया। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार झा एवं स्वागत भाषण परिषद के अध्यक्ष मोहन ठाकुर ने दिया। इस अवसर पर आनंद बिहारी दुबे, विजय खॉ तथा शहर एवं मिथिला समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। परिषद के महासचिव धर्मेश कुमार झा ने अपने कार्यकारिणी तथा समस्त रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया।शिविर में कुल 137 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर समस्त कार्यकारिणी सदस्य तथा परिषद के पुर्व अध्यक्ष एवं महासचिव मौजूद थे। कार्यक्रम के अन्त में शिवचंद्र झा ने सभी का धन्यवाद कर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष व मंत्री रामदास सोरेन ने दी आनुषंगिक इकाइयों को 15 दिनों के भीतर समिति का गठन करने का निर्देश

जमशेदपुर। झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्वी सिंहभुम ज़िला अध्यक्ष सह मंत्री रामदास सोरेन की अध्यक्षता में ज़िला के अनुषांगीक ईकाईयों के अध्यक्ष,सचिव एंव कोषाध्यक्ष के साथ जमशेदपुर परिसदन में बैठक हुई। इस अवसर पर अनुषांगीक ईकाईयों के अध्यक्ष ,सचिव को निर्देश दिया गया की 15 दिनों के अन्दर ज़िला समिति प्रखंड समिति एंव पंचायत समिति गठन कर ज़िला अध्यक्ष को सुचित करे। इस बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता बीर सिंह सुरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा ज़िला उपाध्यक्ष सागेण पुर्ती, ज़िला कोषाध्यक्ष कालीपदो गोराई, कार्यालय सचिव प्रीतम हेम्बर्म आदि उपस्थित थे। झारखंड युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ,सचिव, कोषाध्यक्ष, झारखंड महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष,सचिव,कोषाध्यक्ष, झारखंड अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष,सचिव,कोषाध्यक्ष, झारखंड क्रिड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष,सचिव, कोषाध्यक्ष, दलित मोर्चा के जिला अध्यक्ष,सचिव, कोषाध्यक्ष उपस्थित थे।

## परशुराम परिवार की मासिक बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

जमशेदपुर । परशुराम परिवार की मासिक बैठक सीतारामडेरा में डॉ शालीग्राम मिश्रा के आवास पर हुई. जिसमें संगठन के द्वारा 5 सितंबर को आयोजित शिक्षक दिवस सम्मान समारोह की समीक्षा के साथ ही आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई.

# अटल क्लिनिक का उदेश्य वृद्धों को दवा व ईलाज मुहैया कराना : न्यायामूर्ति सुजित नारायण प्रसाद

रांची : झालसा के निर्देश पर, न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में रविवार को अपना घर, ओल्ड-एज-होम, हेसाग में वृद्धजनों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय न्यायामूर्ति सुजित नारायण प्रसाद, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय एवं कार्यिकारी अध्यक्षक, झालसा, रांची, सदस्य सचिव, झालसा कुमारी रंजना अस्थाना, माननीय न्यायायुक्त, रांची श्री दिवाकर पांडे, उपायुक्त रांची, श्री राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्ष, रांची श्री चंदन कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन, रांची श्री प्रभात कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सुरभी सिंह, उप-सचिव, झालसा श्री अभिशेक कुमार, उच्च न्यायालय के प्रोटोकोल ऑफिसर, श्री राकेश रंजन, डालसा सचिव, श्री कमलेश बेहरा, प्रभारी निबंधक, व्यवहार न्यायालय, रांची श्री अशोक कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी, सुश्री एकता सक्सेना व अन्य मौके पर उपस्थित थे।

माननीय न्यायामूति के आगमन के पश्चात सर्वप्रथम 'अटल क्लिनिक' का उदघाटन माननीय न्यायामूर्ति श्री सुजित नारायण प्रसाद के शुभ हाथों से फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर रांची के सिविल सर्जन प्रभात कुमार स्वयं उपस्थित थे।





कार्यक्रम का उदघाटन माननीय न्यायामूर्ति व सभी गणमान्य पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच का संचालन न्यायिक दंडाधिकारी एकता सक्सेना ने किया।

स्वागत भाशण, माननीय न्यायायुक्त, श्री दिवाकर पांडे के द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों को लाभ पहुंचाने के लिए माननीय न्यायामूर्ति के निर्देश पर यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आगे भी इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा ताकी वृद्ध अम्माओं को लाभ मिल सकें। साथ ही साथ अटल क्लिनिक के खुलने के बाद निरंतर अम्माओं का स्वास्थ्य जांच करा उचित ईलाज प्रदान की जायेगी। दौरान इसके उर्सलाईन स्कूल के छात्राओं के द्वारा ... ''आपका हैं स्वागत''... गीत गाकर सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए, सदस्य सचिव, झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम पूरे राज्य में वृद्धजनों को समर्पित है। आज प्रत्येक जिला में झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा वृद्धाआश्रमों में विधिक जागरूकता-सह-मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। माननीय न्यायामूर्ति श्री सुजित नारायण प्रसाद के निर्देश पर पूरे झारखंड राज्य में वृद्धों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर वृद्धों के लिए आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, वृद्धा पेंशन कार्ड आदि बनाया जा रहा है। ताकि इसका लाभ वृद्धजनों को मिल सके। माननीय न्यायामूर्ति के दिशा-निर्देश पर समय-समय पर इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है और आगे भी किया जायेगा। ताकी वृद्ध माताओं और पिताओं को सरकार के द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़ा जा सकें।

माननीय न्यायामूर्ति श्री सुजित नारायण ने कहा कि सभी वृद्ध माता-पिता हमारे अभिभावक हैं। आपलोगों का हक है, लाभा पाना, उस लाभ को पहुंचाने के लिए आपके बच्चे आपके पास आये हैं। जो लोग वृद्ध माताओं व पिताओं का सेवा कर रहें है उनका कार्य सराहनीय है। आगे उन्होंने कहा कि कोई भी माता अपने बच्चे को कोख में 9 माह पालती है और वहीं बच्चा बड़ा होकर अपने माता-पिता को वृद्धाश्रम में छोड़ देते है। यह गलत है।

आगे उन्होंने कहा कि बीमारी वृद्ध होने के बाद शुरू होता है, उस समय दवा व ईलाज की आचवश्यकता होती है। इसी उद्देश्य से 'अटल क्लिनिक' का उदघाटन किया गया है, ताकि वृद्ध माताओं एवं जरूरतमंदों को त्विरत दवा एवं ईलाज मिल सकें। यहां आने का उद्देश्य हमलोगों का आप सभी माताओं से मिलना है, आपकी समस्याओं से रू-ब-रू होकर समस्याओं को दूर करना एवं आपका आशीर्वाद प्राप्त करना है। हमलोग भी आपके बच्चे ही है।

# धर्म के बाद अब जाति पर उतर आई भाजपा : सुप्रियो



**रांची**: झामुमो ने भाजपा पर बड़ा हमला किया है. कहा कि अब भाजपा धर्म, सांपद्रायिकता के बाद जाति पर उतर आई है. भाजपा खुले तौर पर बोल रही है कि हम इस खास जाति के नेता को केंद्र या राज्य में मंत्री बनाएंगे. भाजपा सांप्रदायिकता और धर्म के बाद अब जाति के आधार पर लोगों को बांटना चाह रही है. झारखंड में भाजपा की ओर से नेताओं को जातीय प्रलोभन दिया जा रहा है.आज ये लोग कुरमी को पूछ रहे, कल यादव को पूछेंगे, परसों ब्रह्मण को पूछेंगे. इसी तरह ये लोग राजपूत और कायस्थ को भी एक दिन लुभाएंगे. ये लोग किस समाज की बात कर रहे हैं. कैसे झारखंड को तोड़ना चाहते हैं, इसकी बानगी भाजपा की घोषणा में दिखाई पड़ी है. इनके एक सांसद लोकसभा में खड़े होकर झारखंड से संथाल को अलग करने की बात कह चुके हैं. इसे केंद्र शासित राज्य बनाने की बात कह चुके हैं. लेकिन समय था तो जमशेदपुर के सांसद विद्युत बरन महतो को इन्होंने मंत्री नहीं बनाया, इसी से बीजेपी की कथनी और करनी का पता चलता है. ये बातें झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही. उन्होंने कहा कि यहां जो मूलवासी हैं, आदिवासी हैं, अल्पसंख्यक हैं, वो इनकी बातों में नहीं आने वाले हैं. इस राज्य के जो संस्थापक रहे हैं, बिनोद बिहारी महतो, शहीद निर्मल महतो, शक्तिनाथ महतो, शहीद रघुनाथ महतो, टेकलाल महतो, सुधीर महतो, ये जितने जननेता हैं, जिन्होंने इस राज्य के आंदोलन में महती भूमिका अदा की. इनके समूह को कहा गया कि उनकी वर्ग से नेता को कैबिनेट मंत्री का दर्जा देंगे.

भाजपा का सीधा कहना है कि कुर्मी महतो नेता को कैबिनेट मंत्री का दर्जा देंगे. सोमवार को चुनाव आयोग की टीम यहां आ रही है. इससे पहले भाजपा के खेमे से झारखंड में जातीय ड्राइविंग शुरू हो गयी है. उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग हेमंत सरकार के काम और सकारात्मक निर्णयों से इतना डर गये हैं कि पीआईएल दायर कर दिया है. कहा कि ये लोग महिला सुरक्षा की बात करते हैं, लेकिन मिजोरम और मणिपुर में महिलाओं के साथ किस तरह का बर्ताव हो रहा है, इसे अब बताने की जरूरत नहीं है.

## रिलायबल इंटरप्राइजेज कंपनी ने नप के घोरडिहा में डीहवार देव स्थल को जेसीबी से कराया ध्वस्त,ग्रामीणों में आक्रोश

संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नगर परिषद के घोरडिहा गांव के ग्राम देवता डिहवार बाबा देव स्थल जेसीबी व पोकलेन मशीन लगवाकर ध्वस्त करा दिया गया। यह कारनामा स्थानीय प्रशासन के मदद से रेल विस्तारीकरण का कार्य कर रही कंपनी रिलायबल इंटरप्राइजेज प्रा॰ लिमिटेड द्वारा किया गया है। घटना के बाद से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार गढ़वा रोड से डेहरी ऑन सोन तक रेलवे ट्रैक का विस्तारीकरण हो रहा है। रेल पटरी बिछाने का काम एमबीपीएल कंस्ट्रक्सन कंपनी को मिला था। जिसे उसने पेटी पर रिलायबल इंटरप्राइजेज प्रा॰ लिमिटेड कंपनी को दे दिया है। रेल पटरी घोरडीहा गांव से गुजरने के क्रम में ग्राम देवता डीहवार बाबा देवस्थल बीच में पड़ रहा था। जिसको हटाने को लेकर कंपनी के प्रतिनिधियों,रेल



अधिकारियों,अंचल निरीक्षक और ग्रामीणों के बीच एक बैठक 28 अप्रैल को हुई थी। जिसमे कुछ शर्तों के साथ ग्रामीण डिहवार बाबा को दूसरे स्थान पर स्थांतरित करने को तैयार हुए थे। जिसका एक लिखित समझौता पत्र भी बना था। जिसके तहत परंपरा के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान के बीच डिहवार बाबा को दूसरे जगह स्थान पर स्थांतरित करने पर सहमति बनी। ग्रामीणों ने जब धर्म गुरुओं से इस संबंध में बात की तो धर्म गुरुओं ने बताया कि बरसात बाद अक्तूबर में शारदीय नवरात्रि के समय स्थांतरित किया जायेगा। लेकिन सीओ चंद्रदेव प्रसाद व रेहला पुलिस के साथ कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर राम प्रसाद पोकलेन और जेसीबी मशीन के साथ डीहवार बाबा देव स्थल पहुंचे और इस धार्मिक स्थल को ध्वस्त करा दिया। विरोध में ग्रामीणों ने स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही ग्रामीण कंपनी के साइड ऑफिस के समक्ष भी विरोध प्रदर्शन किया।

## गणेशपुर में मृतक के दोषियों कि गिरफ्तारी क़ो लेकर महापंचायत

### 72 घंटे में कानूनी कार्रवाई की मांग,दोषी की गिरफ्तारी की उठी आवाज

ओरमांझी(मोहसीन आलम): ओरमांझी थाना क्षेत्र के जयडीहा पंचायत के नीलमोहन बेदिया की संदिग्ध मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर रविवार क़ो गणेशपुर गांव में एक महापंचायत का आयोजन किया गया। सभा में दोषियों की गिरफ्तारी के लिए 72 घंटे के अंदर कानूनी कार्रवाई की मांग की। महापंचायत में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, खिजरी के पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र साही, दिलीप कुमार, शशि मेहता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। संजय सेठ ने कहा हम नीलमोहन बेदिया के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं और यह सिर्फ एक व्यक्ति का मामला नहीं, बल्कि पूरे समाज की आवाज़ है। हमने प्रशासन से 72 घंटे के भीतर कानूनी कार्रवाई कर दोषी




की गिरफ्तारी की मांग की है। यदि ऐसा नहीं होता तो इस संघर्ष को और बड़े स्तर पर उठाया जाएगा। खिजरी के पूर्व विधायक राम कुमार पाहन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, यह घटना हमारे समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है। हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलता। प्रशासन को शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई करनी होगी। यह महाग्राम सभा न्याय की लड़ाई में ग्रामीणों की एकजुटता और साहस का प्रतीक बनी। वहीं संजय सेठ मृतक के घर पहुंच कर परिजनों से मिल न्याय का भरोसा दिया,मौके पर ग्रामीणों ने संजय सेठ क़ो दोषियों कि गिफ्तारी क़ो लेकर मांग पत्र सौंपा,इस दौरान मुख्य रूप से सरपंच राम प्रवेश भोक्ता ,पूर्व मुखिया विनोद बेदिया अलखनाथ महतो, राजेश गुप्ता, अजय साहू, राजकिशोर साहू, आनंद महतो, अर्जुन सिंह, अभय कुजूर सहित सभी उपस्थित रहे।

## चतरा में जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा कुल 14 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त हुई सम्पन्न

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतरा:जिले में 21 और 22 सितम्बर को दो दिन झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड सामान्य योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को जिला प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराया गया ।



जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र ने बताया कि 21 सितम्बर शनिवार एवं 22 सितम्बर रविवार को कुल 14 केन्द्रों यथा एसएस प्लस टू हाई स्कूल चतरा, एसएस प्लस टू गर्ल हाई स्कूल चतरा, रामेश्वर लाल खंडेलवाल सरस्वती विद्यामंदिर चतरा, उपेंद्रनाथ वर्मा इंटर कॉलेज चतरा, नजेरथ विद्या निकेतन हाई स्कूल चतरा, इंदुमती टीबरेवाल सरस्वती विद्या मंदिर हाई स्कूल चतरा, चतरा कॉलेज चतरा, आरडीएस इंटर कॉलेज चतरा, नजेरथ विद्या निकेतन मिडिल हाई स्कूल चतरा, पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चतरा, डीएभी पब्लिक स्कूल चतरा, यूपीजी हाई स्कूल आरा चतरा, गंगा स्मारक प्लस टू हाई स्कूल गिद्धौर, मिडिल स्कूल गिद्धौर में 8:30 बजे से 10:30 बजे तृतीय पत्र, द्वितीय पाली में 11:30 बजे से 1:30 बजे द्वितीय पत्र, तृतीय पाली में 3 बजे से 5 बजे तक परीक्षा ली गई। प्रथम पत्र की कुल तीन पाली में परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराया गया । जिसमें 21 सितम्बर को पहले दिन कुल 5148 अभ्यर्थियों को शामिल होना था जिसमें 2487 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए 2661 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए। वहीं दूसरे दिन कुल 5079 अभ्यर्थियों को शामिल होना था जिसमें 2553 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए वहीं 2526 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा के सफल संचालन हेतु दोनों दिन उपायुक्त ने जिले के अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इसके अलावे जिले के वरीय अधिकारियों द्वारा भी प्रश्न पत्र के केन्द्रों तक ले जाने प्रश्न पत्र खोलने, प्रतिनियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट, प्रतिनियुक्त ऑब्जर्वर, प्रतिनियुक्त स्टैटिक पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, गश्ती सह उड़नदस्ता दण्डाधिकारी, गश्ती पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, संबंधित केन्द्राधीक्षक के कार्यो की मॉनिटरिंग की जा रही थी। सभी परीक्षा केन्द्रों में 24 अभ्यर्थियों की संख्या पर एक के अनुपात में सीसीटीवी अधिष्ठापित की गई थी। झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी गाईडलाइन का अक्षरशः अनुपालन कराते हुए परीक्षा सम्पन्न कराया गया।

### अभ्यर्थियों ने क्या कहा

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड सामान्य योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों ने बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा देने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पारदर्शी तरीके से पूरी तैयारी की गई थी और हमलोगों ने शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा दिया। पहले हमलोगों को डर सा बना रहता था कि कहीं पेपर लीक से संबंधित मामला प्रकाश में न आ जाय लेकिन इसके लिए भी परीक्षा के समय अवधि के दौरान राज्य सरकार द्वारा इंटरनेट सुविधाएं बंद की गई। जिससे पेपर लीक से संबंधित मामला या भ्रांतियां रोकने में कहीं न कहीं इस तरह का निर्णय सफल देखा गया।

## पत्थलगड़ा प्रखंड में नुक्कड़ नाटक व संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को किया जा रहा है जागरूक

संजय कुमार राणा



पत्थलगड़ा /चतरा :- प्रखंड में ज्ञान ज्योति समूह कान्हाचटी के द्वारा नुकड़ नाटक के माध्यम से सभी पंचायत के बरवाडीह, नावाडीह, सिंघानी, नॉनगांव, मेराल के अन्य गाँवो में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना,अबुआ स्वास्थ्य योजना, तथा अन्य योजनाओं को लेकर जागरूक किया गया। वही समूह के सुभाष सागर ने बताया कि जिला जनसंपर्क विभाग चतरा के द्वारा ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है जानकारी नहीं होने के कारण कई ग्रामीण इस योजना का लाभ नहीं ले पाते हैं जिसे नुक्कड़ नाटक एवं संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पत्थलगड़ा प्रखंड के सभी गांवो में जाकर नुक्कड़ नाटक व संगीत के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। दर्जनों ग्रामीणों की उपस्थिति में इन कलाकारों के द्वारा सुभाष, बालेश्वर,राकेश विश्वकर्मा, रिया कुमारी, पिंकी कुमारी, रिंकी कुमारी अन्य कलाकारों के द्वारा ग्रामीणों को जागरूक कर रहे है।

# श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के द्वारा 1300 श्रद्धालुओ को प्रसाद वितरण निःशुल्क वितरण किया गया

### अन्नापूर्णा सेवा ही सच्ची ।मानव सेवा माधव सेवा। ।तुम सेवा से पाओगे पार।

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 167 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। आज 168 वाँ निःशुल्क अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण सुशीला अग्रवाल पुत्र अभिषेक और अमित अग्रवाल के सौजन्य से वितरण किया गया।

भंडारे में संस्था के द्वारा सुशीला देवी अग्रवाल ने अपने स्वर्गीय पति की स्मृति मे अपनी पुत्र अभिषेक,अमित अग्रवाल ने आये हुए बच्चों महिलाओ एव पुरूष सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम राँची के प्रभु जी एवं उनकी सेवा करने वाले सेवादार सेवा साथीयों एवं श्रद्धालुओ के बीच पुडी,आलु लाल चना टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव एवम मिठाई मे केसरिया खीर का वितरण किया।



आज संस्था के कार्यक्रम अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने श्री मती सुशीला अग्रवाल पुत्र अभिषेक औरअमित अग्रवाल को अन्नापूर्णा भंडारे का स्मृति चिन्ह एव अंग वस्त्र प्रदान कर अन्नापूर्णा माता और राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान का आशिर्वाद प्राप्त किया।

रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एम॰आर॰ एस॰श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि॰) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है।संस्था के सदस्यो एवम समाज के सेवाभावी धर्म प्रेमीजनो के सौजन्य से अभी तक लगातार 167 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण कर चुके है आज रविवार 22 सितंबर 2024 को 168 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण कर सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के 52 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में आज रविवार दिनांक 22 सितंबर 24 को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर (मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम) के प्रांगण मे संस्था के सदस्य सज्जन पाडिया, विशाल जालान के द्वारा वहाँ के प्रभु प्रेमी ग्रामीणों मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ, प्रभु प्रेमी परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 168 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया।

आज संस्था के सदस्यो ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहा उपस्थित पुजारियों को भोजन खिलाकर दक्षिणा देकर मंदिर परिसर मे आये हुए महिलाओ और पुरूषों श्रद्धालुओ को मनोज पंडित जी ने चंदन का तिलक करके भजन संकीर्तन करा आज के 168 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया।

आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,सज्जन पाडिया, अभिषेक अग्रवाल, अमित अग्रवाल,बिष्णु सोनी, मनीष सोनी,विशाल पाडिया, विशाल जालान, किशोर चौधरी,पवन पौदार(ताउ), विशाल जालान, चन्द्रदिप साहु,धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहु, महेश वर्मा महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या उर्मिला पाडिया, मिनु पाडिया, सुशीला अग्रवाल,प्रतिभा अग्रवाल, पायल अग्रवाल, अमिता जालान, आयोजक परिवार के सभी सदस्य एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मदार।